| | | | |
|---|---|---|---|
| संसेक्स | 71,941.57 ▲ | +1,240.90 | |
| डॉलर | 83.137 ▲ | +0.016 | |

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 25.0 | 12.0 | 17.0 |
| धनबाद | 25.0 | 15.0 | 18.0 |
| जमशेदपुर | 28.0 | 20.0 | 24.0 |
| पलामू | 25.0 | 13.0 | 17.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते





रांची, माघ कृष्ण पक्ष 05, विक्रम संवत 2080 | रांची, मंगलवार, 30 जनवरी 2024, वर्ष-24, अंक- 354, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय गांधी के विचार सदा विश्व में मानव का ... 8



रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित



लाइव सिंगिंग परफॉर्मेंस को लेकर इमोशनल ...12 देश विदेश







## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 59,300

चांदी (1 किलो) 77,500

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 82925 53444 पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

# ED दिल्ली में छापेमारी, सीएम आवास की बढ़ी सुरक्षा

## भाजपा दफ्तर, राजभवन और अन्य संवेदनशील स्थानों पर फोर्स की हुई तैनाती

### बड़गाईं अंचल में जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में और पूछताछ होनी है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ईडी जहां नई दिल्ली में हेमंत सोरेन के आवास पर दबिश दे रही है वहीं रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास सहित कई अन्य स्थानों पर सोमवार को सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी और जगह-जगह अतिरिक्त पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। कांके रोड स्थित हॉट लिप्स चौक के पास सिटी एसपी राजकुमार मेहता, एसडीएम, सिटी डीएसपी, कोतवाली डीएसपी सहित भारी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात हैं। मालूम हो कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 27 जनवरी की शाम आठ बजे चार्टर्ड प्लेन से दिल्ली गए थे, तब से वे वहीं हैं। सोमवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम दिल्ली में शांति निकेतन स्थित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास पर पहुंची। फिलहाल यह साफ नहीं हो पाया है कि वहां ईडी की टीम की सीएम से मुलाकात हुई या नहीं। नई दिल्ली में सीएम के आवास पर ईडी के पहुंचने की खबर जैसे ही सामने आई, रांची में सियासी हलचल बढ़ गई।



### आज की बैठक में शामिल होंगे सीएम हेमंत : अंबा प्रसाद

झामुमो, कांग्रेस और राजद के 33-34 विधायकों की बैठक देर रात तक सीएम हाउस में हुई। बैठक से बाहर निकली बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि मंगलवार को दिन के दो बजे सीएम आवास पर सत्तापक्ष की फिर बैठक होगी। इसमें मुख्यमंत्री मौजूद रहेंगे। बैठक में सत्तारूढ़ की रणनीति पर भी चर्चा हुई। इस दौरान सीएम आवास के बाहर और अंदर बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। राज्य के ब्यूरोक्रेसी के गलियारे में भी हलचल है। भाजपा दफ्तर, राजभवन और अन्य संवेदनशील स्थानों पर फोर्स की तैनाती की गई है। सत्ता पक्ष के तमाम विधायकों को 31 जनवरी तक रांची में रहने को कहा गया है।

### सीएम प्रोटोकॉल तोड़कर चोर-डकैत की तरह फरार : बाबूलाल मरांडी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि ईडी के डर के मारे झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पिछले अठारह घंटे से दिल्ली वाले मुख्यमंत्री आवास से फरार हो कर भूमिगत हो गये हैं। कहा कि मीडिया सूत्रों के मुताबिक देर रात हेमंत हवाई चप्पल पहने हुए चादर से मुंह ढंककर चोर की तरह आवास से पैदल निकल कर भागे हैं। उनके साथ दिल्ली गया स्पेशल ब्रांच का सुरक्षाकर्मी अजय सिंह भी गायब है। इन दोनों का मोबाईल भी बंद है तब से उन्हें ईडी और ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### कल एक बजे सीएम आवास आकर कर लीजिए 'पूछताछ'



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईडी को मेल भेजकर सूचित किया है कि वे 31 जनवरी को दिन के एक बजे सीएम आवास में पूछताछ के लिए उपलब्ध होंगे। सीएम हेमंत सोरेन ने ईडी के असिस्टेंट डायरेक्टर देवव्रत झा को मेल के जरिए भेजे पत्र में कहा है कि आपकी ओर से की जा रही कार्रवाई पॉलिटिकल एजेंडा के तहत राज्य की सरकार के कामकाज को बाधित करने और निर्वाचित जनप्रतिनिधि को उसकी ऑफिशियल ड्यूटी से रोकने की दुर्भावनापूर्ण कोशिश है। सोरेन ने लिखा है कि आप भलीभांति अवगत हैं कि 2 फरवरी से 29 फरवरी के बीच विधानसभा का बजट सत्र आयोजित होना है, जिसकी तैयारी को लेकर उनकी व्यस्तता है। इसके साथ ही उनकी पूर्वनिर्धारित ऑफिशियल व्यस्तताएं हैं। इसके बावजूद 31 जनवरी या उसके पहले उनका बयान दर्ज करने के लिए जोर दिए जाने से आपका पॉलिटिकल एजेंडा उजागर हो गया है। उन्हें समन जारी किया जाना कानून की ओर से दी गई शक्तियों का दुरुपयोग और पूरी तरह उन्हें परेशान करने की कार्रवाई है।

## पटना में ईडी कार्यालय में लालू



**एजेंसी। पटना**

बिहार में सरकार बदलते ही प्रवर्तन निदेशालय हरकत में आ गया और सोमवार को आईआरसीटीसी लैंड फॉर जॉब मामले में लालू प्रसाद से पूछताछ करने राबड़ी देवी के आवास पर पहुंचा। ईडी की टीम इस संबंध में समन ले जा रही है और दावा किया कि उनके पास इस मामले के बारे में ताजा सुराग हैं। लालू प्रसाद ने ईडी के अधिकारियों को पटना स्थित कार्यालय जाने को कहा और वह जल्द ही वहां पहुंचेंगे। जैसे ही ईडी की टीम राबड़ी देवी के आवास से बाहर निकली, लालू प्रसाद अपनी बड़ी बेटी मीसा भारती के साथ उनके पीछे हो लिए। राबड़ी देवी के आवास से पटना स्थित ईडी कार्यालय तक यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में राजद समर्थक जुटे। उन्होंने लालू प्रसाद के समर्थन में और केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाये। ईडी ने इस मामले में नई दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में आरोप पत्र दायर किया है और इसकी सुनवाई 9 फरवरी को होनी है।

## एक नजर

### बिना मेहरम झारखंड से हज पर जाएंगी 9 महिलाएं

**नई दिल्ली।** हज कमेटी ऑफ इंडिया के माध्यम से जाने वाले हज यात्रियों के लिए राजधानी दिल्ली स्थित पंडित दीन दयाल उपाध्याय भवन में कम्प्यूटरीकृत लॉटरी के माध्यम से सोमवार को हज यात्रियों का चयन किया गया। हज यात्रा के लिए 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के क्रमशः 6370 और 5162 बिना मेहरम महिलाओं का बिना लॉटरी के जरिये चयन हुआ। हज कमेटी ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लियाकत अली अफाकी ने बताया कि बिना मेहरम हज पर जाने की इच्छुक महिलाओं झारखंड से 9 आवेदन मिले हैं जबकि सबसे अधिक 3584 आवेदन केरल से मिले।

### 7 फरवरी को उलिहातू आयेंगे राहुल गांधी

**खूंटी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के क्रम में सात फरवरी को भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू आयेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर खूंटी के कांग्रेस नेताओं ने सोमवार को उलिहातू का दौरा किया। भारतीय कांग्रेस कमेटी की टीम में कमेटी के प्रतिनिधि सुशांत मिश्रा, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कालीचरण मुंडा और वरिष्ठ नेता मानस सिन्हा ने उलिहातू में कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया।

## धोनी ने मानहानि के मुकदमे को दिल्ली कोर्ट में दी चुनौती

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दो पूर्व बिजनेस पार्टनर मिहिर दिवाकर और उनकी पत्नी सौम्या दास के मानहानि के मुकदमे का विरोध करते हुए टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेट कप्तान एमएस धोनी ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि याचिका सुनवाई योग्य नहीं है और उन्होंने रांची की एक अदालत में दंपति के खिलाफ मामला दायर किया है। दोनों ने 15 करोड़ रुपये के कथित अवैध लाभ और 2017 के अनुबंध के उल्लंघन के संबंध में कथित मानहानिकारक बयानों के प्रसार को रोकने के उद्देश्य से धोनी के खिलाफ स्थायी निषेधाज्ञा और क्षतिपूर्ति की मांग की है। पिछली बार, अदालत ने अपनी रजिस्ट्री को निर्देश दिया था कि वह धोनी को उनके खिलाफ मानहानि का मामला दायर करने के बारे में सूचित करे, यह देखने के बाद कि उन्हें वादी द्वारा याचिका नहीं दी गई है और उन्हें सूचना जारी करना उचित समझा गया था। यह वाद विभिन्न प्रमुख प्लेटफार्मों जैसे कि एक्स, गूगल, यूट्यूब, मेटा (फेसबुक) और कई समाचार आउटलेट्स के खिलाफ भी है, ताकि वे उनके खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक लेख और पोस्ट हटा सकें। धोनी के वकील ने सोमवार को अदालत को सूचित किया कि उन्हें अभी तक शिकायत की प्रति नहीं मिली है। एक मीडिया हाउस का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील सिद्धांत कुमार ने यह भी तर्क दिया कि याचिका सुनवाई योग्य नहीं है।

## 56 राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव 27 फरवरी को

**नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग ने कहा है कि महाराष्ट्र की छह सीटों सहित 56 राज्यसभा सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव 27 फरवरी को होंगे। जहां राज्यसभा चुनाव होने वाले हैं, उनमें उत्तर प्रदेश (10 सीटें), महाराष्ट्र और बिहार (छह-छह), मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल (पांच-पांच), गुजरात और कर्नाटक (चार-चार), आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा और राजस्थान (तीन-तीन), छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड (एक-एक सीट) शामिल है। अप्रैल की शुरूआत में 56 मौजूदा पदाधिकारियों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद सीटें भरने के लिए चुनाव हो रहे हैं। चुनाव अधिसूचना 8 फरवरी को जारी की जाएगी, नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 15 फरवरी है। जांच 16 फरवरी को होगी और नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 20 फरवरी होगी।

### झारखंड के सभी सरकारी स्कूलों में गूंजी प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा, बोले पीएम मोदी

## बच्चे के रिपोर्ट कार्ड को अपना विजिटिंग कार्ड न मानें

### शिक्षक अपने काम को नौकरी के रूप में न लें छात्रों के जीवन को सशक्त बनाने के साधन के रूप में लें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के 7वें संस्करण के दौरान नई दिल्ली के भारत मंडपम में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत की। प्रधानमंत्री ने परीक्षा के तनाव और घबराहट भरे माहौल को दूर करने के साथ ही बच्चों, अभिभावकों एवं शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। प्रधानमंत्री कहा कि शिक्षकों को अपने काम को केवल नौकरी के रूप में नहीं लेना चाहिए बल्कि उन्हें इसे छात्रों के जीवन को सशक्त बनाने के साधन के रूप में लेना चाहिए। शिक्षक और छात्रों के बीच हमेशा सकारात्मक रिश्ता रहना चाहिए। कुछ माता-पिता अपने बच्चे के रिपोर्ट कार्ड को अपना विजिटिंग कार्ड मानते हैं, यह अच्छा नहीं है। आपको एक बच्चे की तुलना दूसरे से नहीं करनी चाहिए क्योंकि यह उनके भविष्य के लिए हानिकारक हो सकता है। मोदी ने कहा, परीक्षा के तनाव को विद्यार्थियों के साथ-साथ पूरे परिवार और टीचर को मिल कर एड्रेस करना चाहिए। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का राज्य के सरकारी स्कूलों में लाइव प्रसारण किया गया। इसके लिए सभी स्कूलों में लाइव प्रसारण की विशेष व्यवस्था की गयी थी। बच्चों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनकर जीवन में सकारात्मकता और नवीन ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा ली।

### पूजा श्रीवास्तव ने पूछा बेटी की पढ़ाई और सोशल मीडिया कैसे मैनेज करूं

रामगढ़ के गुरुनानक स्कूल में पढ़ाई कर रहे प्रियांशु श्रीवास्तव की मां पूजा श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री से पूछा कि वे अपनी बेटी की पढ़ाई को सोशल मीडिया मंचों जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि के इस्तेमाल के साथ-साथ कैसे मैनेज कर सकती है?

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया और मोबाइल के बढ़ते इस्तेमाल को लेकर कहा कि मोबाइल ही नहीं, बल्कि किसी भी चीज की अति ठीक नहीं होती, किसी का भला नहीं करता। हर चीज के लिए एक मानदंड होना चाहिए, उसका एक आधार होता है। किसी भी चीज का कितना ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया

## नवाचार, स्थिरता और समावेशी विकास से ही आएगी समृद्धि



सुनील बादल

*वैश्विक* गांव में बदल चुकी दुनिया में अब दूरियाँ तेजी से कम हो रही हैं, कृत्रिम मेधा एआई के आने से भाषा का बंधन भी लगभग समाप्ति पर है और आधुनिक उपकरणों का प्रयोग करने वाले लोग इसका भरपूर उपयोग तो कर ही रहे हैं मोबाइल तक ऐसे बाजार में आ गए हैं जो तत्क्षण भाषा को बदलने में सक्षम हैं। ऐसे में भारत भी तेज अर्थव्यवस्था की दौड़ में अपने आप शामिल हो गया है और विश्व की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से दूसरी या पहली अर्थव्यवस्था बनने कि तीव्र चाहत रखता है । औपनिवेशिक काल और स्वतंत्रता के बीच, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में भारत की हिस्सेदारी एक-चौथाई से गिरकर लगभग पांच फीसदी रह गई थी जो आज वैश्विक जीडीपी में हमारी हिस्सेदारी (क्रय शक्ति समता के मामले में) लगभग सात-आठ फीसदी है। हमने अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष तक भारत को दुनिया के विकसित देशों में शामिल कराने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। पर इस बड़े लक्ष्य का पूरा होना राजनीतिक उठापटक से अलग निरंतर आर्थिक विकास से ही संभव है। अभी हमारी प्रति व्यक्ति आय लगभग 2,100 डॉलर है। जबकि आज उच्च आय वाला देश उसे माना जाता है, जहां प्रति व्यक्ति आय 12 हजार डॉलर से अधिक हो। यानी अभी हम उच्च आय वाले देश के छठवें हिस्से के बराबर हैं। चूंकि, वर्ष 2024 की तुलना में वर्ष 2047 में उच्च आय वाले देशों की आय सीमा स्वाभाविक ही बहुत अधिक होगी, इसलिए प्रति व्यक्ति आय का हमारा लक्ष्य 15 हजार डॉलर सालाना से अधिक होना चाहिए। भारत को विकसित देश बनाने के लिए आज से 2047 के बीच लगातार आठ फीसदी से अधिक की विकास दर पाना जरूरी है। बुनियादी ढांचे में सार्वजनिक पूंजीगत व्यय द्वारा समर्थित निजी निवेश से इस विकास को आगे बढ़ाना होगा। केंद्र सरकार निश्चित रूप से अपना काम कर रही है पर राजनीति से ऊपर उठकर सभी सरकारों को इस मुद्दे पर एकमत होना चाहिए। जीडीपी में 2014 और 2024 के बीच केंद्र सरकार के पूंजीगत व्यय का हिस्सा जीडीपी के 1.5-1.6 फीसदी से दोगुना होकर जीडीपी का 3.0-3.2 फीसदी हो गया है।बुनियादी ढांचे में यह निवेश लॉजिस्टिक की लागत को कम करेंगे और हमारी विनिर्माण प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देंगे। राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन जैसे कार्यक्रमों के साथ-साथ बुनियादी ढांचे में निवेश से इस क्षेत्र में निजी निवेश बढ़ेगा। उच्च विकास दर हासिल करने के लिए विनिर्माण और निर्यात का भी विस्तार होना चाहिए। बुनियादी ढांचे में निवेश और व्यापार सुगमता पर ध्यान देने से व्यापार करने की लागत में कमी आएगी। हालांकि बहुत कुछ हासिल किया जा चुका है, पर अब अगली छलांग पर ध्यान देना चाहिए। राज्य स्तर पर प्रक्रियाओं, मंजूरी, लाइसेंस, फॉर्म आदि व्यवस्था को निश्चित रूप से तर्कसंगत और व्यवस्थित किया जाना चाहिए। अब यह राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है कि वे अपने राज्यों को निवेश गंतव्य के रूप में बढ़ावा दें। तेजी से उभर रही नई प्रौद्योगिकी के साथ भारत को तकनीकी रूप से छलांग लगाने के लिए नवाचार-समर्थक नियामक दृष्टिकोण की जरूरत है।




भारतीय नियामकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे पर्याप्त क्षमता से सुसज्जित हों और नई प्रौद्योगिकियों को विकसित होने का मौका देने का लचीलापन भी दिखाएं। हमें निर्यात बाजारों को भी आक्रामक रूप से लक्षित करना चाहिए। बुनियादी ढांचे में निवेश के अलावा केंद्र एवं राज्य सरकारों को भूमि एवं श्रम सुधारों को लागू करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उद्योगों के लिए बिजली की लागत को भी अन्य समकक्ष राष्ट्रों के हिसाब से प्रतिस्पर्धी बनाना चाहिए। सरकार लागत संबंधी कमियों को दूर करने का प्रयास तो कर ही रही है, निजी क्षेत्रों को भी नवाचार, अनुसंधान व विकास और गुणवत्ता पर ध्यान देना चाहिए। भारत में अनुसंधान व विकास पर ज्यादातर खर्च सार्वजनिक क्षेत्र से होता है। खासकर उद्योग 4.0 (एआई, मशीन लर्निंग इत्यादि) में निजी अनुसंधान एवं विकास हमारी प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए आवश्यक है। डिजिटल कौशल और साक्षरता पर अधिक जोर दिया जाना चाहिए और कौशल विकास उद्योग आधारित होने चाहिए। टिकाऊपन या स्थिरता को हमारे सभी प्रयासों के केंद्र में रखना होगा। आने वाले वर्षों में हर तरह के वैश्विक व्यापार में कार्बन तीव्रता एक महत्वपूर्ण बिंदु बनने वाली है। हमारी कंपनियों और सरकारों को इस बदलाव के लिए तैयार रहना चाहिए। इसी तरह वैश्विक पूंजी भी अपने निवेश फैसलों में तेजी से आर्थिक, सामाजिक एवं शासन संबंधी मानदंडों को ध्यान में रख रही है। भारत को इसके लिए तैयार रहना चाहिए और जलवायु एवं सहस्राब्दी विकास लक्ष्य (एसडीजी) परियोजनाओं की दिशा में आने वाले निवेश का लाभ उठाना चाहिए। राज्य या केंद्र में सरकारें किसी की भी हों पर आर्थिक सुधार की प्रक्रिया चलती रहनी चाहिए।

## कल से 9 फरवरी तक के बजट सत्र के मद्देनजर संसद की सुरक्षा हुई और कड़ी

### हर विजिटर को क्यूआर कोड, पत्रकारों और पूर्व सांसदों के लिए भी कड़ाई

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

31 जनवरी से शुरू होकर 9 फरवरी तक चलने वाले संसद के बजट सत्र के लिए सुरक्षा व्यवस्था और भी कड़ी कर दी गई। सांसदों, अफसरों व कर्मचारियों को छोड़कर अन्य सभी लोगों के लिए संसद परिसर में प्रवेश व जांच के नियम पहले से ज्यादा कड़े कर दिये गये हैं। कुछ गेट से केवल सांसद ही जाएंगे। पत्रकारों को भी संसद के गलियारे में खड़े होने की इजाजत नहीं है। पूर्व सांसदों के लिए भी संसद परिसर में कई तरह की कड़ाई कर दी गई है। इधर मंगलवार को सरकार ने बजट को लेकर सर्वदलीय बैठक बुलाई है। सुरक्षा में कड़ाई 13 दिसंबर 2023 को लोकसभा में शून्य काल के दौरान दर्शक दीर्घा से सदन में दो लोगों के कूदने, नारेबाजी करते हुए कैन से पीला धुआं छोड़ने के कारण हो रहा है, ताकि भविष्य में ऐसी घटना नहीं हो। नये नियम के तहत अब संसद के लोकसभा व राज्य सभा दर्शक दीर्घा में जाने के लिए पास बनवाना बहुत कठिन हो गया है। दर्शक दीर्घा में प्रवेश के लिए लोगों को सबसे पहले ऑनलाइन आवेदन करना होगा। जांच-परख के बाद यदि आवेदन स्वीकार होता है, तो आवेदक के मोबाइल नंबर पर एक क्यू आर कोड भेजा जाएगा। उस क्यू आर कोड का प्रिंट ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



## एक नजर

### मतदाताओं को जागरूक करने की विभिन्न गतिविधियों पर की गई चर्चा

**खूंटी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर मतदाताओं को मताधिकार के प्रयोग के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस दौरान उपायुक्त ने जिला आइकॉन सहित स्वीप कोषांग के अधिकारी को चुनाव के कार्यों का सफल संचालन में अपनी-अपनी भूमिका सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बैठक में विद्यालयों में गठित ईएलसी क्लबों की संख्या अद्यतन करने, विद्यालयों में आयोजित ईएलसी गतिविधियों में भाग लेने, ईएलसी को सक्रिय बनाने के लिए आवश्यक सुझाव साझा किए गए।

### अमेरिकन पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह आयोजित

**मांडर।** प्रखण्ड के पुंगी मोड़ स्थित अमेरिकन पब्लिक स्कूल में सोमवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 10 के 120 छात्र-छात्राओ को विदाई दी गई। विद्यालय के निदेशक मो. नौशाद एवं प्रधानाध्यापक जावेद अहमद ने बच्चों के उज्जवल भविष्य एवं अच्छे रिजल्ट के लिए कामना किए एवं उनका मार्गदर्शन करते हुए समय का महत्व, अनुशासन एवं लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरणा प्रदान किया। साथ ही उन्होंने कहा कि कठिन मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करे। मैट्रिक की परीक्षा में अच्छा प्रतिशत हासिल करने बाद कैरियर निर्माण के लिए विभिन्न क्षेत्रों में जाने का रास्ता खुलता है। सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी बच्चों को शुभकामना देते हुए उनका मार्गदर्शन किया। मौके पर अहमद , नसीम अंसारी, जावेद्र, शम्मा परवीन रुही परवीन, निधि सिंह, अर्श जहाँ तथा अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएँ मौजूद थे।

## भगवान नरसिंह के भव्य मंदिर के निर्माण का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित

# विरासत में मिली संस्कृति, परंपराओं व रीति-रिवाज को बचाए रखने की जरूरत : सन्नी टोप्पो



गांव और समाज के विकास के लिए ग्रामीणों को संगठित होकर अपने गांव तथा समाज को मजबूत करने की जरूरत है

**सुनील कुमार गुप्ता, लापुंग**

रांची जिले के लापुंग और गुमला जिले के कमडारा प्रखंड के सीमावर्ती नरसिंहपुर में भगवान नरसिंह मंदिर निर्माण का आठवां स्थापना दिवस सह वार्षिकोत्सव समारोह का भव्य आयोजन किया गया। मंदिर के निर्माणकर्ता समाजसेवी जितेंद्र नायक की अगुवाई में मंदिर के पुजारी गांव के पाहन पुजार तथा महतो के द्वारा पारंपरिक रीति रिवाज के साथ भगवान नरसिंह की संयुक्त रूप से पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना के बाद भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भंडारा का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सह संयोजक एवं युवा भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने समारोह के आयोजक जितेंद्र नायक, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी किशोर साहु, अनमोल बडाईक एवं विजय बक्शी के साथ मिलकर फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर सन्नी टोप्पो ने कहा कि नरसिंहपुर का भव्य मंदिर एवं भगवान की अति प्राचीन प्रतिमा बहुत ही अद्भुत एवं ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि हमें पूर्वजों द्वारा विरासत में मिली अपनी संस्कृति, परंपराओं तथा रीति-रिवाज को बचाए रखने की जरूरत है। इस मौके पर किशोर साहु ने कहा कि हमारे धार्मिक मान्यताओं को और सुदृढ़ करने के लिए बच्चों खासकर युवा पीढ़ी को संस्कार युक्त शिक्षा देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नरसिंहपुर मंदिर में सरना-सनातन की एकता, अखंडता एवं सामुहिकता एक मिसाल है। इस मौके पर झारखंड की प्रसिद्ध लोक कलाकार सुमन गुप्ता, केशों देवी तथा नृत्यांगना मोहिनी सहित इग्नेश तिर्की, नितेश कच्छप, बीरबल नायक सहित अन्य लोककलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को झुमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों क्रमशः चरकू साहु, पवन साहु, लाल दिलीप कुमार सिंह, अजय कुमार, महेश सिंह, बबलु साहु, अनिता सांडिल, वीणा देवी, विनिता देवी मुख्य रूप से मौजूद थे। जबकि कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश बरला, सचिव दीनु बरला, कोषाध्यक्ष बसंत मुंडा, ग्राम प्रधान सह गांव के पाहन सेको पहान, पुजार मंगरा मुंडा, महतो तोपा मुंडा, श्रवण साहु, भुनेश्वर सिंह, दिनेश्वर साहु, समीर साहु, महेंद्र स्वांसी, श्याम सुंदर साहु, एतवा स्वांसी, जोलेन बरला, ध्यान सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### सीआरपीएफ ने 20 आदिवासी युवक-युवतियों को भेजा पुणे

**खूंटी।** 94 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और नेहरू युवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को 20 आदिवासी युवक-युवतियों की टीम को कमांडेंट राधेश्याम सिंह के निर्देश पर पुणे महाराष्ट्र के लिए रवाना किया गया। ज्ञात हो कि पिछले कई वर्षों से सीआरपीएफ और नेहरू युवा संघ केंद्र संगठन द्वारा झारखंड, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के आदिवासियों को देश के विभिन्न राज्यों-शहरों में मानसिक और कौशल विकास के लिए भेजा जाता रहा है। आदिवासी युवक-युवतियों के कुल 12 बैच को देहरादून, जम्मू, नासिक, मुंबई, कोलकाता, पुणे, मैसूर, बेंगलुरू, हैदराबाद, अहमदाबाद, नागपुर और लखनऊ कुल 12 स्थानो के लिए 260 युवक-युवकों को खूंटी जिले से भेजा जाना है। इसी क्रम में सोमवार को 11वें बैच को पुणे के लिए रवाना किया गया। अपने दौरे के क्रम में आदिवासी युवक-युवतियां पुणे में एक से सात फरवरी तक वहां की संस्कृति, कला और परिवेश से अवगत होंगे।

## न्यूज बॉक्स

### गुमशुदा युवक का बेतलंगी के कुएं से मिला शव

**चान्हो।** चान्हो प्रखंड अंतर्गत सोंस पंचायत चान्हो निवासी गुमशुदा युवक का शव के पतरातू पंचायत के बेतलंगी गांव के कुआ के अंदर मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव के पास मिले कपड़े की शिनाख्त कर मामले की सूचना परिजनों को दी।चान्हो निवासी सीतेश्वर उरांव उम्र करीब 34 वर्ष जो मजदूरी करता था। वह विगत मंगलवार सुबह अपने घर से लापता हो गया काफि खोज बिन ,रिश्तेदारों व परिचितों के यहां पूछताछ करने के बावजूद युवक का कोई पता नही लग सका। सीतेश्वर की पत्नी ने में उसकी गुमशुदगी की सूचना चान्हो थाना में दर्ज कराई।मृतक सीतेश्वर के परिजन ने 24 जनवरी को उसकी गुमशुदगी भी दर्ज करवाई थी।पुलिस गुमशुदगी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश कर रही थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दी।

### भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन का शैक्षणिक भ्रमण




**मांडर ।** भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कन्दरी, माण्डर, रांची के बी एड 2022 24 बैच के विद्यार्थियों का एक दल शैक्षणिक भ्रमण के लिए रविवार को जोधपुर के लिए रवाना हुए। । राँची रेलवे स्टेशन पर कॉलेज की शैक्षणिक सचिव दीपाली पराशर एवं डीन उपेन्द्र उपाध्याय ने शुभकामनाओं के साथ शैक्षणिक भ्रमण के ग्रूप की विदाई की। । कॉलेज के राकेश कुमार राय, विवेक राज जयसवाल, श बिनिता चौधरी, रीभा कुमारी एवं मधु रंजन मार्गदर्शक के रूप में छात्र/छात्राओ के साथ गए हैं। शैक्षणिक भ्रमण में जोधपुर, उदयपुर, जयपुर तथा रास्ते में पड़ने वाले अन्य दर्शनीय स्थानों का भ्रमण करेंगें। यह ग्रूप दिनांक पांच फरवरी को राँची वापस आएगी।

### पथरगामा के कई गांवों में लगा अडाणी का स्वास्थ्य शिविर



**गोड्डा।** पथरगामा प्रखंड के अमडीहा, जोगीचक और बलियाकित्ता गांव में सोमवार को अदाणी फाउंडेशन की ओर से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 100 से अधिक ग्रामीणों ने चिकित्सा का लाभ लिया। डॉक्टरी जांच के बाद फाउंडेशन की ओर से ग्रामीणों को मुफ्त दवा भी उपलब्ध कराई गई। ठंड की वजह से अधिकतर ग्रामीण बुखार, सर्दी, जुकाम, दस्त, पेट में दर्द जैसी समस्याओं को लेकर इलाज के लिए पहुंचे। स्वास्थ्य शिविर में बच्चों और बुजुर्गों की संख्या अधिक थी। शिविर में इलाज कराने वाले ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें अदाणी फाउंडेशन के इस प्रयास से काफी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि इससे पहले उन्हें इलाज के लिए दूर-दूर जाना पड़ता था, लेकिन अब घर के पास ही मुफ्त इलाज मिल रहा है। इससे ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकी हैं।

### गांव चलो अभियान को सफल बनायें कार्यकर्ता: रामध्यान सिंह

खूंटी। भाजपा गोविन्दपुर मंडल की विशेष बैठक सोमवार को मंडल अध्यक्ष रामध्यान सिंह की अध्यक्षता में जलंगा बाजार टांड़ में हुई। बैठक में भाजपा के कार्यक्रम गांव चलो अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर विचार विमर्श किया गया। मौके पर मंडलअध्यख रामध्यान सिंह ने कहा कि हर कार्यकर्ता की जिम्मेवारी है कि वह गांव चलो अभियान को स्फल बनाये।

# ग्रामीणों ने खस्सी चोर को पकड़कर पीटा, तीन फरार



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

लापुंग थाना क्षेत्र के उलगाड़ गांव में खस्सी चोरी करने आए चोरों में से एक चोर को ग्रामीणों ने धर दबोचा। पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि प्रमिला देवी पति स्व. भरत सिंह के घर में लगभग आधी रात में खस्सी चोर बाहर का दरवाजा तोड़कर चोरी कर बलारी नदी तक तीन खस्सी को हांककर ले गए थे। खस्सी का मिमियाने की आवाज सुनकर गृह स्वामिनी प्रमिला देवी ने अपने बगल के घर में रहने वाले भतीजे और छोटा बेटा को जगाया। हल्ला गुल्ला करने पर ग्रामीण एकजुट हुए और इसके बाद गांव के और लोगों के सहारे खदेड़कर एक खस्सी चोर को धर दबोचा। खस्सी चोरों की संख्या चार बतायी जा रहीं है। उनमें से शेष सभी चोर भाग निलकने में सफल रहे। आशंका व्यक्त की जा रही है कि लोग पहले की तरह मारुति वैन से भाग निकलने में कामयाब हो गए। ग्रामीणों के पूछे जाने पर खस्सी चोर ने अपना नाम अरविंद मुंडा गांव जग्गु जारी तोरपा थाना क्षेत्र बताया। ग्रामीणों ने उसकी धुनाई करने के बाद लापुंग पुलिस को सौप दिया गया है। आरोपी का पूर्व में आपराधिक इतिहास भी रहा है। बताया गया कि प्रमिला देवी के तीन पुत्र बाहर में रह कर नौकरी करते हैं वह अपने घर में एक छोटे बेटे के साथ घर में अकेली रहती है। चोर को पकड़ने में पड़ोस के राम सिंह, दीपक सिंह ,गुड़वा सिंह, लखन सिंह, सुंदरलाल सिंह, शुभम सिंह व धरम सिंह के अलावे अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चोर को पड़कर ग्रामीणों ने उसे बांध दिया था। सुबह होने पर खस्सी चोर अरविंद मुंडा को लापुंग के पुलिस पदाधिकारी कामेश्वर चौधरी के हवाले कर दिया गया। फिलहाल थाने में चोर से पूछताछ जारी है। फिलहाल पुलिस ने दावा किया कहा कि सभी चोर पकड़ लिए जाएंगे।

# परिवार नियोजन पर टैक हब का राज्य स्तरीय कार्यशाला




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में युवाओं के परिवार नियोजन और प्रजनन स्वास्थ्य को लेकर आंकड़ो पर हुए सुधार के संबंध में टेक हब झारखंड ने सोमवार को राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया। इसके तहत लक्ष्य की प्राप्ति के लिए टेक हब से जुड़े हुए नागरिको तथा समजिक संगठनों के क्षमता वर्धन और संस्थान की सफलता संबंधी बातो को रखा गया। गुंजन, राज्य सलाहकार, परिवार नियोजन ,एनएचएम ने हब से जुड़े सदस्यों को अपने-अपने जिलों में चल रहे सरकारी परियोजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों को देने की बात कही। डॉ. पुष्पा, नोडल अधिकारी,मातृ स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन, एनएचएम ने कहा की किशोरों के यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य के विषय में जागरूकता फैलाना जरूरी है। डॉ. लाल, उप-निदेशक, एनसीडी एवं आइइसी , एनएचएम ने कहा कि हब के साथ सरकार का सहयोग एफपी/एसआरएच पहल को आगे बढ़ाने में सहायक रहा है। मौके तन्वी, राज्य कार्यक्रम प्रांधक, डॉ. कमलेश, उप-निदेशक झपैगो सहित अन्य कई लोग शामिल रहे।

# कार्य प्रगति में तेजी लाकर योजनाओं को पूर्ण करें अधिकारी : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को विकास से संबंधित जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान विभिन्न विभागों के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई और सभी पात्र लाभुकों को लाभान्वित करने तथा समस्याओं का यथाशीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। डीसी ने कहा कि जिला अंतर्गत स्वास्थ्य, समाज कल्याण, कृषि व शिक्षा के क्षेत्र में विकासशील कार्य हमारी प्राथमिकता है। इसमें सभी पदाधिकारी अपने स्तर से गुणवत्तापूर्ण कार्य करना सुनिश्चित करें। मनरेगा, शहीद पोटो हो खेल योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, कृषि आपूर्ति विभाग सहित अन्य विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने को कहा। विभिन्न कार्यकारी विभागों को निर्देश दिया गया कि निर्माण कार्यों को निर्धारित अवधि के अंदर ही पूर्ण कराया जाए।

## पोक्सो एक्ट पर एक दिवसीय सेमिनार का हुआ आयोजन

# बच्चों से हो रहे लैंगिक अपराध की रोकथाम के लिए बेहतर प्रयास




**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**

बच्चों से हो रहे लैगिंक अपराध को रोकथाम को लेकर एसपी कार्यालय के सभागार भवन में सोमवार को पोक्सो एक्ट पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन हुआ। सेमिनार में जिला स्तरीय सभी स्टेक होल्डर, न्यायिक पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, बच्चों को संरक्षिण करने वाली चाईल्ड हेल्प लाईन समेत विभिन्न संस्था के सदस्य शामिल हुए। सेमिनार में आये दिन बच्चों से हो रहे लैंगिक अपराध रोकथाम, शिकार बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने और मिलने वाली सहायता पर चर्चा हुई। सेमिनार का आयोजन झालसा, रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में आयोजित हुई। सेमिनार का उद्घाटन डीजे वन रमेश चंद्रा, डालसा सचिव, उत्तम सागर राणा, सीजेएम विश्वनाथ भगत, डीएसपी विजय कुमार, जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष निशिकांत प्रसाद आदि ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर डीजे वन रमेश चंद्र ने सेमिनार का उद्देश्यों को बताते हुए कहा कि बच्चों से हो रहे लैंगिक अपराध के रोकथाम और लैंगिक अपराध के शिकार बच्चों के भविष्य सुनहरा बनाने के दिशा में एक प्रयास बताया। उन्होंने सोशल मीडिया समेत विभिन्न माध्यमों से अश्लील साहित्य की ओर झुकाव को लेकर चिंता जाहिर करते हुए इसके रोकने के लिए क्या करना आवश्यक है और कैसे रोकना संभव हो उस पर चर्चा किया।


## जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, रामगढ़

**-:सूचना:-**

**मनरेगा अन्तर्गत संविदा आधारित प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक, कम्प्युटर सहायक पद के लिए प्राप्त आवेदन के आलोक में दावा/आपत्ति हेतु सूची का प्रकाशन।**

विज्ञापन संख्या–01/2023 दिनांक–23.09.2023 के द्वारा प्रकाशित विज्ञापन द्वारा मनरेगा अन्तर्गत संविदा आधारित प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक, कम्प्युटर सहायक की संविदा पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में प्राप्त आवेदनों की सूची www.ramgarh.nic.in में प्रकाशित की जा रही है।

सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि Upload किये गये सूची में अपना नाम, जन्म तिथि, शैक्षणिक योग्यता का अंक एवं अन्य विवरणी का मिलान कर लेगें। यदि डाटा प्रविष्ट में भूलवश कुछ गलत प्रविष्ट हो तो सुधार हेतु अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे विज्ञापन में दिए गये अहर्ता का पुनः अवलोकन करने के उपरान्त उसके अनुरूप होने पर ही सुधार हेतु दावा/आपति साक्ष्य (जो आवेदन–पत्र में संलग्न है) के साथ दिनांक 03.02.2024 के अपराहन् 05:00 बजे तक उप विकास आयुक्त–सह–अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समनव्यक, रामगढ़ जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, रामगढ़ के कार्यालय में हाथो–हाथ/डाक (निबंधित/स्पीड पोस्ट) के माध्यम से दावा/आपति दर्ज करा सकते है। निर्धारित अवधि के बाद किसी दावा/आपति पर विचार नही किया जायेगा।

नोट–

1.आवेदन पत्र के साथ संलग्न प्रमाण–पत्र के अतिरिक्त दूसरा प्रमाण पत्र या वैसे प्रमाण पत्र जो आवेदन में उल्लेख नहीं किया गया है उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

2.विज्ञापन में दिये गये योग्यता/अहर्ता के शर्तो के अनुसार जांच करने के उपरान्त चयन समिति द्वारा लिये गये निर्णय के आधार पर स्वीकृत/अस्वीकृत आवेदनों की सूची का प्रकाशन www.ramgarh.nic.in में किया जायेगा।

ह०/–
उप विकास आयुक्त,
–सह–अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, रामगढ़

PR317193 (Rural Development)23-24*D


## लापुंग प्रखंड के दर्जनों सरकारी स्कूलों में 15 दिनों से मिड डे मील बंद

# स्कूल आने वाले बच्चे भूख से बिलबिलाए अभिभावकों में देखा गया भारी आक्रोश



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

सिस्टम की लापरवाही के कारण लापुंग प्रखंड में सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले हजारों बच्चे मिड डे मील से कई दिनों से वंचित है। चावल की आपूर्ति नहीं होने के कारण प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग में विगत चार जनवरी से मिड डे मिल नहीं बन रहा। वहीं ककरिया मध्य विद्यालय में विगत आठ जनवरी से ही मध्याह्न भोजन योजना बंद है। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापकों ने प्रखंड संसाधन केंद्र को लिखित सूचना कर स्थिति की जानकारी दे दी है। राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय महुगांव खास में राजकीय प्राथमिक विद्यालय हुलसू, राजकीय प्राथमिक विद्यालय माड़ी मंगराटोली में एक सप्ताह से मिड डे मील योजना के तहत बनने वाली बच्चों का भोजन नहीं बन रहा है। इसी तरह राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लतरातु, राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोंयसारा, राजकीय प्राथमिक विद्यालय मालगो डाड़हा, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय पांडु सहित दर्जनों विद्यालय में मिड डे मील की व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। सुबह 9:00 बजे स्कूल आने वाले बच्चे 3:00 तक भूखे प्यासे रहने के लिए मजबूर हो गए हैं। भूखे पेट बच्चे दिन भर स्कूल में रहने के लिए मजबूर हैं। मिड डे मिल नहीं बनने के कारण कई विद्यालयों में उपस्थिति भी कम हो गई है। मिड डे मील का बीआरसी में प्रभारी सह कंप्यूटर ऑपरेटर कैलाश पाढ़ी ने बताया कि चावल का आवंटन हो गया है लेकिन अभी तक स्टेप डिलीवरी शुरू नहीं हुई है। वहीं चावल की स्टेप डिलीवरी करने वाले रंजन यादव ने कहा कि उन्हें अभी तक चावल प्राप्त नहीं हुआ है जिस कारण इस तरह की स्थिति उत्पन्न हुई है। उन्होंने बताया कि लापुंग प्रखंड को प्रत्येक त्रैमास में 700 क्विंटल चावल की जरूरत है जबकि आपूर्ति सिर्फ 200 क्विंटल हुआ था। रंजन यादव ने बताया कि आर.ओ बनता है जिला और वह नगड़ी एफबीआई गोदाम को भेजता है। यहां से एजीएम की जिम्मेवारी है कि चावल का उठाव कर लापुंग ले जाएंगे। वहां से मुझे चावल मिलेगा और मैं स्टेप डिलीवरी के माध्यम से स्कूल भेजूंगा।

### हरिजन बस्ती तोरपा में संभव ट्रस्ट ने किया गर्म कपड़ों का वितरण

**खूंटी ।** सम्भव ट्रस्ट झारखंड और किसान मजदूर बेरोजगार मंच के संयुक्त तत्वावधान में हरिजन टोली तोरपा में सोमवार को गर्म कपड़े और स्वेटर का वितरण किया गया। सम्भव ट्रस्ट की मोनिका आर्या ने बताया कि कल्याण विभाग की ओर से हरिजन जाति के लिए कई सारी कल्याणकारी योजना चलायी जा रही हैं। प्रत्येक व्यक्ति इन योजनाओं का लाभ ले सके, इसके लिए सम्भव ट्रस्ट कार्यरत है। मौके पर यूनाइटड रिजिनल इनीशिएटिव के प्रवक्ता दीपक कुमार ने लोगों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए उपस्थित जन समूह को प्रेरित किया। कार्यकम में बच्चों की अच्छी भागीदारी रही। बच्चों को उचित शिक्षा हमार क्षेत्र में ही उपलब्ध हो, ताकी भविष्य में बहार जाकर वे उच्च शिक्षा या नौकरी पाने में सक्षम बनें इस विषय पर भी विचार-विमर्श किया गया।


## Office of Executive Engineer
## Rural Development Special Division , Ramgarh

2nd Floor, Block "B", Collectorate Ramgarh, Chatarmandu, Ramgarh- 829122
Email: rdsdramgarh@rediffmail.com, website: www.ramgarh.nic.in

**Tender Reference No: -** EOI-01/RDSD/RAMGARH/2023-24 **Date:-** 29.01.2024

**-: Short Tender Notice :-**

| Sl. No. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | **Library in Panchayat Bhawan (02 Unit) Location of the Project Area Gram Panchayat Hariharpur & Pali in Patratu Block, Dist- Ramgarh Under Rurban Scheme** |
| 2 | Period of Work | 01 Month |
| 3 | Date of Publication of Bid on website | Date – 01.02.2024 |
| 4 | Tender Cost | Rs. 5000.00 in the form of DD in favour of Executive Engineer, Rural Development Special Division , Ramgarh |
| 5 | Earnest Money to be Deposited (EMD) | Rs. 47000.00 in the form of **TD/NSC/FD** (Valid for at least 01 Years from the last date of submission of the bid) duly pledged in the favour of Executive Engineer Rural Development Special Division , Ramgarh. |
| 6 | Last date and time of receipt of Bid | Date : 16.02.2024 Time : 01:00 PM |
| 7 | Date and time of opening of Bid | Date : 16.02.2024 Time : 03:00 PM |
| 8 | Bid submission Place | Office of Executive Engineer, Rural Development Special Division, Ramgarh, "B" Block, 2nd Floor, Collectorate Ramgarh, Chhattarmandu, Ramgarh-829122 |
| 9 | Bid Opening Place | Office of Executive Engineer, Rural Development Special Division, Ramgarh, "B" Block, 2nd Floor, Collectorate Ramgarh, Chhattarmandu, Ramgarh-829122 |
| 10 | cost of Bid | Rs.- 461000/- |

Sd/-
Executive Engineer
Rural Development Special Division,
Ramgarh

PR 317245 (Rural Work Department) 23-24 (D)

# एक बार फिर जाम में फंसा शहर, घंटों रेंगते रहे वाहन

## झारखंड मुक्ति मोर्चा के विरोध मार्च के कारण आधे शहर में लगा जाम, दिनभर परेशान रहे लोग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सोमवार की दोपहर शहर एक बार फिर जाम में फंसा रहा। शहर के आधे हिस्सें में सड़क जाम से लोग हलकान रहे। जाम इसलिए लगा कि आज दोपहर मोरहाबादी से राजभवन तक जेएमएम का विरोध मार्च निकाला गया। हालांकि इस विरोध मार्च को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये थे। लेकिन सड़क जाम को रोकने के लिए पुलिस की प्लानिंग नजर नहीं आयी। मोरहाबादी से जेएमएम का विरोध मार्च निकाले जाने के कारण कांके रोड से रातू रोड आने वाले वाहनों को प्रेमसंस के पास रोक दिया गया था। जिस कारण कांके रोड में घंटों जाम की स्थिति बनी रही। जाम के कारण वाहन चालकों को करीब एक घंटे से अधिक अपने वाहनों को सड़क पर खड़ा कर इंतजार करना पड़ा। इस जाम में दर्जनों स्कूल बसें भी फंस गयी थी। जिससे बस में सवार बच्चें परेशान रहे। मार्च के कारण राजभवन के पास बैरिकेटिंग लगा दी गयी थी, जिस कारण वाहनों को एसएसपी आवास चौक होकर रेडियम रोड से कचहरी चौक की ओर से जाना पड़ा। इस कारण सभी वाहन रेडियम रोड होकर जाने लगे तो यह रोड भी जाम हो गया। वाहन रेंगने पर मजबूर हुए।



### आधा किमी जाने में लगा 45 मिनट

जुलूस के रेडियम रोड होते हुए राजभवन जाने के कारण कचहरी चौक से लेकर नागाबाबा खटाल तक सड़क पूरी तरह जाम हो गया। जुलूस को देखते हुए नागाबाबा खटाल की ओर से कचहरी चौक आने वाले मां को जाकिर हुसैन पार्क के पास बंद कर दिया गया था। जिस कारण रातू रोड की ओर से आने वाले वाहन बीच में ही फंस गये। इससे कचहरी चौक से नागाबाबा खटाल की ओर जाने वाले वाहन जहॉ के तहॉ खड़े रहे। यह स्थिति करीब एक घंटा तक रही। जाम के कारण लोग सड़क पर ही वाहन खड़े कर घंटों इंतजार करते रहे। जाम में फंसे कार चालक हितेंद्र सिंह ने बताया कि कचहरी चौक से नागाबाबा खटाल तक पहुंचने में मुझे करीब 45 मिनट लग गया है।




### रातू रोड और मेन रोड भी हुआ जाम

राजभवन से कचहरी चौक और रेडियम रोड के जाम रहने से वाहन चालकों ने विकल्प के रूप में दूसरे मार्गो का सहारा लिया। जिस कारण वैसे मार्ग में भी जाम की स्थिति बन गयी। कचहरी चौक और जाम रहने के कारण सरकुलर रोड, कचहरी रोड और डिप्टीपाड़ा रोड में भी जाम लगा रहा। उधर मेन रोड में वाहनों का दबाव बढ़ जाने से मेन रोड भी जाम की चपेट में आ गया। इसके अलावा शहीद चौक, अपर बाजार, महावीर चौक, शारदा बाबू लेन, गौशाला रोड, करमटोली चौक से एसएसपी आवास चौक सहित रातू रोड में भी दोपहर से शाम तक जाम की स्थिति बनी रही।

## एक नजर

### 31 जनवरी से बारिश के हैं आसार

**रांची।** झारखंड में ठंड कम होने का नाम नहीं ले रही है। मौसम विभाग के अनुसार 31 जनवरी को राजधानी रांची समेत झारखंड के दक्षिणी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं हल्के दर्जे की वर्षा होने की संभावना है। वहीं 1 फरवरी को राज्य के उत्तर-पूर्वी, दक्षिणी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है। मंगलवार की सुबह में कोहरे के बाद में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। वहीं मौसम शुष्क बना रहेगा। राज्य में अगले 3-4 दिन में न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे 3-4 डिग्री की वृद्धि हो सकती है। पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा। राज्य के दक्षिणी भाग में कहीं-कहीं हल्का कोहरा छाया रहा। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 28.4 डिग्री चाईबासा में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 7.3 डिग्री गढ़वा में दर्ज किया गया।

### फ्लाइओवर निर्माण कर्मियों की हुई अस्थमा जांच

**रांची।** ह्यूमन राइट्स सेफ्टी आर्गेनिशन के संयुक्त तत्वावधान में पीएफटी (अस्थमा) जांच शिविर का आयोजन एलएनटी कार्यालय डोरंडा में किया गया। जिसमे रांची में हो रहे फ्लाइओवर निर्माण के सभी कर्मचारियों का अस्थमा जांच किया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में ह्यूमन राइट्स सेफ्टी आर्गेनिशन के रांची जिला अध्यक्ष संतोष सोनी और आभा बिन्हा का योगदान रहा। शिविर में सिंह मोड़ स्थित आरोग्य विजय पॉलीक्लिनिक के डायरेक्टर डा रश्मि कोंगाड़ी, ब्रेथ फ्री सिपला रेस्पिरेटरी के नवीन सिन्हा, सुबोध कुमार, एलएनटी कार्यालय के प्रोजेक्ट मैनेजर तेज बहादुर सिंह, प्रदीप पवन पाल, पंकज कुमार, राजेश रक्षित,आशुतोष, मल्लय बंधोपध्याय का सहयोग रहा।

## वीमेंस कॉलेज में खेलकूद छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची विमेंस कॉलेज ने वार्षिक खेलकूद उत्सव में छात्राओं ने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों का चयन और प्रैक्टिस 18 से 27 जनवरी के बीच हुआ। जिसका फाइनल 29 जनवरी को हुआ। वार्षिक खेलकूद उत्सव के मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा तथा विशिष्ट अतिथि रांची विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ विनोद नारायण, ओएसडी डॉ स्मृति सिंह, वार्ड पार्षद रौशनी खलखो रहीं। कुलपति ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद मानव मन को प्रसन्न और उत्साहित बनाए रखते हैं। खेलों से नियम पालन के स्वभाव का विकास होता है, मन एकाग्र होता है। खिलाड़ियों में सहिष्णुता, धैर्य और साहस का विकास के साथ सामूहिक सद्भाव और भाईचारे की भावना बढ़ती है। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ-साथ भाईचारे और सौहार्द की भावना के विकास में भी सहायक होती हैं। प्राचार्या डॉ



सुप्रिया ने कहा कि खेल हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है। मानसिक रूप से शांति प्रदान करता है। जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए शिक्षा और खेल दोनों का महत्व होता है। कार्यक्रम में कॉलेज के 28 विभागों की छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट किया गया। जिसमें प्रथम बीएड डिपार्टमेंट एवं दूसरे स्थान पर हिंदी विभाग को चुना गया। इसके बाद भूगोल विभाग की छात्राओं द्वारा जुम्बा नृत्य गुड़िया, स्नेहा, निशा और रितिका के ग्रुप द्वारा प्रस्तुत किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। विजेता प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट, मेडल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## सीजीएल परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले की हो सीबीआई जांच

### झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन ने जेएसएसी अध्यक्ष और सीएम का दहन किया पुतला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जेएसएससी परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों में भारी नाराजगी है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा रविवार 28 जनवरी को संचालित सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने पर छात्रों में भारी आक्रोश है। पूरे मामले की जांच के लिए झारखंड स्टेटस स्टूडेंट यूनियन ने आंदोलन का ऐलान किया है। देवेंद्रनाथ महतो के आह्वान पर सीबीआई जांच की मांग को लेकर झारखंड के सभी जिला मुख्यालयों में मुख्यमंत्री और जेएसएससी अध्यक्ष का पुतला दहन किया गया। श्री महतो सोमवार को अल्बर्ट एक्का चौक में पुतला दहन के दौरान मांग किया कि इसकी सीबीआई जांच होनी ही चाहिए। नहीं तो हम झारखंडी छात्र संपूर्ण राज्य में विभिन्न स्वरूपों में (डिजिटल और फिजिकल) लगातार आंदोलन



करने को बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि जब आयोग ने पेपर लिक को स्वीकार कर आधिकारिक सूचना जारी कर दिया है। तो फिर इसी विवादित परीक्षा एजेंसी द्वारा आगामी चार फरवरी को परीक्षा संचालित नहीं किया जाना चाहिए। झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के बैनर तले जेएसएससी अध्यक्ष नीरज सिन्हा और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। इसके बाद राज्यपाल के नाम प्रेषित एक ज्ञापन दिया गया। जिसमें पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई से कराने और वर्तमान जेएसएससी सीजीएल कंडक्ट परीक्षा एजेंसी को ब्लैकलिस्टेड करते हुए कड़ी कानून कारवाई करने की मांग की गयी। पुतला दहन मनोज यादव, योगेशचंद्र भारती, रविंद्र कुमार, चंदन, संजय कुमार सहित अन्य छात्र एवं छात्राएं शामिल थे।

## एचईसी बचाओ जन संघर्ष समिति का आवासीय परिसर बंद सफल

**पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहित कई नेताओं ने किया समर्थन, संजय सेठ के खिलाफ लगे नारे**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति का एचईसी आवासीय परिसर बंद सफल रहा। एचईसी क्षेत्र के सभी लोगों ने इस बंद का समर्थन किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, प्रदीप बलमुचू, भारतीय जनतंत्र मोर्चा के धर्मेंद्र तिवारी, भाकपा माले के विशिष्ट तिवारी समेत कई नेताओं ने इस आंदोलन को अपना समर्थन दिया। इस आंदोलन से बीएमएस और भाजपा दूर रही। जिसका एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति ने विरोध किया और नारेबाजी की। आंदोलनकारियों ने रांची सांसद संजय सेठ और हटिया विधायक नवीन जायसवाल के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने



सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया। इस दौरान लेबर कमिश्नर के ऑफिस में घुसकर भी प्रदर्शन किया गया। सेक्टर 3 स्थित शालीमार मछली मार्केट को भी प्रदर्शनकारियों ने बंद कराया। इस दौरान एचईसी मुख्यालय के सामने की सड़क को जाम किया गया। सभी गाड़ियों को स्मार्ट सिटी के नए रोड में डायवर्ट किया गया। बता दें एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति ने बकाया वेतन भुगतान, अस्थायी कर्मचारियों का कॉन्ट्रैक्ट रिन्युअल जैसी मांगों को लेकर बंद बुलाया था। बंद को सफल बनाने में एचईसी श्रमिक कर्मचारी यूनियन के प्रकाश कुमार, मनीष कुमार, राजेश कुमार, संजय सिन्हा व सुभाष चौधरी, हटिया मजदूर यूनियन के महेंद्र कुमार, दीपक कुमार, भवन सिंह, हरेंद्र यादव, हटिया कामगार यूनियन के एमपी रामचंद्र, आरके शाही, अर्जुन राम, सुंदर स्वामी, अमरेंद्र कुमार, सप्लाई संघर्ष समिति के दिलीप सिंह, मनोज पाठक, वाई त्रिपाठी, प्रमोद कुमार, हटिया मजदूर लोक मंच के रामकुमार नायक, कमल महली, चिराग बारला, सुनील तिर्की और हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के गिरीश चौहान, कमल ठाकुर और विशाल सिंह शामिल थे।

## 'उद्योग के लिए सामूहिक रूप से आगे बढ़ने की आवश्यकता'

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड ने झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के सहयोग से दो दिवसीय यूनिवर्सिटी इंडस्ट्री गवर्नमेंट (यूआईजी) शिखर सम्मेलन की मेजबानी की। विकसित झारखंड विकसित भारत कार्यक्रम के एक भाग के रूप में, स्टार्टअप को समर्थन देने की सरकारी पहल की समाप्ति हुई। मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड के राज्यपाल के अकादमिक सलाहकार डॉ ई बालागुरुस्वामी, डीएचटीई प्रधान सचिव राहुल पुरवार, झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुलपति डॉ डीके सिंह और एमिटी विश्वविद्यालय झारखंड के कुलपति डॉ अशोक के श्रीवास्तव उपस्थित थे। मुख्य अतिथि सीपी राज्यपाल राधाकृष्णन ने कहा कि उद्योग की जरूरतों को समझे बिना, हम उद्योग के लिए छात्रों को तैयार नहीं कर सकते हैं। यह शिखर सम्मेलन, सही समय पर और सही दिशा में उठाया गया सही कदम है। उन्होंने कहा विकसित भारत केवल विकसित झारखंड से ही संभव है। शिखर सम्मेलन के उद्घाटन



दिवस पर मुख्य सत्रों की अध्यक्षता डॉ ई. बालागुरुस्वामी, प्रो केपी सिंह, प्रो डीसी पाणिग्रही, डीएन झा, आरआर झा, एनएन पांडे, सिद्धनाथ सिंह और डॉ. संजीव राय ने विषयवस्तु में भारतीय शिक्षा और उद्योग के उभरते परिदृश्य पर चर्चा की। शिखर सम्मेलन के समापन दिवस की अध्यक्षता आरआर झा ने किया। राज्यपाल के ओएसडी डॉ. संजीव राय ने सामूहिक रूप से आगे बढ़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। कहा कि हमें विकसित झारखंड-विकसित भारत के साथ-साथ वसुधैव कुटुंबकम भी चाहिए। चर्चा के दौरान उन्होंने नेपाल, श्रीलंका, पाकिस्तान, म्यांमार और अफगानिस्तान समेत भारत के पड़ोसी देशों की मौजूदा स्थितियों पर चर्चा की।

### डीएवी नीरजा सहाय स्कूल के बच्चों ने सर्योदय आश्रम का किया भ्रमण

**रांची।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 76 वी पुण्यतिथि पर समाजिक संस्था क्राउंड लायंस ने डीएवी नीरजा सहाय स्कूल के बच्चों को छोटानागपुर खादी ग्रामोद्योग संस्थान संस्थान सर्योदय आश्रम का शैक्षणिक भ्रमण कराया। स्कूल के 200 विद्यार्थियो को गांधी दर्शन कार्यक्रम के तहत शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर मुख्य अथिति संस्थान के संरक्षक अभय चौधरी, सचिव भावना चौधरी, डीएवी नीरजा सहाय कि प्राचार्या किरण यादव उपस्थित थे। विशिष्ठ अथिति समाजिक संस्था क्राउड लायंस के अध्यक्ष शुभम चौधरी, सचिव मनप्रीत सिंह छाबड़ा, निहाल सिंह सोढी, रिलेशनस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी समेत कई उपस्थित थे।यहां आकर विद्यार्थियो ने चरखा चलाने, तसर से धागा एव वस्त्र बनाने की विधि को बारिकी से जाना एवं मधु की विशेषताओं की जानकारी प्राप्त किया। बच्चों ने गांधी जी के बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प भी दिलाया गया। मौके पर नेहा कुमारी, सुष्मिता मुखर्जी, समीर मिश्रा, प्रभा कुमारी, शारदा मिश्रा, दिनेश मिश्रा, अमन कुमार और हमना सहित स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाए शामिल थे।

### डीएसपीएमयू अतिथि शिक्षक के कक्षा लेने पर रोक

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) हिंदी विभाग के अतिथि शिक्षक प्रियांशु कुमार उर्फ कन्हैया कुमार के कक्षा लेने पर रोक लगा दिया गया है। डीएसपीएमयू के रजिस्टार ने पत्र जारी अगले आदेश तक किसी भी विभाग में कक्षाएं लेने पर रोक लगाने का निर्देश दिया है। अतिथि शिक्षक के कक्षा लेने पर क्यों रोक लगाई गई। इस सवाल का जवाब विश्वविद्यालय को कोई भी जिम्मेवार नहीं दे रहा है। इस संबंध में जानकारी के लिए विश्वविद्यालय के पीआरओ राजेश कुमार सिंह को कई बार फोन किया गया। मगर उन्होंने फोन नहीं उठाया. कन्हैया कुमार का भी मोबाइल बंद था। डीएसपीएमयू में चर्चा है कि अतिथि शिक्षक के खिलाफ महिला प्रताड़ना का आरोप था। इसलिए यह कार्रवाई हुई। सोशल मीडिया पर अतिथि शिक्षक ने विवि की एक छात्रा को मैसेज कर अपने मोहब्बत का इजहार किया था। छात्रा ने उनके खिलाफ शिकायत की थी। इधर अतिथि शिक्षक के खिलाफ आजसू छात्र संगठन, झारखंड छात्र दल, आदिवासी छात्र संघ, जेसीएम और एनएसयूआई ने संयुक्त रूप से विवि परिसर में विरोध प्रदर्शन किया।

### जेवियर कॉलेज इतिहास विभाग में पुस्तक का हुआ विमोचन

**रांची।** संत जेवियर कॉलेज के इतिहास विभाग में फैसिलिटेटिंग रिसर्चड इन इसिक्योर जोनस टुवार्डस मोर इक्वेबल नॉलेज प्रोड्कशन नामक पुस्तक का विमोचन किया गया। पुस्तक लोकार्पण के मौके पर झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। उन्होंने अपने संबोधन में शोध के महत्व पर प्रकाश डाला और साथ ही झारखंड की भाषा, संस्कृति एवं इतिहास पर युवाओं को इस दिशा में कार्य करने की सलाह दी। इस अवसर पर कॉलेज के उप-प्राचार्य डॉ. फादर प्रदीप रोबर्ट कुजूर ने आगंतुकों का स्वागत किया। इस पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वीडन (यूरोप) से प्रो. डॉ. मारिया एरिक्सन बाज, डॉ. मैट्स उटास तथा डॉ. स्वाति पराशर व डॉ. जेम्स विन्सेंट सिएरा से उपस्थित थे। कार्यक्रम में दयामनी बारला व डॉ. रवि वाजपेयी भी शामिल हुए। ब्लूम्सबरी द्वारा प्रकाशित पुस्तक की सह लेखिका इतिहास विभाग की सह प्राध्यापिका डॉ. अंजू टोप्पो ने अपनी पुस्तक की शोध क्षेत्र पर प्रकाश डाला।

### जेवीएम श्यामली में आपदा प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम

**रांची।** जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली में छात्रों को सुरक्षा व आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया। धुर्वा स्थित होम गार्ड कैंप एनडीआरएफ यूनिट के मुकेश ठाकुर की अगुवाई में छात्रों ने प्रशिक्षण लिया। इस दौरान छात्रों को भूकंप व बाढ़ में बचाव के तरीके, हार्ट अटैक के समय सीपीआर देना, शारीरिक चोटों का अस्पताल पूर्व उपचार, तात्कालिक स्ट्रेचर बनाना, लिफ्टिंग और मूविंग के तरीके, स्कूल सुरक्षा ड्रिल और इमरजेंसी मेडिकल सर्विस फोन नंबर 108 और 112 के बारे में विस्तृत जानकारी और प्रशिक्षण दी गई। इसके साथ ही मॉक ड्रिल के द्वारा त्वरित कार्य प्रणाली से छात्रों को अवगत कराया गया। वहीं छात्रों ने प्रश्नोत्तरी संवाद द्वारा आपात स्थिति में समस्या-समाधान के बारीकी पक्ष को समझा। मौके पर प्राचार्य समरजीत जाना ने कहा कि प्राकृतिक आपदा एक अप्रत्याशित घटना है, जो पर्यावरण और लोगों को गंभीर नुकसान पहुंचाती है। हमारी सतर्कता और सावधानी इस नुकसान को कम कर सकती है।

### अभिनेत्री अमीषा पटेल मामले की सुनवाई टली

**रांची।** प्रसिद्ध अभिनेत्री अमीषा पटेल से जुड़े चेक बाउंस केस में सोमवार को कोर्ट में सुनवाई पूरी नहीं हो सकी। सोमवार को कोर्ट की तरफ से आर्डर जारी करना था, लेकिन अचानक एक अधिवक्ता के निधन की वजह से कोर्ट में कंडोलेंस मीटिंग की गई। इस कारण अभिनेत्री अमीषा पटेल मामले की सुनवाई टल गई। अमीषा पटेल के खिलाफ मुकदमा लड़ रहे अजय कुमार सिंह के वकील विजयालक्ष्मी ने बताया कि 29 जनवरी की सुनवाई नहीं हुई है। कोर्ट की तरफ से अगली तारीख दी जाएगी। हालांकि अभी तक अगली तारीख तय नहीं हो पाई है।


## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक 'राष्ट्रीय नवीन मेल' को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।


**लोग अपने घर और ऑफिस के लिए कर रहे काफी पसंद**

## बांस के शो प्लांट झारखंड के लिए बन रहे हैं वरदान

**कुमार उत्कर्ष,पत्रकारिता विभाग**



**रांची।** बांस की खेती तो हजारों साल पुरानी है, लेकिन इससे होने वाले लाभ को लेकर अब तक दुनिया अनभिज्ञ रही है। बांस के बाजार से कैसे पैसे कमाया जाता है यह बांस से जुड़े व्यापारी बखूबी जानते है। इसे लेकर बांस के प्रजाति को कैसे और किस रुप में विकसित किया जाए ताकि उसका बाजार मूल्य अधिक प्राप्त हो इसे लेकर बांस की खेती जोरो से की जा रही है। इन दिनों रांची के कई इलाकों में विभिन्न आकार वाले शो प्लांट वाले बांस देखने को मिल रहे हैं । खास बात है कि इसे नये युग के अनुसार तैयार किया गया है। लोगों को ऑफिस में सुसज्जित करने से लेकर घरो में वास्तु शास्त्र के लिए इसे काफी उपयोगी माना जा रहा है। एक मान्यता के अनुसार घरों में हरे पौधे से ऑक्सीजन की मात्रा बेहतर होती है,जिससे उसके आस-पास सकारात्म वातावरण तैयार होता है। झारखंड सरकार बांस के उत्पादन को लेकर काफी सक्रिय है। विभाग इसके उत्पादन के लिए



**बांस के पौधे को गोल आकार में तैयार किया**

अमूमन बांस लंबा आकार के लिए जाना जाता है। लेकिन इसे शो प्लांट के रुप में तैयार किया गया है, जो देखने में गोलाकारा, छोटे आकार धान के आकार, बरगद के आकार तथा सात इंच से लेकर चार फीट लंब व पत्ला स्वरुप में तैयार किया गया है। इन दिनों राजधानी के कई शॉ प्लांट वाले बांस का पौधा लोगो को काफी पसंद आ रहा है।

**100 से लेकर 1000 रुपये तक का है पौधा**

शॉ प्लांट वाले इस बांस की दर 100 रुपये से लकर एक हजार रुपये तक में है। कांच के गोलाकार ग्लास में यह 100 रुपये से तीन सौ रुपये तक तथा लंबे आकार वाले बांस की कीमत चार सौ रुपये से लेकर एक हजार रुपये तक में है।

**घर से हो सकता है इसका व्यापार**

कम पूंजी के साथ इस धंधे से लोगो अपने को मालामाल कर सकते है। एफजेसीसीआई ने बांस को रोजगार का एक बड़ा माध्यम बताया है। लघु एवं कुटिर उद्योग की श्रेणी में इसे रखा गया है। कम क्षेत्र में ही इसकी खेती विभिन्न स्वरुपो में कर ऑनलाइन और ऑफलाइन इसे बेचा जा सकता है।

### क्या कहते है कारोबारी

**अजय कुमार साहु**



एक दिन में कम से कम दस हजार रुपये तक का कारोबार कर ले रहे है। आम लोगो को यह काफी पसंद आ रहा है।

**राहुल घोष**



रांची में बांस के शो प्लांट का काफी बड़ा बाजार होगा इसका अंदाजा नहीं था। दिल्ली से रांची इसी काम के लिए आए है। और उम्मीद से बेहतर काम हो रहा है।

**संजय कुमार**



कोलकाता, दिल्ली तथा यूपी सहित कई राज्य में इसका व्यापार हो रहा हैं। लेकिन रांची में इसकी मांग जादा है। लोग अपने घरो में रखने के लिए काफी पसंद कर रहे है।


झारखण्ड सरकार
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग
सूचना
झारखंड सरकार, मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं निगरानी विभाग द्वारा राज्य के सभी शैक्षणिक संस्थानों, सार्वजनिक उपक्रमों एवं आम जनों को सूचित किया जाता है कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी (शहीद दिवस) को पूर्वाह्न 11.00 बजे दो मिनट का मौन रखा जाए तथा राष्ट्रीय एकता के संबंध में भाषण एवं वार्ताएं आयोजित की जाएं।

## दिल्ली में मुख्यमंत्री आवास में ईडी की छापेमारी, आक्रोशित झामुमो कार्यकर्ताओं ने निकाला विरोध मार्च

# सीएम की छवि धूमिल कर रही भाजपा, होगा उलगुलान

### राजभवन के समक्ष किया जोरदार प्रदर्शन, नारेबाजी व सभा, पांच जिलों के कार्यकर्ता जुटे थे रांची में



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दिल्ली स्थित मुख्यमंत्री आवास में सोमवार की सुबह ईडी की छापेमारी से आक्रोशित जेएमएम के नेता और कार्यकर्ताओं ने राजधानी के सड़क पर उतर कर जोरदार विरोध किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इन दिनों दिल्ली की यात्रा पर है। सोमवार की सुबह सूचना आयी कि दिल्ली स्थित मुख्यमंत्री आवास में ईडी ने छापेमारी कर दी। इस सूचना के बाद झारखंड में इंडिया गठबंधन के नेताओं और कार्यकताओं में हड़कप मच गया। सभी की निगाहे दिल्ली की ओर लगी रही। इधर ईडी की कार्रवाई से जेएमएम के नेताओं और कार्यकताओं में भारी आक्रोश देखा गया। ईडी की कार्रवाई के खिलाफ राजधानी में विरोध मार्च निकाला गया। मोरहाबादी से हजारों की संख्या में जेएमएम कार्यकर्ता विभिन्न मार्गो से होते हुए राजभवन पहुंच कर जोरदार प्रदर्शन किया। विरोध मार्च में शामिल कार्यकर्ता जब-जब मोदी डरता है, ईडी-ईडी करता है, मोदी सरकार हाय-हाय, आदिवासी मुख्यमंत्री को परेशान करना बंद करो जैसे नारे लगा रहे थे।

**ईडी के सहारे सरकार गिराने की साजिश :** राजभवन के समक्ष आयोजित सभा में नेताओं ने कहा कि हेमंत सोरेन आदिवासी मुख्यमंत्री है, जिसके अच्छे कार्यो को भाजपा पचा नहीं पा रही है। सरकार और हेमंत सोरेन की छवि धूमिल करने के लिए मोदी सरकार ईडी का इस्तेमाल कर रही है। ईडी के जरिए हेमंत सोरेन को परेशान कर झारखंड की गंठबधन सरकार को गिराना चाहती है। वक्ताओं ने कहा कि जिस दिन से झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार बनी है। उसी दिन से केंद्र की मोदी सरकार येन केन प्रकारेण सरकार को गिराना चाहती है। लेकिन पिछले साढ़े चार साल में सफलता नहीं मिलने पर अब ईडी का सहारा लेकर मुख्यमंत्री को तंग किया जा रहा है। लेकिन न तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मोदी सरकार से डरने वाले है और न ही जेएमएम के कार्यकर्ता डरेंगे। नेताओं ने कहा कि जेएमएम कार्यकर्ता भाजपा के सभी कुचक्र का जवाब देने को तैयार है। पूरे राज्य में कार्यकर्ता सड़क पर उतर कर केंद्र सरकार की कार्रवाई का विरोध करेंगे। नेताओं ने कहा कि अब समय आ गया है कि झारखंड में फिर एक उलगुलान हो।

### पांच जिले के कार्यकर्ता जुटे थे रांची में



सोमवार को ईडी की कार्रवाई का विरोध करने के लिए रांची, खूंटी, सिमडेगा, रामगढ़ और गढ़वा जिले के जेएमएम के नेता और कार्यकर्ता रांची में जुटे। सुबह 11 बजे से ही मोरहाबादी मैदान में कार्यकताओं का आने का सिलसिला शुरू हुआर। धीरे धीरे मोरहाबादी में हजारों की संख्या में जेएमएम नेता और कार्यकर्ता जमा हो गये। इसके बाद दोपहर करीब 2:30 बजे विरोध मार्च मोरहाबादी से राजभवन के लिए निकला।

### सीएम आवास से सामने एकजुटता प्रदर्शित की

विरोध मार्च में शामिल कार्यकर्ता सीएम आवास के बाहर रूक कर सीएम हेमंत सोरेन के समर्थन में नारेबाजी कर एकजुटता प्रदर्शित करने के बाद आगे बढ़ते थे। मार्च में सबसे आगे सिमडेगा जिला का जुलूस रहा। इसके बाद खूंटी, गढ़वा, रांची और अंत में रामगढ़ जिला के कार्यकर्ता हाथों में पार्टी और सरना झंडा लेकर चल रहे थे। जुलूस मोरहाबादी से डीएसपीएमयू, सिद्धो कान्हू पार्क होते हुए कांके रोड पहुंची। जहॉं से सीएम आवास होते हुए सूचना भवन से रणधीर वर्मा चौक से एसएसपी आवास चौक से रेडियम रोड होते हुए कचहरी चौक से राजभवन के समक्ष पहुंच कर सभा में तब्दील हो गया।

### विरोध मार्च में ये रहे शामिल

रामगढ़ जिलाध्यक्ष विनोद किस्कु, विनोद महतो, राजकुमार महतो, गढवा जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, मनोज ठाकुर, खूंटी जिलाध्यक्ष जुबैर आलम, गुलशन मुंडा, सिमडेगा जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना, सफिकुल अंसारी, रांची जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम, सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता, समनूर मंसूरी, सुशीला एक्का, अफरोज अंसारी, अश्विनी शर्मा, कलाम आजाद, रामानन्द बेदिया, आदिल इमाम, अरविंद सिंह देवल, सुकुआ मुंडा, सुजीत उपाध्याय, आफताब आलम, अफरोज आलम, अरुण वर्मा, जीत गुप्ता, कुदुस अंसारी, कैथरीना तिर्की, संजय राय, विक्रम सिंह, विश्वजीत भट्टाचार्य, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नयन तारा उरांव, राखी देवी, उषा उरांव, संध्या गुड़िया, संगठन सचिव राधा हेंब्रम, शुसाना केरकेट्टा तथा राधा बाउरी सहित हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल थे।

## ईडी को 31 को पूछताछ के लिए समय दिया, फिर 29 को क्यों आ धमकी ईडी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) झारखंड के मुख?यमंत्री हेमंत सोरेन को जमीन सौदा घोटाला मामले में पूछताछ के लिए समन जारी करके 29 से 31 जनवरी के बीच समय मांगा है। जिसके जवाब में हेमंत ने ईडी को 29 जनवरी को ईमेल से 31 जनवरी को समय दिया है , तब ईडी हेमंत के दिल्ली के शांति निकेतन वाले घर में 29 जनवरी को क्यों पहुंच गई ?हालांकि हेमंत तब वहां नहीं थे। यह भी चर्चा है कि हेमंत ने ईडी को 31 जनवरी को पूछताछ के लिए समय क्यों दिया? इस बारे में सूत्रों का कहना है कि केन्द्र और हेमंत सोरेन के बीच चूहे बिल्ली का खेल चल रहा है । टटका मामला नीतीश कुमार का है। बिहार में नीतीश के घनिष्ठ लोगों के यहाँ नोटिस पहुँचने लगे थे, कुछ से पूछताछ होने लगी थी। अब नीतीश भाजपा

**हेमंत को ईडी ने 31 को गिरफ्तार किया तो इंडिया गठबंधन करेगा संसद ठप**

के साथ आ गये राज्य में जदयू - भाजपा की सरकार बन गई है , तो शायद अब नोटिस ठंडे बस्ते में चले जाएंगे। विपक्ष कहती रही है कि इस तरह जहां भी राज्य में विपक्षी दल की सरकार है , उनके नेताओं के यहां ईडी के नोटिस जा रहे हैं, छापे पड़ रहे हैं। यह उनके संसाधन स्रोत को बंद करने और डराने के लिए हो रहा है। ताकि विपक्षी दल एकजुट होकर लोकसभा चुनाव नहीं लड़ सकें। हेमंत सोरेन जातक नहीं झुकेंगे उनको ईडी पूछताछ करेगी , और नहीं झुके तो उनको गिरफ्तार किया जा सकता है , उनके विधायकों को तोड़ा जा सकता है। जहां तक सोरेन का 31जनवरी को ईडी को पूछताछ के लिए समय देने का सवाल है, तो संभवतः इस वजह से दिया गया है कि यदि ईडी गिरफ्तार करती है या लगातार पूछताछ करती है तो 30 जनवरी से संसद चलने के कारण सदन में इसको लेकर मुद्दा बने , सदन ठप हो। मालूम हो कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार 27 जनवरी को रांची से दिल्ली आ गये। इसके चलते तरह -तरह की बातें शुरू हो गईं, कयास लगाया जाने लगे कि इस बार पूछताछ में ईडी हेमंत को ईडी गिरफ्तार कर सकती है। सोरेन के विरोधियों का कहना है कि उनका तो पहले से कार्यक्रम 29 जनवरी को चाईबासा , 30 को पलामू , 31 को गिरिडीह में लगा है, फिर कैसे अचानक दिल्ली पहुंच गये। हो सकता है मुख्यमंत्री सोरेन किसी बड़े वकील से राय-बात करने दिल्ली आये हों। इसके पहले ईडी ने 20 जनवरी को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत हेमंत का का बयान रांची में उनके सरकारी आवास पर दर्ज किया था। जहां केन्द्रीय सुरक्षा बल के पहुंचने पर सत्ताधारी पार्टी के नेताओं ने विरोध जताया था कि केन्द्रीय सत्ताधारियों के निर्देश पर यह हो रहा है। जिस जमीन सौदा घोटाला मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ हो रही है उस मामले में अब तक 14 लोग गिरफ्तार हो चुके हैं, जिसमें 2011 बैच के आईएएस अफसर छवि रंजन भी हैं। इसमें आईएएस अफसर की भूमिका संदिग्ध होने की चर्चा है। उस पर बहुत विश्वास करने के कारण हेमंत फँसे हैं। फि लहाल झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ता , केन्द्र सरकार द्वारा ईडी के मार्फत सोरेन को नया समन जारी कर परेशान करने का आरोप लगा विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।दिल्ली से रांची तक अफवाहें उड़ रहीं हैं ।

## ईडी की दिल्ली में कार्रवाई डराने वाली, हम डरेंगे नहीं : सुप्रियो

### झामुमो ईडी और केंद्र सरकार पर बरसा राज्यपाल को दी चौहदी में रहने की सलाह

**सीएम हेमंत ट्रेसलेस नहीं, बाबूलाल को मिलना है तो अपॉइंटमेंट लें, मिलवा देंगे**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि दिल्ली में ईडी की कार्रवाई झामुमो को डराने वाली कारवाई है। जिससे हम डरने वाले नहीं है। भाजपा झामुमो से राजनीतिक मुकाबला नहीं कर सकती है। जनता के बीच नहीं जा सकती है तो एजेसियों का दुरूपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि ईडी ने ही खुद मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आगे के पूछताछ के लिए समय और तिथि तय करने को कहा था। ईडी ने 29 से 31 जनवरी तक का समय दिया था, तो फिर इस तरह की कारवाई और राज्य के राजनीतिक माहौल खराब करने की कारवाई के पीछे क्या उद्देश्य है। किसके इशारे पर ईडी दिल्ली पहुंची। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 20 जनवरी को ईडी के सहायक आयुक्त के नेतृत्व में 7 अफसरों की टीम मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर करीब सात घंटे तक ईसीआईआर 20/22 केस के संदर्भ में 17 से 18 सवाल किया। मगर पूछताछ के दौरान यह मामला शिड्यूल प्रोग्रेसिव क्राइम के दायरे में नहीं पाया गया। जो मामले हैं, उसकी सारी जानकारी चुनाव आयोग में दर्ज है। आयकर के पास भी सारी जानकारी है।

**अपनी चौहदी पार न करें राज्यपाल :** सुप्रियो ने एक सवाल के जवाब में राज्य के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को भी अपनी चौहद्दी की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि गवर्नर की रुलिंग पॉलिटिकल पार्टी पर नहीं चलती और न ही गवर्नर किसी पार्टी के प्रवक्ता हैं। वे किसी पॉलिटिकल पार्टी को डायरेक्ट भी नहीं कर सकते। उन्हें अपनी चौहद्दी को पार नहीं करना चाहिए।

**सोहराई भवन से सीएम का कोई लेना देना नहीं :** सुप्रियो ने कहा कि सोहराई भवन से मुख्यमंत्री का कोई लेना-देना नहीं है। उसका काम उनकी पत्नी देखती हैं। चुनाव आयोग को पहले ही सारी जानकारी है। जिस जमीन को ईडी अपनी कार्रवाई का आधार बना रही है। दरअसल वह भूइहरी जमीन है, जिसकी खरीद-फरोख्त नहीं हो सकती।

**मीडिया अपनी सही भूमिका निभाएं, प्रोपगेंडा से बचा जाए :** सुबह से दिल्ली को लेकर चल रही खबरों पर सुप्रियो भट्टाचार्य ने आपत्ति प्रकट किया। उन्होंने कहा कि मीडिया और उसके प्रतिनिधि भी इस राज्य में निवास करते हैं। सूत्रों के द्वारा कोई भी खबर प्रचारित-प्रसारित नहीं करनी चाहिए। इससे राज्य का महौल खराब होता है। खबरों को जांच-परख कर और पूरी जानकारी लेने के बाद ही प्रचारित-प्रसारित किया जाए। प्रोपगेंडा से बचा जाए।

### राष्ट्रपति शासन लगाना चाहती है केंद्र सरकार : राजेश ठाकुर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड में राष्ट्रपति शासन लगाना चाहती है। मुख्यमंत्री की छवि खराब करने की कोशिश हो रही है। राज्यपाल लॉ एंड ऑर्डर की समस्या बता रहे हैं। मुख्यमंत्री को फरार और लापता बताया जा रहा है। सरकार को अस्थिर करने की सुनियोजित साजिश चल रही है। ठाकुर सोमवार को संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग एजेंसी और संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करके भ्रामक खबर प्रचारित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री को फरार-लापता बताया जा रहा है। राज्यपाल बयान दे रहे हैं कि कानून व्यवस्था की समस्या हो सकती है। सुनियोजित षड्यंत्र के तहत चल रहा है कि कैसे इस सरकार को डिस्टर्व किया जाए।

### सीएम जब डर नहीं रहे तो फिर क्यों भागे फिर रहे : आदित्य साहू



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश महामंत्री व सांसद आदित्य साहू ने सोमवार को झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा झामुमो नेता अपराधी और न्यायाधीश दोनों की भाषा बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य कि जनता को यह जानने का पूरा अधिकार है कि आखिर मुख्यमंत्री भागे-भागे क्यों फिर रहे। उन्होंने कहा जब झामुमो यह मानता है कि ईडी ने मुख्यमंत्री से जो सवाल पूछे उसका पूरी तरह मुख्यमंत्री ने सामना किया और जवाब भी दिया तो फिर आगे के सवालों से भागने की क्या जरूरत है? कहा कि क्यों मार्च तक के समय की कमी बताई जा रही थी। मुख्यमंत्री को तो राज्य के हालात और जनता की अपेक्षाओं को देखते हुए अविलंब ईडी प्रकरण पर विराम लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत की संवैधानिक व्यवस्था के तहत ही ईडी अपनी कार्रवाई कर रही। ऐसे में ईडी को गाली देना, उसके खिलाफ धरना-प्रदर्शन करके झामुमो खुद असंवैधानिक कार्य कर रहा है और ईडी को संवैधानिक कार्य करने की सलाह दे रहे। उन्होंने कहा कि झामुमो मानसिक दिवालियापन का शिकार है। पूछताछ के लिए तैयार रहने की बात भी करते हैं और फिर पूछताछ को गैर वाजिब और असंवैधानिक भी ठहराते हैं। कहा कि घर पर पूछताछ के लिए भी बुलाते हैं और बाहर कार्यकताओं से हथियार लेकर प्रदर्शन भी कराते हैं।

**बाबूलाल अपॉइंटमेंट लें, सीएम से मिलवा देंगे**

सुप्रियो भट्टचार्य ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिल्ली अपने एक निजी काम से गये हैं। वह दिल्ली में ही हैं, ट्रेसलेस नहीं हैं। यदि बाबूलाल मरांडी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलना है तो पहले अपॉइंटमेंट लेना होगा। आवेदन देना होगा। हम उनकी मुलाकात करवा देंगे।





**राज्य हित में ईडी का अपॉइंटमेंट फिक्स कराएं**

भाजपा प्रदेश महामंत्री व सांसद आदित्य साहू ने कहा कि बाबूलाल को हेमंत सोरेन से अपॉइंटमेंट लेने की जरूरत नहीं। झामुमो सिर्फ इतना करे कि ईडी का अपॉइंटमेंट फिक्स करा कर पूछताछ की प्रक्रिया को पूरा करा दे इसी में राज्य का भला होने वाला है।

## युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है सरकार : चंद्र प्रकाश चौधरी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष सह गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में कथित तौर पर पेपर लीक ने एक बार फिर हेमंत सरकार के काम करने के तरीके और युवाओं के प्रति उनकी संवेदनशीलता की कलाई खोल कर रख दी है। नौकरी का झूठा वादा कर सत्ता में आने वाली यह सरकार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। आज इनकी गलत नीतियों के चलते छात्रों का भविष्य अधर में लटका है।

चंद्र प्रकाश चौधरी ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि इनका काम सिर्फ परीक्षा फॉर्म निकाल कर छात्रों को कुछ और दिनों के लिए अंधेरे में रखने का है। इनके पास कदाचारमुक्त परीक्षा कराने और उस परीक्षा का ससमय परिणाम जारी करने का कोई भी रोडमैप ही नहीं है। युवाओं की भावनाओं, समय और भविष्य से खिलवाड़ करने वाली हेमंत सरकार को आने वाले समय में इसकी भारी कीमत चुकानी होगी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि इस सरकार में भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलंद हैं। सरकार कहती है कि कदाचार और पर्चा लीक रोकने के लिए कानून बनाया गया है लेकिन उस कानून का भय कहीं नहीं दिखता है। इस खेल में सरकार का भी संरक्षण है, इससे इनकार नहीं किया जा सकता। इसलिए इस मामले की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। अब माफी का समय तो नहीं है फिर भी मुख्यमंत्री को अपनी गलती स्वीकार करते हुए राज्य के सभी युवाओं से माफी मांगनी चाहिए।

### परीक्षा में पेपर लीक की सीबीआई जांच हो : बाबूलाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने जेएससीसी द्वारा रविवार को आयोजित सीजीएल परीक्षा में कथित तौर पर पेपर लीक की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। कहा कि कई छात्रों ने सोशल मीडिया पर आंसर शीट जारी की है। साथ ही व्हाट्सएप पर भी प्रश्न पत्रों के परीक्षा के पहले की सामने आने की बात सामने आ रही है। राज्य सरकार द्वारा आयोजित यह परीक्षा भ्रष्टाचार के दायरे में आ गई है। इस मामले की जांच सीबीआई से कराई जानी चाहिए। झारखंड सरकार युवाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है। पूरी परीक्षा में भ्रष्टाचार की बू आ रही।

## 10 से 15 फरवरी के बीच होगा धीरेंद्र शास्त्री का कार्यक्रम

### झारखंड हाई कोर्ट ने पलामू में कार्यक्रम की दी अनुमति



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट ने पलामू में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री (बाबा बागेश्वर धाम सरकार) का कार्यक्रम आब 10 से 15 फरवरी को कराने की अनुमति दे दी है। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के संबंध में दाखिल हनुमंत कथा आयोजन समिति की रिट याचिका को हाई कोर्ट ने स्वीकृत करते हुए पलामू उपयुक्त के द्वारा 10 दिसंबर को कार्यक्रम रद्द करने के दिए गए आदेश को कोर्ट ने निरस्त कर दिया।

सोमवार को सुनवाई करते हुए न्यायाधीश आनंदा सेन की कोर्ट ने कहा कि हनुमंत कथा आयोजन समिति बेसिक बुनियादी सुविधाएं यथा श्रद्धालुओं के लिए बैठने की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, एम्बुलेंस, पार्किंग, टॉयलेट आदि की व्यवस्था खुद करेगी। बेसिक बुनियादी सुविधाओं से संबंधित एक्शन प्लान को हनुमंत कथा आयोजन समिति द्वारा पलामू उपयुक्त को दिया जाएगा, जिसे पलामू उपायुक्त कंसीडर करेंगे। कोर्ट ने पलामू उपायुक्त के उस आदेश को अवैध माना, जिसमें उन्होंने कानून व्यवस्था का हवाले देते हुए कार्यक्रम को रद्द कर दिया था। याचिकाकर्ता ने पलामू उपयुक्त द्वारा कानून व्यवस्था की समस्या बताकर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के कार्यक्रम को पुनः रद्द करने के 10 जनवरी के आदेश को चुनौती दी थी। पिछली सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि हनुमंत कथा आयोजन समिति ने तीन जनवरी को पलामू उपयुक्त को बाबा बागेश्वर धाम के कार्यक्रम को लेकर डिटेल एक्शन प्लान दिया था, जिसे पलामू उपयुक्त ने कानून व्यवस्था की समस्या बताकर रद्द कर दिया। प्रस्तावित कार्यक्रम फरवरी 10 से 15 फरवरी निर्धारित किया गया है।

यह कार्यक्रम अब रैयती भूमि पर होगा, इसके लिए ग्राम सभा से अनुमति भी मिल गई है। कार्यक्रम स्थल ग्राम ओरनार, चैनपुर ब्लॉक, पलामू में निर्धारित है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री के 'परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम से मिलेगी बच्चों को तनाव से मुक्ति : राज्यपाल



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम से बच्चों को परीक्षा के दौरान होने वाले तनाव से मुक्त होने में काफी मदद मिलेगी। उनके सम्बोधन से शिक्षकों एवं अभिभावकों को भी संदेश मिला है कि परीक्षा के दौरान बच्चों से कैसा व्यवहार करना चाहिए। राज्यपाल सोमवार को राज भवन में बच्चों और शिक्षकों के साथ दूरदर्शन पर प्रधानमंत्री के ह्यपरीक्षा पे चर्चा 2024 कार्यक्रम का सीधा प्रसारण को देखने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जीवन में तनाव सभी को है। आप सोच-सोचकर तनावग्रस्त होंगे, तो इससे भी तनाव होगा। तनाव को दूर करने के लिए हमें अपनी दिनचर्या का प्रभावी ढ़ंग से पालन करना होगा। हमारे पास दिन के 24 घंटे होते हैं। आठ घंटे के नींद के बाद 16 घंटे बचते हैं, जिसमें हम अच्छे ढंग से पढ़ सकते हैं, खेल सकते हैं एवं अन्य रचनात्मक कार्य कर सकते हैं। हमें आज का काम आज ही करना चाहिए, कल पर नहीं छोड़ना चाहिए। इससे तनावग्रस्त होने से बचेंगे। राज्यपाल ने कहा कि अपने पाठ को गहराई से समझने की कोशिश करे। एक बार में पाठ समझ में न आए तो उसे बार-बार पढे एवं पढ़ने के पश्चात लिखना आवश्यक है। लिखने के दौरान आप अपनी त्रुटि से अवगत होंगे, जिसे दूर करने से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। रटकर सफलता हासिल नहीं की जा सकती है। परीक्षा के दौरान आपके पूर्व में किया गया मेहनत ही काम में आएगा।

### पीएम मोदी को आज नहीं तो कल माफी मांगनी होगी : सुबोधकांत सहाय



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री और प्रवर्तन निदेशालय के बीच चिट्ठियों के आदान-प्रदान और हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर केंद्रीय जांच एजेंसी की टीम के अधिकारियों के पहुंचने के बाद प्रदेश में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आज नहीं तो कल माफी मांगनी पड़ेगी। उन्होंने दावा किया कि प्रवर्तन निदेशालय की ओर से मीडिया में यह खबर फैलाई गई कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का कोई अता-पता नहीं है, वह ट्रेसलेस हैं। सुबोधकांत सहाय ने कहा कि मुझे लगता है कि भारत का फेडरल स्ट्रक्चर पूरी तरह से ढह गया है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को माफी मांगनी होगी। क्योंकि इस लोकतंत्र में राज्यों की सरकारें बदली जा रहीं हैं। पैसे के दम पर सरकारें बदल रहीं हैं। पार्टियों को पाला बदलने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल हो रहा है। यह हमारे लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। हमने अभी-अभी गणतंत्र दिवस ममाया है। लेकिन, जिस तरह से सरकारों को बदला जा रहा है, यह घातक है। अगर डर दिखाकर या पैसे के दम पर सरकारों को बदला जाएगा, तो यह देश कैसे बचेगा। मैं इतना जरूर कहूंगा कि पीएम मोदी को एक दिन इसके लिए पछतावा होगा।

### प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव में हंगामा

**शेरघाटी।** प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन अनुमंडल इकाई के पुनर्गठन समारोह हो हंगामा का भेंट चढ़ गया। इकाई के सदस्य जैसे ही समारोह स्थल पर पहुंचे। बैनर में पुनर्गठन शब्द न लिखकर वेलकम सेरिमनी और प्रेस कॉन्फ्रेंस लिखा देखकर कई लोगों को आश्चर्य हुआ। क्योंकि जिला से आए इकाई के अधिकारियों ने कार्यक्रम की शुरूआत मनोनीत अधिकारियों का मनोनीत की सूची की घोषणा से की। इकाई के सदस्य अचानक इस स्थिति को देखकर आश्चर्य में पड़ गये। कई लोगों ने विरोध दर्ज कराया। सैयद अहमद स्कूल के संचालक हरीश कमल के द्वारा विरोध दर्ज कराते हुए कहा गया कि गठित कमेटी समाज से बाहर है। उन्होंने कहा कि सूची में ऐसे लोगों का नाम अधिकारी और सदस्य में घोषित किया गया जो अनुमंडल इकाई के सदस्य ही नहीं है। सदस्यों ने इस पर कड़ी आपत्ति जाहिर की। इसी प्रकार चंद्रमणि विद्यालय के संचालक रामाश्रय शर्मा ने कहा कि संगठन के घोषित सूची हास्यपद है। में 60 वर्ष की नौकरी कर रिटायर हुआ हूं। बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ जैसे संगठन का बड़े पदधारक रहा हूं। वर्तमान अध्यक्ष शशिकांत शर्मा ने भी घोषित सूची पर आपत्ति जाहिर करते हुए कहा कि यह सूची दो चार लोगों के साजिश का परिणाम है। इससे संगठन कमजोर होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष को पस्थितियों से अवगत कराया जाएगा। इकाई की मजबूती के लिए पारदर्शी तरीके से अध्यक्ष के आदेश अनुसार संगठन गठन किया जाएगा। जिसके लिए संभावित 18 फरवरी का समय दिया गया था दिया गया है।

### 25 लोगों को मिलेगा झारखंड रत्न

**रांची।** लोक सेवा समिति की ओर से राज्य के 25 विभूतियों को झारखंड रत्न से सम्मानित किया जाएगा। समिति के झारखंड रत्न प्रदान करने का यह 25वां वर्ष है। रजत जंयती वर्ष पर समिति की ओर से बड़ा आयोजन किया जा रहा है। मालूम हो कि संस्था की ओर से प्रति वर्ष समाजसेवी, साहित्यकार, कला-संस्कृति, चिकित्सक, खिलाड़ी, राजनीतिज्ञ, प्रशासनिक अधिकारी, सद्भावना के लिए कार्यरत लोगों के साथ व्यवसाय व सीएसआर आदि क्षेत्र के विशिष्ट लोगों को सम्मानित किया जाता है। लोक सेवा समिति अपने सेवा कार्य का 33 वर्ष पूरा कर चुकी है। कार्यक्रम के संबंध में अन्य जानकारी मोबाईल नंबर 9934192072 पर लिया जा सकता है।

### भाजपा नेता कुणाल षाडंगी को मिला अंतरराष्ट्रीय यूथ आइकॉन अवार्ड

**रांची।** पूर्व विधायक और भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाडंगी अमेरिका के शिकागो में अंतरराष्ट्रीय यूथ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित हुए। शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज कल्याण की दिशा में उल्लेखनीय और अनुकरणीय योगदान के लिए कुणाल षाडंगी को यह सम्मान मिला है।शिकागो के मैट्रिक्स क्लब में आयोजित सम्मान समारोह में भारतीय दूतावास में भारत के राजदूत कंसोलेट जनरल सोमनाथ घोष ने यह सम्मान उन्हें प्रदान किया। मौके पर फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन के चेयरमैन सुनील शाह, अध्यक्ष प्रतिभा जयरथ एवं विनीता गुलाबनी सहित अन्य मौजूद थे।समारोह में शिकागो शहर में रहने वाले सैकड़ों प्रबुद्ध भारतीय उपस्थित थे। मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावशाली उपलब्धि हासिल करने वाले भारतीय मूल के वैज्ञानिकों, डॉक्टरों, खिलाड़ियों, संगीतकारों और कई अन्य विधा में प्रसिद्धि और उपलब्धि हासिल करने वाले भारत के कई लोगों को सम्मानित किया गया। विभिन्न देशों में रह रहे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप भी प्रदान की गई। कुणाल षाडंगी ने कहा कि मेरा दृढ़ विश्वास है कि आने वाले समय में युवाओं की सहभागिता अमेरिका की राजनीति में भी बढ़ेगी।

### शिक्षा सचिव के प्रभार से मुक्त किए गए के रवि कुमार

**रांची।** राज्य सरकार ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार को सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया है। इसका आदेश कार्मिक विभाग ने सोमवार को जारी कर दिया है। रवि कुमार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग के पद पर पदस्थापित हैं। उन्हें शिक्षा सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था। इसके साथ ही कई अन्य आईएएस अधिकारियों को बदलने की तैयारी है।

## एक नजर

### जदयू महिला प्रकोष्ठ ने मनाया गणतंत्र दिवस



**हजारीबाग।** जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग की महिला प्रकोष्ठ के द्वारा 75 वा गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। समारोह का आयोजन झील रोड स्थित अशोक सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष युवा के आवासीय कार्यालय में हुआ।झंडोत्तोलन महिला अध्यक्ष खुशबू कुमारी और सावित्री देवी ने संयुक्त रूप से किया।मौके पर सांस्कृतिक विकास केंद्र के विद्यार्थियों समेत अन्य गणमान्य उपस्थित थे। इस आयोजन में सांस्कृतिक विकास केंद्र के संतोष कुमार सुमन, अनमोल तिर्की समेत महिला प्रकोष्ठ की ओर से द्रौपदी देवी,नजराना प्रवीण, सोनी कुमारी ,पिंकी देवी रीना देवी और जनता दल यूनाइटेड की सचिव सुजाता सिंह ने शिरकत की।

# दलित राष्ट्रपति को न्योता नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण : आरसी मेहता



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
आज लोकतंत्र तानाशाही की ओर बढ़ रहा है। देश में चुनी हुई सरकारों को प्रलोभन देकर सरकार गिराना अलोकतांत्रिक है, विपक्ष को कमजोर करना दमनकारी नीति है। देश में किसान मजदूर बेरोजगार सरकारी कर्मी ड्राइवर पारा शिक्षक वकील डॉक्टर छोटे व्यापारी पत्थर बालू ट्रैक्टर व्यवसायी बेबस है। मोदी सरकार 2 करोड़ नौकरी प्रतिवर्ष देने का वादा करके तकरीबन 5 करोड़ लोगों की नौकरी छिना गया। रेल, हवाई जहाज, सिसिएल, एलआइसी, अस्पताल, स्कूल, कॉलेज इत्यादि दर्जनो सरकारी संस्थाओं का निजीकरण किया गया। देश में ईडी आयकर जैसी सरकारी संस्थाओं को तोता बनाया गया। सहारा इंडिया एवं सेबी में जमा गरीबों का जमा धन केंद्र सरकार देने में आनाकानी कर रही है। पेंशन छीना गया कृषि काला बिल सरकारी नौकरी के जगह देश में आउटसोर्सिंग ठेका थोपा गया,जिसमें एक ही विभाग में कार्यरत सरकारी नौकरी में किसी को 80 हजार मिल रहा है तो वहीं आउटसोर्सिंग में मात्र 8 हजार है। अग्निवीर देश के लिए घातक है।कुछ कॉर्पोरेट व्यापारियों को खाने का पूरा मौका दिया गया है। गरीब मध्य वर्ग मजदूर बेरोजगार वेवस है।रसोई गैस 400 से 1200 पर आ गई है रसोई सिलेंडर कोने में रखकर गरीब झूरी गोईठा काठी से खाना बनाने को मजबूर है। पेट्रोल डीजल बिजली चार गुणा महंगा भ्रष्टाचार शिष्टाचार बना ,खाद्य सामग्री चार गुना महंगा,लोगों की आमदनी घटता जा रहा है उक्त बातें कांग्रेस पार्टी के हजारीबाग विधानसभा उपविजेता ने अपने कार्यालय पीटीसी में कहा। डॉ मेहता ने कहा कि हालात भयावह है राम प्राण प्रतिष्ठा रामनवमी के दिन चैत में होना चाहिए, जिसे राजनीतिक लाभ के लिए 22 जनवरी को किया गया। देश में सामाजिक न्याय खतरे में है पिछड़ा आयोग का गठन कर सरकार तत्काल जातिगत गणना करावे, जिसकी जितना आबादी उसकी उतनी भागीदारी हो।

#### करण जायसवाल बने हजारीबाग यूथ विंग के अध्यक्ष

# उपाध्यक्ष की जिम्मेवारी मिली जयप्रकाश खंडेलवाल को



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
रविवार को बड़ा बाजार चौक स्थित उपाध्यक्ष विकास केसरी के निवास स्थान पर हजारीबाग यूथ विंग की एक अहम बैठक हुई, अध्यक्षता संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने की। बैठक के दौरान हजारीबाग यूथ विंग के नए अध्यक्ष के निर्वाचन को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा के उपरांत संरक्षक के द्वारा करण जायसवाल के नाम का प्रस्ताव डाला गया। अंत में सभी के निर्णय से सदर विधायक मनीष जायसवाल के सुपुत्र करण जायसवाल को अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। वहीं उपाध्यक्ष जयप्रकाश खंडेलवाल का मनोनयन किया गया है। इसके अलावा अभिषेक कुमार पांडे, मोहम्मद ताजुद्दीन, प्रणीत जैन, सिद्धांत जैन, प्रवेक जैन, विकास तिवारी, डॉ वी वेंकटेश, सनी देव, गुंजन मद्धेशिया को कार्यकारिणी सदस्य का दायित्व दिया गया। वहीं सचिव के पद पर संजय कुमार, उपाध्यक्ष विकास केसरी एवं कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल को उनके पूर्व की जिम्मेदारी दी गई है।

## न्यूज बॉक्स

### सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**बरही।** रसोईया धमना स्थित सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल के बच्चे शैक्षणिक भ्रमण के लिए बोधगया गए। प्राचार्य नीतेश कुमार ने बताया कि सैद्धांतिक ज्ञान के साथ विद्यार्थियों में व्यावहारिक ज्ञान होना भी नितांत आवश्यक है। इसके लिए समय-समय पर बच्चों को ऐतिहासिक और दर्शनीय स्थलों का परिभ्रमण करना जरूरी होता है। इन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति के लिए विद्यालय से प्रतिवर्ष बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया जाता है। इसी क्रम में रविवार को 8वीं से 10वीं के कुल 800 विद्यार्थियों को भगवान बुद्ध के ज्ञान प्राप्ति स्थान बोधगया ले जाया गया। जहां बच्चों ने मुख्य मंदिर, ऐतिहासिक पीपल वृक्ष, विभिन्न मंदिरों का अवलोकन किया और उसके इतिहास को समझने का प्रयास किया। भ्रमण के दौरान विद्यालय के शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद थे। भ्रमण में जाने वालो में निदेशक टूकलाल साहू व प्राचार्य सहित विभा शर्मा, नरेश कुमार, अजय कुमार, शिबू रजक ,अरुण कुमार, सरिता कुमारी ,बबीता कुमारी, कल्पना कुमारी, प्रियंका कुमारी ,अमृता कुमारी,सोनी कुमारी, सबिता कुमारी आदि शिक्षक शिक्षिका मौजूद थे।

### एआईएमआईएम ने मनोज हत्याकांड में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग की



**बरही ।** पोस्टमार्टम के बाद रविवार को मृतक मजदूर करियातपुर निवासी मनोज रविदास का स्थानीय शमशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर कई सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता बी मौजूद थे। एआईएमआईएम के बरही विस प्रभारी सूरज दास ने बताया कि दलित की हत्या के बाद अब तक किसी जनप्रतिनिधि ने मृतक के परिजनों से मिलने की औपचारिकता भी पूरा नही किया। वही सवर्ण की हत्या पर राज्य के मंत्री तक पहुंचकर मुआवजा तक दिए। आए दिन दलित की हत्या हो जाती है और न्याय के लिए परिश्रम करना पड़ता है। जातिवादी नेता मौन रहते हैं। अब मौन व्रत नहीं चलेगा और इंसाफ के लिए सभी को एकजुट होकर लड़ना होगा। उन्होंने कहा कि मृतक मनोज की हत्या में संलिप्त अन्य अपराधियों को पुलिस शीघ्र गिरफ्तार करे। उन्होंने मृतक के परिजनों से मुलाकात किया एवं हर संभव सहयोग का आश्वासन देते हुए मृतात्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया। विदित हो कि मृतक मनोज का शव शनिवार को करियातपुर मैदान में फेंका हुआ मिला था। मामले को लेकर पुलिस ने एक को जेल भी भेज दिया है।

#### योजना का विधायक आज करेंगे शिलान्यास

# पांच पंचायतों के लोग होंगे लाभान्वित, पेयजल संकट होगा दूर



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
मंगलवार को पीएचईडी कार्यालय परिसर में विधायक उमाशंकर अकेला चिर प्रतीक्षित पेयजल योजना का शिलान्यास करेंगे. जिसके क्रियान्वयन से बरही पूर्वी, पश्चिमी, बेंदगी, रसोईया धमना और कोनरा पंचायत के लोग लाभान्वित होंगे. विधायक श्री अकेला ने बताया कि जब वह पहली बार विधायक बने तो 2013 में उन्होंने इस योजना की शुरूआत किया था. 2014 में उनके चुनाव हारने के बाद यह योजना अधर में चला गया. डीवीसी भी अपने सीएसआर कोष देने से मुकर गया. 2019 के चुनाव जीतने के बाद फिर से इस योजना योजना को मूर्त रूप देने का प्रयास किया. इसके लिए विभाग की ओर से पुनः टेंडर किया गया. जिसपर युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है. मंगलवार को मुख्य पाईप लाईन बिछाने और आवासीय कार्यालय निर्माण हेतु शिलान्यास किया जायेगा. सभी पंचायतों में पाईप लाईन बिछाने का कार्य लगभग पूरा किया जा चुका है. पूर्ण विश्वास है कि गर्मी के पहले पेयजलापूर्ति प्रारंभ हो जायेगा.

## कुष्ठ जागरूकता अभियान को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

# कुष्ठ रोगों को न्यूनतम स्तर पर पहुंचाने की ली शपथ



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्यतिथि के आलोक में 30 जनवरी से 13 फरवरी 2024 तक चलाए जाने वाले स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान को लेकर सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर डीसी ने कहा कि झारखंड से कुष्ठ रोगों को निम्न स्तर पर पहुंचाने का अधिकारियों ने ली शपथ। बैठक के दौरान राज्य समन्वक राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम झारखंड रांची डॉक्टर सिद्धार्थ के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से उपायुक्त एवं बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन अभियान के तहत आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों, कुष्ठ रोग के उपचार व रोकथाम के लिए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं तथा 2027 तक कुष्ठ रोग के तहत जीरो स्टिग्मा का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु किए जाने वाले कार्यों आदि की जानकारी दी गई जिसके उपरांत उपायुक्त ने अभियान के तहत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किए जाने वाले शिविरों के माध्यम से लोगों को कुष्ठ रोग से जुड़े भ्रांतियों को दूर करने, रोग की पहचान एवं त्वरित रूप से उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र आदि में जाने को जागरूक करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने लोगों को जागरूक करने हेतु ज्यादा से ज्यादा ग्राम सभा आयोजित करने, विद्यालय स्तर पर बच्चों को कुष्ठ रोग से जुड़ी भ्रांतियां के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से लोगों को कुष्ठ रोग से जुड़ी भ्रांतियां एवं रोग के उपचार आदि के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन अभियान के उद्देश्यों को पूरा करने हेतु जनप्रतिनिधियों की सहभागिता कार्यक्रम में सुनिश्चित करते हुए उनके माध्यम से भी लोगों को जागरूक करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया।

### डिवाइन पब्लिक स्कूल में ताइक्वांडो बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा संपन्न, 35 बच्चे हुए शामिल



**बरकट्ठा।** गंगपाचो स्तिथ डिवाइन पब्लिक स्कूल मे बेल्ट ग्रेडिंग की परीक्षा संपन्न हुई। लगभग 35 बच्चों ने बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा में भाग लिया। जिसमें कुछ बच्चों ने येल्लो बेल्ट, कुछ ने ग्रीन बेल्ट, कुछ ने ग्रीन 1, ब्लू, ब्लू 1, और रेड 1 की परीक्षा दी। ज्ञात हो कि इस विद्यालय का छात्र राजेश कुमार पहले भी नेशनल गेम्स खेल चुका है और उसने रेड 1 की परीक्षा दी। आने वाले चार महीनों मे वो ब्लैक बेल्ट की परीक्षा देगा। विद्यालय निदेशक इंद्रदेव प्रसाद भारती ने कहा की स्कूली शिक्षा के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को शारीरिक शिक्षा का ज्ञान होना भी बहुत जरूरी है। हर स्कूल- कॉलेजों में बच्चों को मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण देना जरूरी है। मार्शल आर्ट की शिक्षा शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास में भी अहम भूमिका निभाती है। कराटे सहित मार्शल आर्ट की अन्य विधाएं हमें सिर्फ शारीरिक रूप से ही मजबूत नहीं बनातीं बल्कि इससे व्यक्ति मानसिक रूप से भी परिपक्व होता है। विद्यालय की प्राचार्या स्वाति ने अपने संबोधन में कहा कि आज के दौर में आत्मरक्षा बहुत आवश्यक हो गयी है।सेल्फ डिफेंस के लिए युवा वर्ग को मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण जरूरी है। इसे भी दैनिक कार्य की तरह जीवन का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। नियमित मार्शल आर्ट का अभ्यास करने से शारीरिक, मानसिक, नैतिक आत्मिक विकास को एक साथ बल मिलता है।

### कृषि प्रशिक्षण वाहन को हरी झंडी दिखाकर उपायुक्त ने किया रवाना

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा अन्तः जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रति किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से 29 जनवरी को कृषि प्रशिक्षण वाहन को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), रामगढ़ के द्वारा जिले के सभी प्रखंडों के कुल 59 गावों में दिनांक 29-01-2024 से 28-02-2024 तक विभिन्न कृषको को जैविक खेती, टपक सिचाई के द्वारा खेती, प्राकृतिक खेती, मिटटी नमूना जाँच, तरबूज स्ट्रॉबेरी और मशरूम की खेती आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। मौके पर उपायुक्त ने कृषि प्रशिक्षण वाहन का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान कृषि विशेषज्ञ द्वारा उपायुक्त को किसानो को दिए जाने वाले प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी गयी। गौरतलब है की उपायुक्त, रामगढ़ श्री चंदन कुमार द्वारा अधिकारियों को रामगढ़ जिले के किसानों को कृषि की नई तकनीक, आधुनिक उपकरणों के प्रयोग से संबंधित प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया गया है।

#### संस्कार भारती संगठन की जिला इकाई का हुआ गठन

# युवा पीढ़ी के कलाकारों को नई दिशा देने के लिए सदैव तत्पर है : डॉ सुशील




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
जिले के विश्व हिन्दू परिषद के कार्यालय में संस्कार भारती संगठन झारखंड प्रांत के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुशील अंकन की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन कर रामगढ़ की जिला इकाई गठन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गीत से की गई। आपसी विचार विमर्श के बाद रामगढ़ जिले में एक बहुत ऊजार्वान टीम को प्रस्तावित करके पूर्ण कार्यभार सौंपा गया। इस इकाई में संगीतकार विश्वनाथ दूबे को रामगढ़ जिले का अध्यक्ष बनाया गया। पुतुल सिंह को उपाध्यक्ष और ऊजार्वान युवा कवि राकेश श्रीवास्तव को मंत्री पद देकर कार्यभार दिया गया। रणधीर कुमार को कोषाध्यक्ष बनाया गया। विद्या संयोजक के तहत संगीत कला संयोजक मनोज पाठक , चित्रकला संयोजक पिंकी कुमारी एवं ऋषभ सिन्हा को जिला कार्यकारिणी का पदभार दिया गया। संरक्षक विकाश झा और मार्गदर्शक मंडल के नितेश मोदी भी मौजूद थे। बताते चलें की वर्तमान में देशभर में संस्कार भारती की 1200 से अधिक शाखाएं हैं। इसका आदर्श वाक्य है कला बुराई के बंधनों को काटकर स्वतंत्रता देती है। संस्कार भारती देशभक्ति जगाने, भारतीय संस्कृति और मूल्यों की सराहना करने और विभिन्न कलाओं और नवीन कलाकारों के विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से समाज के सभी कलात्मक क्षेत्रों में काम करती है। मौके पर डॉ सुशील अंकन ने कहा की बच्चे संस्कारी हों उसके लिए संस्कार भारती निरंतर प्रयास करती है, हमारी युवा पीढ़ी के कलाकारों को नई दिशा देने के लिए संस्कार भारती सदैव तत्पर है।

# स्वर्गीय तुलाराम महतो की पुण्यतिथि मनायी गयी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
जिला के चेटर गांव के स्वर्गीय तुलाराम महतो की द्वितीय पुण्यतिथि सोमवार को चेटर के समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों और शिक्षकों द्वारा मनायी गयी। इस मौके पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों और शिक्षकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही सभी ने स्व तुलाराम महतो के बताए मार्ग का चलने का संकल्प लिया। तुलाराम महतो एक ऐसी शख्सियत थे जिन्होंने कम शिक्षित रहते हुए भी गांव को जिला ही नहीं राज्य नहीं अपितु देश के पैमाने पर पढ़ने लिखने और साक्षर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। तुलाराम महतो और उनकी धर्मपत्नी श्रावणी देवी ने मिलकर कसमें खाई थी कि हम लोग अगर यदि साक्षर नहीं है तो क्या हुआ हम अपने घर परिवार अपने समाज को साक्षर बनाएंगे और ऐसा ही उन्होंने किया । कठिन लगन और परिश्रम की बदौलत अपने सभी पुत्रों को अच्छी शिक्षा दिलाई । दोनों ने मिलकर अपनी पुत्र बधुओं को भी शिक्षा पुत्रवत दिलाने का काम किया।

### बरकट्ठा साप्ताहिक बाजार की डाक 2 लाख 54 हजार में महादेव को मिली



**बरकट्ठा।** सोमवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार बरकट्ठा का डाक उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद हजारीबाग के सभागार में प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीलामी किया गया। जिसमें 2लाख 47हजार 2सौ 50 रुपए सरकारी डाक था।वहीं महादेव यादव ने सबसे अधिक बोली लगाकर 2लाख 54हजार रुपए देकर नीलामी अपने नाम कर ली। इस टीम में महादेव यादव, संजय यादव, धीरज गुप्ता, बजरंग साव, जागेश्वर साव, अनिल चंद्रवंशी, सिकंदर यादव शामिल हैं।

### परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का किया गया लाइफ प्रसारण

**बरही ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा विषय पर आधारित कार्यक्रम का डीएवी पब्लिक स्कूल में लाइव प्रसारण किया गया. जिसका विद्यालय के विद्यार्थियों सहित शिक्षको ने आंखों देखा हाल जाना. इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के सवालों को सुना और समझने का प्रयास किया. साथ ही पीएम के सफलता के मंत्र को जाना. प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने बच्चों को काउंसलिंग करते हुए बताया कि विद्यार्थियों को परीक्षा कभी भी बोझ नहीं समझनी चाहिए. वह उसे एक उत्सव के रूप में लें और उत्साह पूर्वक उसमें भाग लें. पीएम का यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अति लाभकारी है. इससे विद्यार्थी देश के विभिन्न विद्यालयों के बच्चो की बाते को समझते है. उनकी समस्याओं के समाधान के बारे में जानते है.

## रामगढ : गुरुनानक स्कूल की छात्रा परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में जुड़ी

# पीएम मोदी परीक्षा से पहले छात्रों से हुए रूबरू





**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ के श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में परीक्षा पे चर्चा का आयोजन किया गया। 29 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छात्रों से परीक्षा पे चर्चा के माध्यम से बहुत सारी बातें की । उन्होंने कहा कि वे बच्चें जो बोर्ड के एग्जाम दे रहे हैं हमें उनके मनोबल को बढ़ाना चाहिए और उनकी मन में उठ रही कठिनाइयों को दूर करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्री मोदी ने बोर्ड परीक्षा 2024 से पहले देशभर के 10वीं और 12वीं क्लास के स्टूडेंट्स के तनाव को कम करने के लिए 'परीक्षा पे चर्चा की और छात्रों के दिलों से डर हटाने के लिए रूबरू हुए। कार्यक्रम में पीएम मोदी ने स्टूडेंस्ट, टीचर्स और पेरेंट्स के साथ बोर्ड परीक्षा से पहले होने वाले तनाव और डर को कम करने के लिए 7वीं बार 'परीक्षा पे चर्चा की। विद्यालय के बच्चों को परीक्षा पर चर्चा के कार्यक्रम को दिखाया गया और उन्होंने मोदी के कहे हुए बातों को सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारे यहां शास्त्रों में कहा गया है कि किसी भी चीज की अति बुरी है। मां ने बहुत बढ़िया खाना बनाया है, स्वाद आपकी पसंद का है, समय भी खाने का है लेकिन बस खाते जा रहे हैं, मां परोसती जा रही हैं, क्या यह संभव है? कभी ना कभी तो सब कहते हैं कि मां अब पेट भर गया।ऐसे में एक स्टेज आ जाती है कि वो खाना भी आपको तकलीफ देगा, कितना भी प्रिय खाना आपको छोड़ना पड़ेगा। उन्होंने कहा बहुत कम मेरे हाथ में मोबाइल फोन होता है, मुझे मालूम है कि यह मेरे लिए आवश्यक साधन भी है।जो मां-बाप खुद भी दिनभर मोबाइल में रहते होंगे वो भी चाहते होंगे के मेरा बेटा इससे बचे।उन्होंने माता-पिता के लिए यह संदेश दिया कि बच्चों पर विशेष ध्यान दें। उनके तनाव को दूर करने के लिए उनसे हमेशा बातचीत करते रहे। मोदी जी ने कहाअगर 100 मिलियन चुनौतियां हैं तो बिलियन समाधान भी हैं। हमें चुनौतियों से डरना नहीं चाहिए बल्कि उनका सामना करना चाहिए। बच्चों को पढ़ाई का कितना प्रेशर सहना पड़ता है।उन्होंने कहा कि छोटा सा मस्तिष्क न जाने कितने समस्याएं उन्हें घेरे रखती हैं।पेरेंट्स अपने बच्चों के साथ रहें, बच्चों के लिए समय निकले।मोबाइल पर समय न गंवाए। थोड़ा समय बच्चों के लिए निकालें। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि बच्चों में प्रतिस्पर्धा के बीज न बोए, टेक्नोलॉजी को बोझ ना समझे, उसका सही उपयोग करें। उचित मात्रा में भोजन ले शारीरिक व्यायाम करें और उचित निर्णय ले। निर्णायक बनने की डालें आदत, कंफ्यूजन में रहने से बचें', परीक्षा पे चर्चा में पीएम मोदी ने दिया छात्रों को मंत्र, अभिभावकों से आग्रह किया कि अपने बच्चे की तुलना दूसरे बच्चों से ना करें।

### स्पर्श जागरूकता अभियान को लेकर सीएचसी बरकट्ठा में बैठक संपन्न

**बरकट्ठा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में स्पर्श जागरूकता अभियान को लेकर बैठक हुई. अध्यक्षता चिकित्सका प्रभारी डॉ रत्ना रानी कुंज ने की संचालन बीपीएम रंजीत कुमार सिंह ने किया. मौके पर प्रखंड प्रमुख रेणू देवी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, उपाध्यक्ष कुद्दूस अंसारी, डॉ निशात बेक, डॉ फातमा खातून मौजूद थी. बैठक का आयोजन 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलने वाली स्पर्श कार्यक्रम सफल बनाने को लेकर किया गया. बैठक में टीवी रोग की जानकारी प्रशिक्षक विवेक कुमार तथा कुष्ठ रोग की प्रशिक्षक किशन राम ने दी. दोनों प्रशिक्षक ने टीवी और कुष्ठ रोग की रोकथाम को लेकर पंचायत और गांव में लोगों के बीच चलाई जाने वाली जागरुकता की जानकारी दी. इस अवसर पर प्रधान लिपिक सोनी रविदास, हेल्थ मैनेजर पंकज कुमार, भवेश कुमार, बीटीटी प्रकाश पंडित, चंदन कुमार, जीएनएम सुसाना केरकेट्टा, एएनएम किरण कुमारी समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के बच्चों ने सुनी प्रधानमंत्री की परिक्षा पे चर्चा



**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हार टोली, हजारीबाग के कक्षा दशम एवं द्वादश की बोर्ड परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को प्रोजेक्टर के माध्यम से एटीएल में एवं डिजिटल बोर्ड के माध्यम से कंप्यूटर लैब में दिखाया गया' इस कार्यक्रम को देखकर भैया- बहन काफी लाभान्वित हुए ' विद्यालय से कक्षा दशम एवं द्वादश बोर्ड परीक्षा 2024 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातों को सुना ' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बच्चों से कहा तनाव से बचे ,चुनौतियां एवं स्पर्धा का सामना करें, कंपटीशन भाव के साथ पढ़ाई करें, हेल्दी स्वास्थ्य पर ध्यान दें, नकारात्मक स्पर्धा से बचना आवश्यक है, पूर्व के परीक्षाओं के प्रश्न पत्रों का अभ्यास करें, स्वयं से कंपटीशन करे ' प्रतिभावान दोस्त से हमारा विकास होता है, स्पर्धा मित्र से नहीं स्वयं से करें साथ ही सकारात्मक भाव को लेकर परीक्षा की तैयारी करें' इन सभी बातों को विद्यार्थियों ने सुना।

## एक नजर

### बानो में मोटरसाइकिल व टेम्पो में हुई टक्कर दो के पैर टूटे



**बानो।** बानो में मोटरसाइकिल एवं टेंपो के बीच हुई टक्कर दो लोगों का टूटा पर घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जराकेल निवासी मनसीद कंडुलना व जीवन सिंदुरिया व सुजीत को मोटरसाइकिल में बिठाकर लचगढ़ जा रहा था ,तभी घर से कुछ दूरी पर ही टेम्पो ने टक्कर मार दी । टेम्पो के टक्कर से मोटरसाइकिल सवार गिर पड़े । मोटरसाइकिल सवार मनसीद कंडुलना व जीवन सिंदुरिया का पैर टूट गया । जबकि अन्य एक सवार सुजीत सिंदुरिया को मामूली चोट लगी है।घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो इलाज के लिए ले जाया गया। डॉ संजय कुमार कुमार ने बताया कि मनसीद कंडुलना का दाहिना पैर व जीवन सिंदुरिया का बायां पैर में फ्रेक्चर हो गया है। दोनों का प्राथमिक उपचार कर सिमडेगा रेफर कर दिया गया है।परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार घायलों का इलाज के लिए राउरकेला ले जाया गया।

### प्रथम हॉकी सिमडेगा जूनियर महिला जिला चैंपियनशिप में तीसरे दिन खेले गए 2 मैच



**सिमडेगा।** हॉकी सिमडेगा द्वारा 26से 31जनवरी 2024 तक एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा में आयोजित प्रथम हॉकी सिमडेगा जूनियर महिला जिला चैंपियनशिप 2024 का तीसरे दिन दो मैच खेले गए।सोमवार का पहला मैच ग्रास रूट सिनी जलड़ेगा ने कस्तूरबा गांधी विद्यालय बानो को 7-0 से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश की। जिस मैच में बानो की सोनाली कांडूलना को प्लेयर ऑफ द मैच चयनित किया गया। दूसरा मैच में आरसी ऊ मध्य विद्यालय करगागुड़ी ने आत्म निर्भर हॉकी प्रशिक्षण केंद्र कुरकुरा को 5-0से पराजित की।इस मैच में कुरकुरा की प्रमिला कुल्लू प्लेयर ऑफ द मैच चयनित की गई। जिसे हॉकी स्टिक देकर सम्मानित किया।प्रतियोगिता को सफल बनाने में हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी,सुनील तिर्की,पंखरासियूस टोप्पो, कमलेश्वर मांझी, एलशन किड़ो, बसंत बा,राहुल मिंज,सुजीत एक्का,प्रतिमा तिर्की,करिश्मा परवार,प्रतिमा बरवा, कुणुल भेंगरा, दिव्य डुंगडुंग,रोहित बेसरा, मनसुख जोजो, एवम लिटिल टाइगर तथा हॉकी सेंटर के खिलाड़ी इत्यादि की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## कल्याण विभाग का अधिकारी बनकर लोगों से की ठगी

# नगर परिषद के प्रशासक ने आरोपी को कराया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा कचहरी के पास सोमवार को फिल्मी स्टाइल में इटकी निवासी मेराज अंसारी नामक युवक को कल्याण विभाग के अधिकारी सिमडेगा का एवं नगर परिषद के प्रशासक के द्वारा दबोच कर पुलिस के हवाले किया। बताया गया कि वह विगत एक महीना से सिमडेगा सारे क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्रों में घूम-घूम कर खुद को कल्याण विभाग के अधिकारी बताकर कल्याण विभाग द्वारा मिलने वाला लाखों रुपए का लोन दिलाने के लिए लोगों को अपने झांसी में लेता था और उनसे पैसा लेकर और फिर उन्हें लोन दिलाने के नाम पर टालमटोल कर रहा था। बताया गया कि उसके द्वारा सिमडेगा अतिथि बिहार होटल में विगत एक महीना से ठहरा हुआ है और आसपास के क्षेत्र में घूम-घूम कर लोगों को लोन दिलाने के लिए अपने झांसे में लेता था बताया गया की सबसे पहले ऑनलाइन करने के लिए सारे कागजात मांगने के साथ ही 500 नगद राशि लेता था और बाद में कागजी कार्रवाई में अन्य खर्च के नाम पर उनसे 2265 रुपए की राशि और इसके बाद 10000 इस तरह से कुल प्रत्येक व्यक्ति से ?16000 की नगद राशि जमा करने के लिए कहता था और इधर लोग उसके झांसे में आकर अपने साथ-साथ अपने आसपास के पड़ोसियों को भी लोन दिलाने के नाम पर उसके सामने पैसा दिलवाया। इधर जब लंबा समय के बाद लोन नहीं मिलने लगा तब लोगों को शक हुआ और उन्होंने जिला कल्याण विभाग में जाकर पता किया तब उन्हें पता चला कि लोन दिलाने के नाम पर किसी प्रकार की कोई भी पैसा नहीं लिया जाता है, वह एक सरकारी प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन एप्लीकेशन देने पर उन्हें लोन उनके खाते में डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर होता है।

## कुष्ठ जागरूकता अभियान 30 जनवरी से 13 फरवरी तक

# अभियान को सफल बनाने की योजना तैयार करें पदाधिकारी : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान 30 जनवरी से 13 फरवरी 2024 जिला में प्रारंभ किया जा रहा है। जिसको लेकर उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठकका आयोजन किया गया।बैठक के दौरान सिविल सर्जन डॉ अजीत खलखो द्वारा उपस्थित सदस्यों को स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान 2024 के बारे में बताया गया । बैठक के दौरान उपायुक्त ने राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान 2024 को शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान 2024 को सफल बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार करें। उपायुक्त ने निर्देशित किया कि 'कुष्ठ के विरुद्ध आखिरी जंग की तर्ज पर इस 15 दिवसीय स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान 2024 के तहत जिले के प्रत्येक गांव की ग्राम पंचायत व आंगनबाड़ी केंद्रों सहित अन्य माध्यमों से कुष्ठ रोग के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करें।

# केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ लें ग्रामीण : श्रद्धानंद बेसरा



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** क्षेत्र भ्रमण के दौरान भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा ने कुरडेग प्रखंड पंचायत हेठमा राजस्व ग्राम आसनबेड़ा पंडरीपानी का दौरा कर लोगों से मुलाकात की, मौके पर उन्होंने ग्रामीणों से केंद्र सरकार के अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की साथ ही एक दिन के प्रवास के दौरान लोगों ने श्री बेसरा को बताया कि विगत सप्ताह पहले एक गाड़ी की लपेट में आने से विद्युत तार के खिंचाव से विद्युत खम्भा टुट कर गिर गया है जिस के कारण अंधेरे में रात गुजारने को विवश हैं। उन्होंने श्री बेसरा को इस बात की भी जानकारी दिया कि गांव में जल नल योजना के तहत दो जल मीनार लगे हैं, सभी घरों में नल कनेक्शन दिया गया है परन्तु दोनों जलमिनार से पानी का वितरण नहीं हो रहा है। इस का मुख्य कारण है कि सड़क निर्माण के दौरान चापाकल धंस गया और पाइप में मिट्टी जामा हो गया है। जिसके कारण सरकार की योजना का लाभ नहीं मिल रहा है।श्री बेसरा ने ग्रामीणों की विद्युत संबंधित समस्या के समाधान के लिए विद्युत विभाग के जेई को फोन पर समस्या को सुचित करते हुए जल्द समाधान करने को कहा।

## कुरडेग में दर्जनों लोग कांग्रेस में हुए शामिल

# जोसिमा खाखा ने किया स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग** कुरडेग प्रखंड के दर्जनों ग्रामीण सोमवार को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल होने वाले सभी ग्रामीणों को जिप सदस्य सह कांग्रेस नेत्री जोसिमा खाखा व जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल ने पूरे सम्मान के साथ फूल माला पहनाते हुए पार्टी में शामिल किया। जोसिमा खाखा ने पार्टी में शामिल होने वाले सभी ग्रामीणों के प्रति आभार जताया। साथ ही उनके निर्णय का सराहना करते हुए कहा कि आज से ग्रामीण सही पार्टी में आये हैं। अब आप सभी को पूरा सम्मान मिलेगा। कांग्रेस पार्टी में हर एक कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान दिया जाता है। कांग्रेस में किसी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं है। जाति धर्म, उच्च नीच की भावना से ऊपर उठकर कांग्रेस पार्टी काम करती है। अपने कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान देती है। जोसिमा ने कहा कि जिले में जब से भूषण बाड़ा विधायक बनें है। संगठन में लोग तेजी से जुड़ रहे हैं। पार्टी में जुड़ने वाले कार्यकताओं को पूरा सम्मान भी मिल रहा है। जोसिमा खाखा ने कहा कि लोगों का तेजी के साथ संगठन से जुड़ना इस बात का संकेत है कि आने वाले दिनों में कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित है। आप सभी कार्यकर्ता अन्य लोगों को भी कांग्रेस से जुड़ने की अपील करें। मौके पर प्रभात खाखा, बलसीयूश कुजूर, अल्बिनुष खाखा, अशोक कुजूर, इसहाक अंसारी सहित दर्जनों लोगों ने पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर दीपक जयसवाल, फ्रांसीस खलखो, सुमिरा लकड़ा, प्रखंड अध्यक्ष सविता, मो समीम, प्रतिमा कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा, मो अंसारी जी, अशोक राम, अजय सेनापति आदि उपस्थित थे।

## विधायक मद से बनने वाले गार्डवाल का जिप सदस्य ने किया शिलान्यास

# ग्रामीणों की हर छोटी बड़ी समस्याएं दूर की जायेंगी



**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग** प्रखंड के परकला टांगराटोली गांव में बनने वाले गार्डवाल का जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने शिलान्यास किया। मौके पर जोसिमा खाखा ने शिलापट्ट का अनावरण किया। वहीं संवेदक को गार्डवाल निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण कराने का निर्देश दिया। जोसिमा खाखा ने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा लगातार क्षेत्र में विकास का काम कर रहे हैं। उनके प्रयास से गांव मुहल्ले में सड़कें बनाई जा रही है। जगह जगह पीसीसी पथ का निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था में सुधार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की हर छोटी बड़ी समस्याओं को दूर करने की दिशा में विधायक लगातार प्रयासरत हैं। आप सभी ग्रामीण भी विधायक के साथ जुड़ें। अपनी हर छोटी बड़ी समस्याएं रखें। जोसिमा ने कहा की विधायक भूषण बाड़ा जनता की सभी समस्याओं को जाति-धर्म, उच्च-नीच के भेदभाव से ऊपर उठकर समाधान करा रहे हैं। यही कारण है कि जनता आज विधायक की कार्यशैली एंव उनके सरल स्वभाव से काफी खुश हैं। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल, प्रतिमा कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा, दीपक जयवाल, पूर्व मुखिया फ्रांसिस खलखो, सुमिरा लकड़ा, प्रखंड अध्यक्ष सविता, मो समीम, अशोक राम, अजय सेनापति, मो अंसारी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# डीसी ने कृषि विभाग संचालित योजनाओं की समीक्षा की



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** केन्द्रीय मंत्री, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय एवं जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार अर्जुन मुण्डा के द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में सिमडेगा जिले का कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के समग्र विकास हेतु एक वार्षिक योजना बनाया जाना है। इसके निमित्त उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कृषि एवं कृषि से संबंधित सभी विभाग की बैठक की गई। बैठक दौरान उपायुक्त ने विभागीय क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक जानकारी ली।आगामी कृषि वर्ष हेतु कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा की गई।उन्होंने कृषि वर्ष 2024-25 हेतु कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला में कृषि क्षेत्र में उत्पादन किए जाने वाले सभी फसलों का आवश्यक रिपोर्ट एवं उत्पादन क्षमता की डाटा तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिले में अधिक मात्रा में उत्पादन किए जाने वाली फल, सब्जी एवं वनोपज से संबंधित आवश्यक रिपोर्ट तैयार कर समर्पित करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी मुनेंद्र दास, जिला सहकारिता पदाधिकारी आत्म अभय टोप्पो, जिला मत्स्य पदाधिकारी कुसुम लता, जिला पशुपालन पदाधिकारी एवं कृषि संबंधित विभाग के पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# जामटोली के ग्रामीण झापा में हुए शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा** प्रखंड के जामटोली में ग्रामीणों के द्वारा अपनी समस्याओं को लेकर झारखंड पार्टी की बैठक रखी जिसमें पूर्व मंत्री एनोस एक्का मौजूद रहे। मौके पर ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को रखा और बताया गया कि बिजली विभाग द्वारा लगातार परेशान करने का काम किया जा रहा है। मनमाना तरीके से बिल भेज कर फर्जी मुकदमा दर्ज की जा रही है जिससे ग्रामीण भयभीत है। जामटोली नायक बस्ती तक आने वाली सड़क की बदहाल स्थिति है इसके अलावा शिक्षा स्वास्थ्य सहित कई मूलभूत समस्याओं को अवगत कराया जिसके बाद पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि आप सभी के बीच जो भी समस्या आज दिख रही है उसका एकमात्र कारण यही है कि आप कभी भी ना तो सामाजिक रूप से और ना ही राजनीतिक रूप से संगठित रहें हैं। जब भी चुनाव आता है तो आप झूठे आश्वासन और धर्म को लेकर गुमराह हो जाते हैं एवं एक ऐसे जनप्रतिनिधि का चुनाव कर लेते हैं जिसको आपकी समस्या से कोई सरोकार नहीं । राष्ट्रीय पार्टी सिर्फ और सिर्फ जाति और धर्म के नाम पर आप जैसे गरीब जनता का वोट लेकर जीतते हैं फिर जनता को ही भूल जाते हैं, जिसका नतीजा आज आपके सामने है।

### एनएसयूआई छात्र संघ ने कालेज छात्रावास का किया निरीक्षण

**सिमडेगा।** कांग्रेस छात्र संगठन एनएसयूआई की टीम ने रविवार देर रात सिमडेगा कॉलेज स्थित आदिवासी छात्रावास का औचक निरीक्षण किया ।मौके पर आदिवासी छात्रावास में रह रहे छात्रों की समस्याओं को जानने के लिए छात्रों से संवाद किया। मौके पर छात्रों ने अपने समस्याओं को एनएसयूआई के समक्ष रखा जिसमें मुख्य समस्या बिजली चली जाने पर इनवर्टर की व्यवस्था नहीं होने के कारण छात्रों को पढ़ाई में काफी दिक्कत होती है, छात्रों ने अपनी छात्रावास में हो रहे अन्य असुविधाओं की पूर्ति के लिए एनएसयूआई को ज्ञापन पत्र सौपे ।एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष सरताज खान ने छात्रों के समस्याओं को सिमडेगा विधायक भूषण बाडा. को उनके आवास पर पहुंचकर अवगत कराया साथ ही छात्रावास में असुविधाओं की पूर्ति को लेकर एनएसयूआई ने ज्ञापन पत्र सोपा ।विधायक ने उपायुक्त सिमडेगा को इसकी सूचना देते हुए छात्रावास में हो रही समस्याओं को दुर करने का निर्देश दिया।

# भोगता समाज की दशा व दिशा तय करेगा आभार रैली : मंगल सिंह भोगता



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा के बरहामुड़ गांव में सोमवार को खरवार भोगता समाज विकास संघ की बैठक मंगल सिंह भोगता की अध्यक्षता में हुई। जिसमें 22 फरवरी को प्रस्तावित प्रमंडल स्तरीय सामाजिक सम्मेलन सह आभार महारैली के सफल आयोजन पर विचार विमर्श किया गया। कहा कि दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय सामाजिक सम्मेलन में प्रमंडल एवं प्रदेश के बाहर से भी भोगता समाज के सदस्यों को आमंत्रित किया जाएगा। प्रमंडल के सभी जिला से सामाजिक भागीदारी के जिला कमेटी को जिम्मेवारी दी गई और कार्यक्रम स्थल की तैयारी एवं सिमडेगा जिला से अधिक से अधिक लोगों की उपस्थिति के लिए मेजबान जिला को सबसे अधिक जिम्मेवारी दी गई। मंगल सिंह भोगता ने कहा कि यह आभार महारैली में शक्ति प्रदर्शन किया जाएगा जो भोगता समाज का राजनीतिक दशा और दिशा तय करेगा। मुख्य अतिथि के आमंत्रण पर विचार विमर्श किया गया और केंद्रीय महासचिव जगन्नाथ भोगता को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से संपर्क करने का अनुरोध किया गया। बैठक में सीताराम भोगता, दिनेश प्रधान, संदीप प्रधान, फूलमनी देवी, ललिता देवी, रतनी देवी, बैशाखी देवी, बासमती देवी, सनमइत देवी, वीणा देवी, नीरो देवी, बालमती देवी, भरत प्रधान, हीरालाल प्रधान, सुदर्शन भोगता, शिवशंकर भोगता, भानुप्रताप प्रधान आदि शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### जनजातीय मंत्रालय के सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने भाजपा कार्यकर्ता दिल्ली रवाना




**सिमडेगा।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली में हर वर्ष जनजातीय मंत्रालय द्वारा होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने सिमडेगा से भाजपा कार्यकर्ता दिल्ली रवाना हुए जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री के जिला सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने बताया की वे लोग 31 जनवरी को जनजातीय मंत्रालय द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेंगे। साथ ही उनलोगों को मंत्रालय द्वारा विभिन्न जगहों पर भ्रमण कराया जाएगा। सिमडेगा जिला के सभी मंडलों से 50 सदस्य महिला एवं पुरुष दिल्ली के लिए रवाना हुए। मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सबको रवाना किया दिल्ली यात्रा में जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, कोषाध्यक्ष अनुप प्रसाद, मंडल अध्यक्ष मानकीलाल ,विजय महतो, सुरजन प्रधान, सुरजन बड़ाईक ,बसंत मांझी, मोतीलाल सिंह, मुकेश श्रीवास्तव, रामविलास बड़ाईक ,अजय सिंह सहित अन्य मौजूद है।

### सिमडेगा उपायुक्त ने लगाया जनता दरबार, सुनी लोगों की समस्याएं, दिया आश्वासन



**सिमडेगा।** आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त अजय कुमार सिंह के द्वारा सोमवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया।इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने का दिया आश्वासन। उपायुक्त के जनता दरबार में जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत करने, पी.सी.सी. पथ निर्माण करने, बकाया मानदेय का भुगतान करने, जन वितरण प्रणाली दुकान से संबंधित एवं अन्य विषयों से संबंधित मामले आये। जनता दरबार में शिकायतकताओं की समस्याओं को सुनने के पश्चात सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु अग्रसारित किया गया।

### सड़क हादसे में युवक की हुई मौत



**ठेठईटांगर।** थाना क्षेत्र के अंबापानी के पास देर शाम ट्रैक्टर दुर्घटना में चालक की मौत हो गई मृतक की युवक की पहचान सिमडेगा गोतरा निवासी विनय बड़ाइक के रूप में हुई। बताया गया कि वह ट्रैक्टर लेकर जा रहा था इसी दौरान अचानक नियंत्रण खोकर पेड़ को जोरदार टक्कर मार दी और टक्कर इतनी जोरदार थी कि विनय के माथे सहित कई जगहों पर अंदरूनी चोट लगी, तत्काल उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा लाया गया जहां पर डॉक्टर के द्वारा लाने के साथ ही उसे मृत घोषित कर दिया। इधर मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर मृत्यु युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाते हुए शव परिजनों को सौंप दिया।

### समाज को तोड़ मरोड़ कर बर्बाद करने पर तुली हुई है केन्द्र सरकार : कोलेबिरा विधायक



**जलडेगा।** जलडेगा प्रखण्ड के बंनजोगा मण्डली का स्थापना दिवस एवं टाटी में पल्ली दिवस मनाया गया। जिसमें विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी उपस्थित हुए। वहां लोगों ने विधायक का स्वागत किया। कार्यक्रम में शामिल हुए लोगों को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा कि आज ईश्वर की असीम कृपा है कि हम सभी ईसाई धर्मावलंबी एक स्थान पर एकत्रित हो कर प्रभु ईसू मसीह को याद कर रहे हैं। प्रभु ईसू ने हमें इस संसार में जन्म दिया कि हमारे अनुनायी लोग अपने कर्तव्यों को निष्ठापूर्वक करते हुए हम ने जो संदेश आपसी प्रेम सहयोग और भाईचारे को बढ़ावा देते हुए हमारे करीब हो। उन्होंने कहा देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को केन्द्र की भाजपा सरकार सामंतवादी व्यवस्था में तब्दील करते नजर आ रही है। आज प्रजातांत्रिक व्यवस्था में विश्वास करने वाले लोग भयाक्रांत है। वैसे नेता या पार्टी भाजपा या उनके साथ जुड़े पार्टी को नकार कर चलते हैं तो उन्हें कभी ईडी कभी सीबीआई का भय दिखाकर डराया जाता है।

### गांधी मेले में मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब ने की खाद्य पदार्थों की जांच



**सिमडेगा।** ऐतिहासिक गाँधी मेले को देखते हुए सिविल सर्जन सिमडेगा अजित खलखो के तत्वाधान में मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब के द्वारा गाँधी मेले में लोगों को खिलाये जाने वाले भोजन आदि की गुणवत्ता की जांच की गई ।मौके पर औद्योगिक कलर मिलाए गए मिठाइयों के जांच उपरांत अवमानक पाए गए मिठाइ को नष्ट किया गया एवं विभिन्न प्रकार के मिठाइयों को बनाने में उपयोग किये जा रहे तेल को फ्राइंग ऑयल मशीन के द्वारा जांच किया गया खराब पाए गए तेलों को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी सिमडेगा के उपस्थिति में मौके पर नष्ट करा दिया गया एवं हिदायत दी गई की सभी खाद्य सामग्रियों को पारदर्शी परदे से ढक कर रखें एवं खाद्य सामग्री में उपयोग किये गए तेल के अवशेषों को तीन बार से अत्यधिक किसी भी खाद्य पदार्थ को न तले जिससे आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ न हो सके । वही खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के द्वारा कहा गया कि यदि भविष्य में इस तरह का पुनार्वृति किया जाता है तो उक्त के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# झामुमो की बैठक में राजभवन घेराव और संगठन की मजबूती पर चर्चा

**झामुमो ने भाजपा पर लगाया ईडी, सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों के गलत इस्तेमाल का आरोप**

**तिसरी के बघलोरवा में झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कमिटी का वनभोज कार्यक्रम संपन्न**



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
तिसरी प्रखंड के बघलोरवा में सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कमिटी का वनभोज कार्यक्रम संपन्न हुआ।

जिसमें बतौर मुख्य अतिथि धनवार के पूर्व विधायक मो निजामुद्दीन अंसारी, गांडेय के पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा और अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला सचिव सफीक अंसारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

जिसमें आगामी लोकसभा और विधानसभा के चुनाव के मद्देनजर कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा परिचर्चा की गई। साथ ही 31 जनवरी को राजभवन घेराव को लेकर रणनीति बनाई गई।

इन नेताओं के समक्ष आधे दर्जन युवाओं ने झामुमो का दामन थामा जिनका मो निजामुद्दीन और जयप्रकाश वर्मा ने पार्टी का सिंबल देकर स्वागत किया।

मौके पर पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी ने कहा कि राजभवन घेराव को लेकर यह बैठक बुलाई गई है। उन्होंने कहा कि यदि ईडी मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करती है तो यह भाजपा की सबसे बड़ी भूल होगी।

जयप्रकाश वर्मा ने कहा कि भाजपा ईडी, सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों का गलत इस्तेमाल कर झारखंड की लोकप्रिय सरकार को गिराना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह षड्यंत्र कामयाब नहीं होगा यदि ऐसा करने का प्रयास किया तो झारखंड की जनता उन्हें जबरदस्त जवाब देगी।

मौके पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष मो मुन्नीबुद्दीन, प्रखंड अध्यक्ष रिंकू वर्णवाल समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विद्यालय के अतिरिक्त वर्ग कक्षा निर्माण में हो रही लूट : भाकपा

## पार्टी ने की जिला प्रशासन से जांच और कार्रवाई की मांग





**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा सदर प्रखंड के महेशलुंडी में उत्क्रमित उच्च विद्यालय के लिए बनाए जा रहे अतिरिक्त 10 वर्ग कक्षाओं के 2 मंजिला भवन निर्माण में जमकर कोताही बरती जा रही है। यद्यपि यह भवन जिला समाहरणालय के एकदम समीप ही बन रहा है फिर भी संवेदक को कोई भय नहीं।

उक्त बातें भाकपा माले के गांडेय विस क्षेत्र के नेता एवं अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के संस्थापक सदस्य राजेश यादव ने अपनी पार्टी की एक टीम के साथ स्थानीय लोगों द्वारा इस संबंध में की गई शिकायत के उपरांत निर्माण कार्य का जायजा लेने के बाद जारी प्रेस बयान में कही। माले की टीम में श्री यादव के अलावा राजेश सिन्हा, कन्हैया सिंह सहित गणेश ठाकुर, दीपू मंडल आदि थे।

माले नेता ने कहा कि ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता को अवहेलना को उन्होंने स्वयं देखा है इसलिए वे घटिया निर्माण का विरोध कर रहे हैं। निर्माण क्रम में बाथरूम में टाइल्स लगाने की जगह सिर्फ सीमेंट से पक्का कर दिया गया है। जैसे-तैसे कार्य किया जा रहा है। दरवाजे, खिड़कियां, नल-नाली, दीवारों के प्लास्टर सब-के-सब घटिया तरीके से बन रहे हैं। निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की मात्रा और गुणवत्ता दोनों ही कमजोर है। घटिया निर्माण से आक्रोशित लोगों ने आखिरकार काम को रुकवाकर संबंधित जेई को इसकी जानकारी दी है।

वहीं माले नेता राजेश सिन्हा ने भी स्कूल बिल्डिंग निर्माण के नाम पर इस लूट का विरोध करते हुए प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की। नेताद्वय ने कहा कि सिर्फ महेशलुंडी ही नहीं बल्कि धनयडीह (गिरिडीह) में भी इसी तरह की लूट हुई है। उन्होंने कहा कि यदि निर्माण की गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ तो स्थानीय लोगों की बड़ी सभा कर आंदोलन शुरू किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो डीसी ऑफिस के समक्ष भी धरना दिया जाएगा। किसी भी हाल में स्कूल बिल्डिंग निर्माण के नाम पर लूट चलने नहीं दी जाएगी।

मौके पर गणेश ठाकुर, दीपू मंडल, कन्हैया सिंह, राजू साव, सोनू कुमार, उपेंद्र मंडल, विवेक मंडल, नवीन ठाकुर, अजय मंडल, दिलीप ठाकुर, नुनुलाल साव, नारायण हजाम, विजय सिंह, धरम हजाम, हुरो हजाम, बंटी मंडल, शंभु मंडल, ठाकुर साव, अविनाश कुमार मंडल, छोटी कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जेएसएससी पेपर लीक होने से आक्रोशित गिरिडीह भाजयुमो ने सीएम का फूंका पुतला



**गिरिडीह।** जेएसएससी का पेपर लीक होने से आक्रोशित भाजयुमो ने सोमवार की शाम को गिरिडीह में सीएम हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। इस दौरान भाजयुमो के कार्यकर्ता झंडा मैदान से पैदल सीएम हेमंत का पुतला लिए निकले और हेमंत सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए टावर चौक पहुंचे। जहां युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रंजीत राय के नेतृत्व में हेमंत सरकार के खिलाफ जमकर हल्ला बोला और हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। मौके पर युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रंजीत राय ने कहा कि झारखंड की सत्ता हाथ में लेने के बाद से ही हेमंत सरकार ने राज्य को लूटना शुरू कर दिया और इसी क्रम में जब राज्य के युवाओं का स्वर्णिम भविष्य का वक्त आया, तो जेएसएससी का पेपर लीक हो गया। इससे जाहिर होता है कि हेमंत सरकार का कोई नियंत्रण अधिकारियों और कर्मचारियों पर नहीं रह गया है। पुतला दहन में भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चुन्नुकांत्त, विनय सिंह, कुमार सौरभ, विवेक गुप्ता, मिथुन चंद्रवंशी, ईश्वर दास, आलोक केसरी समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे।

### जमशेदपुर : केपीएस बमामाईंस के छात्र ने परीक्षा पे चर्चा में पीएम से किया संवाद




**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ परीक्षा पे चर्चा के लिए झारखंड से दो विद्यार्थियों का चयन हुआ था। इनमें से एक जमशेदपुर के केपीएस बमामाईंस के कक्षा नवम के छात्र अरिजित घोष तथा दूसरा डिस्ट्रिक्ट राम रुद्रा सीएम एसओई स्कूल चास बोकारो की छात्रा सना परवीन शामिल थीं। दोनों ने सोमवार को दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में हिस्सा लिया और प्रधानमंत्री से संवाद किया। परीक्षा पे चर्चा में केपीएस बमामाईंस के छात्र अरिजित घोष के शामिल होने से स्कूल में हर्ष का माहौल दिखा। स्कूल की प्राचार्या प्रियंका बरुआ ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि यह गर्व की बात है कि उनके स्कूल के बच्चे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संवाद किया। उन्होंने बताया कि उसके लौटने के बाद स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर उसे सम्मानित किया जाएगा। उसके सहपाठियों ने भी प्रसन्नता जाहिर की। अरिजित के घर में एक छोटी बहन है। पिता टाटा स्टील में ठेकेदार के अधीन काम करते हैं। वहीं मां अल्पना घोष गृहणी है। पूरा परिवार रामादीन बगान में रहता है।

### अलकबीर पॉलिटेक्निक के छात्रों को बाहरी युवकों ने पीट कर किया घायल


**जमशेदपुर।** जमशेदपुर से सटे कपाली ओपी क्षेत्र के अलकबीर पॉलिटेक्निक कॉलेज के बाहर कॉलेज के ही दो छात्रों के साथ बाहरी युवकों ने मारपीट की। घटना में कॉलेज के मैकेनिकल डिपार्टमेंट सेमेस्टर वन का अनीस और इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट का छात्र नवजोत घायल हो गए। घटना के बाद घायलों को कॉलेज प्रबंधन ने इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया जहां दोनों का इलाज किया गया। घटना के संबंध में अनीस ने बताया कि सोमवार सुबह 11 बजे कॉलेज के युवकों के साथ बाहरी युवकों का विवाद हुआ था। उस वक्त प्रबंधन द्वारा पुलिस को सूचना दी गई थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराया था। इसी बीच दोपहर 2 बजे जब वह अपने साथी नवजोत के साथ घर की ओर जा रहे थे। तभी कॉलेज के पास ही एक स्कूटी पर सवार चार युवकों ने उन्हें रोका। सभी के पास लोहे की पाइप और अन्य हथियार थे। उन्होंने बिना सोचे-समझे मारपीट शुरू कर दी। जो भी कॉलेज यूनिफार्म में था सभी के साथ मारपीट की गई।

### धनबाद : शिक्षकों की नियुक्ति नहीं होने से नाराज छात्रों ने भागा माइनिंग कॉलेज में जड़ा ताला



**सिंदरी :** बीआईटी सिंदरी परिसर स्थित सरकारी पॉलिटेक्निक भागा माइनिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने शिक्षकों की कमी और फरवरी में होने वाली परीक्षा की तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर सोमवार को कॉलेज के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया। जोरदार प्रदर्शन भी किया। विद्यार्थियों के आंदोलन से कॉलेज में पठन-पाठन पूरी तरह ठप हो गया। काफी मान-मनौवल व पुलिस के हस्तक्षेप से छात्रों ने काफी देर बाद ताला खोल दिया। छात्र-छात्राओं ने बताया कि फूड टेक्नोलॉजी, कंप्यूटर साइंस और माइनिंग विभाग के शिक्षकों को 18 दिसंबर से हटा दिया गया है। इससे पढ़ाई बाधित हो रही है। प्राचार्य, जेयूटी और जिला प्रशासन को कई बार पत्र भेजकर शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की गई। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी बीच फरवरी में परीक्षा लेने की घोषणा कर दी गई। उन्होंने कहा कि पढ़ाई हुई ही नहीं, परीक्षा कैसे देंगे।इसलिए परीक्षा तिथि बढ़ाई जाए। आंदोलन की सूचना पर गोशाला ओपी प्रभारी दलबल के साथ कॉलेज पहुंचे और छात्रों की समस्या सुनी। फिर प्राचार्य से इस मुद्दे पर बात की। प्राचार्य ने एक सप्ताह में शिक्षक उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद छात्रों ने गेट का ताला खोल दिया।

### जिला बनाने की मांग को लेकर बेरमो बंद असरदार



**बेरमो।** जिला बनाने की मांग को लेकर बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति के नेता और कार्यकर्ता सुबह से ही सड़कों पर उतरकर बंद को सफल बनाने में लगे रहे। तेनुघाट, गोमिया, पेटरवार और बेरमो चार नंबर मोड़ पर आंदोलनकारी देर तक जमे रहे। पेटरवार चौक पर गोमिया विधायक लंबोदर महतो, समिति के सह संयोजक कुलदीप प्रजापति, राकेश कुमार, तेनुघाट में अधिवक्ता संघ के महासचिव वकील प्रसाद महतो, बेरमो में पूर्व जिप सदस्य आफताब आलम ने मोर्चा संभाल रखा था। संघर्ष समिति के लोगों ने गोमिया चौक पर टायर जलाकर बंद के समर्थन में सड़क पर धरना दिया। इसके चलते गोमिया से हजारीबाग, पेटरवार और फुसरो जाने वाली मुख्य सड़क जाम हो गई। सड़क पर वाहनों की कतार लग गई। वहीं, गोमिया, स्वांग, हजारीबाग मोड़, साड़म व होसिर चौक के दुकानदादारों में अपनी दुकानें बंद रखीं। धरना में जिप अध्यक्ष सुनीता देवी और भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष चितरंजन साव, समिति के मिथुन चंद्रवंशी, विपिन कुमार, विनोद यादव सहित अन्य लोग शामिल थे।

# गिरिडीह के छात्रों का भविष्य लगातार बर्बाद कर रहा है जेएसएससी : माले

## सीबीआई जांच हो, दोषियों को कड़ी सजा मिले



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
भाकपा माले के राज्य कमिटी सदस्य राजेश यादव और गिरिडीह विधान सभा प्रभारी ने राजेश सिन्हा ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ जेएसएससी लगातार खिलवाड़ कर रहा है।

झारखंड सरकार को कई वेकेंसी निकाल कर स्टूडेंट के हाथो में जॉब थमाना था पर बीजेपी के तरह ही लगातार छात्रों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। सरकार के नेतृत्व पर छात्रों ने सवाल खड़ा किया है। एक तो भाजपा सरकार लगभग 17 सालों तक छात्रों का भविष्य खराब किया। अभी की जेएमएम सरकार भी बीजेपी के जैसा ही शांत चित्त मुद्रा में है, यह घोर अन्याय है। सिन्हा ने कहा है कि छात्रों को सड़क पर आ कर आंदोलन करने की जरूरत है।

हम सरकार के सभी कार्यों का विरोध नहीं करते हैं, अनेक अच्छे कार्य इस सरकार में हुए हैं पर छात्रों के सवाल पर माले चुप नहीं रहेगा। हालाकि परीक्षा को तुरंत कैंसिल कर दिया गया है किंतु जेएसएससी के सिस्टम का विरोध करते हैं। उनके अफसर और स्टॉफ के इक्का-दुक्का लोग मिलकर बिहार, हरियाणा आदि के धूर्त लोगों के साथ मिलकर प्रश्न पत्र लीक करते हैं। इस मामले की सीबीआई जांच होनी चाहिए और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देनी चाहिए। झारखंड के छात्र का भविष्य खत्म करने का ठेका ले रखा है जेएसएससी ने। जेएसएससी का कोई काम ही नहीं है तो इस विभाग को बंद करना चाहिए।

### अबुआ आवास योजना में गलत अंक देने के आरोप

**गिरीडीह।** झारखंड सरकार द्वारा चलाये जा रहे अबुआ आवास योजना में गड़बड़ी का मामला सामने आ रहा है। एक मामला बिरनी प्रखंड के बलगो पंचायत से आया है। जहां अबुआ आवास के मामले में गलत अंक बैठाने का आरोप लगा है। जिसके बाद पंचायत समिति सदस्य अली असगर ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को सोमवार को अपने लेटर पैड पर आवेदन लिखकर सौंपा है। आवेदन में कहा गया कि बलगो पंचायत में अबुआ आवास की चयन प्रक्रिया में विभागीय सत्यापनकर्ता के द्वारा गलत अंक दिए जाने के कारण प्राथमिक सूची में योग्य लाभुकों का नाम नीचे चला गया है। जिसके कारण गरीब- असहाय, आवासविहीन परिवार अबुआ आवास योजना से वंचित रह जा रहे हैं। इस पर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

# अबुआ आवास को लेकर बैठक का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
पीरटांड़ प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में सोमवार को प्रखंड के सभी मुखिया एवं जनप्रतिनिधियों के साथ प्रखंड प्रमुख सविता टुडू एवं बीडीओ मनोज कुमार मरांडी की उपस्थिति में अबुआ आवास को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बताया गया कि अबुआ आवास में आए आवेदन ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किए गये। योग्य एवं अयोग्य लाभार्थियों का चुनाव प्रथमिकता के आधार पर करना है। बीडीओ ने बताया कि अबुआ आवास में योग्य लाभार्थियों का चयन ग्राम सभा ले माध्यम किया जाना है। वैसे लाभार्थी जिसका नाम ऑनलाइन में नही चढ़ा है तो सम्बंधित अधिकारी से संपर्क कर नाम जोड़वा सकते हैं। सरकार ने ये योजना गरीब-गुरबो, असहाय, दबे वर्ग के लिए चालू किया है।बैठक में अबुआ आवास के सफल कार्य को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर सभी मुखिया, जनप्रतिनिधि एवं सम्बंधित कर्मी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### जिप सदस्य सुनीता कुमारी नाराज

# अबुआ आवास योजना में ग्राम सभा को दरकिनार करने का लगाया आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
जिप सदस्य सुनीता कुमारी ने सोमवार को एक प्रेस बयान जारी कर अधिकारियों पर अबुआ आवास योजना में ग्राम सभा को दरकिनार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने अबुआ आवास योजना के लाभुकों को स्वीकृति पत्र देने के लिए चयन प्रक्रिया में मुखिया व पंचायत कार्यकारिणी को नजरअंदाज करने का भी आरोप लगाया है। कहा कि इससे कहीं ना कहीं योग्य लाभुक आवास से वंचित रह जाएंगे। पंचायत में प्राथमिकता के आधार पर आवास देनी है। वह पंचायत के जनप्रतिनिधि वार्ड सदस्य मुखिया व पंसस ही जान सकते हैं ना की प्रखंड के अधिकारी। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास का ग्राम सभा कर योग्य लाभुकों का चयन किया जाना चाहिए। साथ ही उसे पंचायत द्वारा ही अनुमोदन कर प्राथमिकता के आधार पर लाभुकों को अबुआ आवास स्वीकृत किया जाना चाहिए। जिप सदस्य ने कहा जब प्रखंड के अधिकारी ग्राम सभा व पंचायत कार्यकारणी की बैठक को महत्व नहीं दे रहे है तो फिर इसका क्या औचित्य है। उन्होंने गिरिडीह उपायुक्त से ग्राम सभा द्वारा पारित एवं पंचायत कार्यकारिणी द्वारा अनुमोदित आवास योजना की सूची को ही स्वीकृति प्रदान करते हुए जिओ टेग करने की मांग की है।

### आर्यभट्ट गणित चैलेंज प्रतियोगिता

## डीपीएस बोकारो के तीन विद्यार्थियों ने मारी बाजी

**बोकारो।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, बोकारो के प्रतिभावान विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपने स्कूल और शहर का नाम गौरवान्वित किया है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से आयोजित आर्यभट्ट गणित चैलेंज 2023 में विद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने शानदार सफलता प्राप्त की है। इनमें कक्षा 9वीं के छात्र आयुष लक्षरामका, 10वीं के आदित्य मिश्रा व कुमार अनमोल के सफलता हासिल की है। इन तीनों ही बच्चों ने सीबीएसई पटना क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ 100 विद्यार्थियों की मेधा सूची (मेरिट लिस्ट) में अपनी जगह पक्की करने में कामयाबी पाई है।

# डीवीसी मुख्यालय कोलकाता के समक्ष संयुक्त मोर्चा का जोरदार प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता। मैथन**
डीवीसी कर्मियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को संयुक्त मोर्चा के बैनर तले डीवीसी मुख्यालय कोलकाता के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में मैथन सहित डीवीसी की सभी परियोजनाओं से भारी संख्या में कर्मी व यूनियन प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रदर्शन में उमड़ी भीड़ को देखते हुए प्रबंधन को झुकना पड़ा और आंदोलनकारियों को वार्ता के लिए बुलाया। मोर्चा नेताओं ने बताया कि पहले दौर की वार्ता में डीवीसी के चैयरमैन एस सुरेश कुमार ने मांगे पूरी करने के लिए 14 दिन का समय मांगा, लेकिन मोर्चा के नेताओं ने इसे ठुकरा दिया। इसके बाद शाम चार बजे दोबारा वार्ता शुरू हुई। मोर्चा के नेता कर्मचारियों के वेतन व प्रोमोशन नीति में विसंगतियों को दूर करने, फील्ड अलाउंस, चिकित्सा भत्ता, आवास किराया में वृद्धि, रिक्त पदों पर नियुक्ति आदि मांगों अड़े रहे।

वार्ता में डीवीसी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सह बेरमो विधायक जयमंगल सिंह, निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, पूर्व मंत्री लालचंद महतो, स्टाफ एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक घोष, श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष समीर बाइन, संयुक्त मोर्चा के संयोजक जीवन आइच आदि शामिल थे।

# बिरनी : स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
बिरनी प्रखंड के डॉ एपीजे अब्दुल कलाम स्कूल खाखीपिपर में सोमवार को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के संपादक कमरुल अन्सारी कर रहे थे।। कार्यक्रम का उद्घाटन आये हुए मुख्य अतिथि मुखिया समीना खातुन, माले नेता मुस्तकीम अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि सगीर अंसारी, बबलू मंडल, मास्टर सलामत अंसारी, अब्बास अंसारी जहूर अंसारी, अल्लाउद्दीन अंसारी, जाकिर अंसारी रूप से फीता काटकर किया। इस संस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के डांस, नाटक, भाषण आदि चीज प्रस्तुत की।

इधर, अभिभावकों को स्कूल के तरफ से फूल देकर स्वागत किया गया। इसके बाद कार्यक्रम की शुरूआती छोटे-छोटे बच्चे ने स्वागत गीत गाकर आये हुए अतिथि, अभिभावकों का स्वागत किया गया। मौके पर स्कूल के संपादक कमरुल अंसारी, स्कूल के संचालक प्रधानाचार्य राव पंसारी, छोटन महतो, सलीम अंसारी, जिलानी अंसारी, इमाम अंसारी, शिक्षिका तमन्ना परवीन, गोसिया परवीन समेत स्कूल के कई छात्र शामिल थे।

# ईडी की कार्रवाई के विरोध में झामुमो ने किया एनएच-33 जाम



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के द्वारा नई दिल्ली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए रोके जाने से आक्रोशित झामुमो कार्यकर्ता सोमवार दोपहर सड़क पर उतर आये। नाराज कार्यकर्ताओं ने एनएच-33 को डिमना चौक के पास जाम कर दिया। झंडा बैनर के साथ कार्यकर्ता सड़क पर बैठ गए और नारेबाजी की। इस कारण दोनों ओर सैकड़ों भारी वाहनों का जाम लग गया है हालांकि दोपहिया, तिनपहिया आदि रेंगते हुए निकल रहे। करीब चार बजे झामुमो के नेता शेख बदरुद्दीन, प्रमोद लाल, निराला, मनोज यादव, महावीर मुर्मू, सुनील महतो, बाबर खान, अजय रजक सहित अन्य कार्यकताओं के साथ चौराहे पर बैठ गए और जमकर विरोध जताया। इस दौरान रुक-रुककर केन्द्र और ईडी विरोधी नारेबाजी होती रही। जाम की सूचना मिलने पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। बाद में समझाने पर झामुमो कार्यकर्ता सड़क से हटे। इस संबंध में झामुमो नेता बाबर खान ने बताया कि सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के खिलाफ झारखंड वासियों का जनाक्रोश पर दिखाई दे रहा है। संवैधानिक संस्था ईडी का दुरुपयोग केंद्र सरकार द्वारा किया जा रहा है।

झारखंड के आदिवासी लोकप्रिय मुख्यमंत्री को बदनाम करने का षडयंत्र रचा जा रहा है। सम्मन पर सम्मन और जवाब पर जवाब लिया जा रहा है। इडी को केंद्र सरकार का निर्देश है कि लोकप्रिय युवा आदिवासी मुख्यमंत्री को किसी तरह से गिरफ्तार किया जाए। इसी के तहत दिल्ली में खेल हुआ है। इसी के खिलाफ आज जनाक्रोश भड़का है और इस कारण से पार्टी समर्थकों के साथ-साथ आम जनता भी सड़क पर उतरी है। अब आरपार की लड़ाई लड़ने की तैयारी है। बाबर खान ने कहा कि एक मुख्यमंत्री से आप कितनी बार जवाब लीजिएगा। एक ही बार उनके आवास या कार्यालय में बुलाकर जवाब तलब कर लिया जाता तो उचित रहता परंतु बार-बार झारखंड सरकार के विकास से प्रभावित होकर इडी को लगाकर परेशान किया जा रहा है।

**पैसा तो सब कमाते हैं, दुआएं कमाओ क्योंकि दुआएं वहीं काम आती है जहां पैसा काम नहीं आता : अज्ञात**



# इंडी गठबंधन का बिखरना

***राजनीति*** की समझ रखने वाले अधिकतर व्यक्तियों का अंदेशा सही साबित हुआ कि इंडी नामक विपक्षी गठबंधन में चूंकि वैचारिक साम्यता नहीं है इसीलिए इसकी एकजुटता प्रारंभ से ही संदिग्ध रही है। उससे जुड़े दल मोदी विरोध पर तो एकमत हैं किंतु आपसी विश्वास नजर नहीं आने से एक कदम आगे, दो कदम पीछे वाली स्थिति बनी हुई है। एक तरफ तो भाजपा अपनी व्यूह रचना मजबूत करती जा रही है वहीं विपक्षी दलों में सीटों के बंटवारे की गुत्थी उलझती जा रही है। सीट के बंटवारे की वेला समीप आते ही, गठबंधन तिनकों की तरह बिखरता जा रहा है। भारतीय राजनीति का इतिहास खंगालें तो पिछले 75 वर्षों में न जाने कितने गठबंधन बने और बिखरे, और पुनः बने। चूंकि विपक्ष की नियति टूटने की है, लिहाजा बार-बार गठबंधन करना पड़ता है। यह नियति हम जनता पार्टी के दौर से देखते आ रहे हैं। 2014 में केंद्र में मोदी सरकार के गठन के बाद से हर बीतते वर्ष के साथ विपक्ष की राजनीति की कांति लगातार प्रभावहीन हो रही है। मोदी सरकार के नौ वर्षों के कामकाज के बाद विपक्ष ने बड़ा साहस और शक्ति जुटाकर इंडिया गठबंधन का गठन किया था। गठबंधन के बाद विपक्ष ने मीडिया और प्रचार तंत्र के माध्यमों से ऐसा वातावरण और संदेश देने का काम किया था कि इस गठबंधन के सामने भाजपानीत एनडीए गठबंधन टिक नहीं पाएगा। लेकिन गठबंधन की पहली बैठक के समय से ही जिस तरह की चालाकी और व्यवहार गठबंधन में शामिल घटक दलों के नेता एक दूसरे के साथ कर रहे थे, उससे ऐसा प्रतीत हो रहा था कि इस गठबंधन की आयु दीर्घ नहीं होगी। लेकिन इतनी छोटी होगी कि वो चुनाव से पहले ही बिखर जाएगा, इसकी उम्मीद तो किसी को भी नहीं थी।विपक्षी गठबंधन अपने अस्तित्व के लगभग सात माह के दौरान चाय-नाश्ते पर बैठकें तो कर सका, लेकिन सीटों के बंटवारे, सचिवालय, संयोजक, साझा न्यूनतम कार्यक्रम, साझा नारा, ध्वज आदि पर आज तक सहमत नहीं हो सका है। अब तो अलगाव की नौबत भी आ गई है। बंगाल के अलावा, पंजाब की घोषणा भी अलगाववादी है। बिहार से भी जो समाचार आ रहे हैं, उनके मुताबिक नीतीश कुमार इंडिया गठबंधन का साथ छोड़कर एनडीए का हिस्सा बन सकते हैं। विपक्ष के सामने चुनौती है कि कैसे भाजपा को लगातार तीसरी बार चुनाव जीतने से रोका जाए और तमाम सर्वे कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री देश के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। ऐसी स्थिति में मोदी का मुकाबला कैसे होगा ये अहम प्रश्न है? पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस और पंजाब में भगवंत मान ने आम आदमी पार्टी की ओर से घोषणाएं की हैं कि वे अकेले ही सभी सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा। अलबत्ता उन्होंने ह्यइंडियाह्न का हिस्सा बने रहने की भी घोषणाएं की हैं। अपने प्रभाव क्षेत्रों के बाहर गठबंधन के मायने क्या हैं? यदि ये घोषणाएं ह्यअंतिमह्न हैं, तो भाजपा की चुनावी संभावनाएं बढ़ सकती हैं। ममता और भगवंत मान दोनों ही अपने-अपने राज्य के मुख्यमंत्री हैं।

> **भारतीय राजनीति का इतिहास खंगालें तो पिछले 75 वर्षों में न जाने कितने गठबंधन बने और बिखरे, और पुनः बने। चूंकि विपक्ष की नियति टूटने की है, लिहाजा बार-बार गठबंधन करना पड़ता है। 2014 में केंद्र में मोदी सरकार के गठन के बाद से हर बीतते वर्ष के साथ विपक्ष की राजनीति की कांति लगातार प्रभावहीन हो रही है। मोदी सरकार के नौ वर्षों के कामकाज के बाद विपक्ष ने बड़ा साहस और शक्ति जुटाकर इंडिया गठबंधन का गठन किया था। गठबंधन के बाद विपक्ष ने मीडिया और प्रचार तंत्र के माध्यमों से ऐसा वातावरण और संदेश देने का काम किया था कि इस गठबंधन के सामने भाजपानीत एनडीए गठबंधन टिक नहीं पाएगा।**

इन दिनों

# छात्रों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के बीच संतुलन



**'धर्मेन्द्र प्रधान'**

***छात्रों*** को अक्सर कड़े प्रतिस्पर्धी माहौल व शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने और शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को बनाये रखने के बीच नाजुक संतुलन कायम करने की विकट चुनौती का सामना करना पड़ता है। परीक्षा अवधि के दौरान यह संतुलन विशेष रूप से महत्वपूर्ण हो जाता है जब छात्रों को शिक्षा संबंधी परेशानियों और अपने कार्य से जुड़ी चिंता का सामना करना पड़ता है, जिसका उनके मानसिक और सम्पूर्ण स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। निस्संदेह, परीक्षा की तैयारी महत्वपूर्ण है। लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण अध्ययन और स्वस्थ जीवन के बीच एक अच्छा संतुलन बनाकर रखना है। आज, परीक्षा में 'प्रदर्शन' छात्रों के संपूर्ण दिलो दिमाग पर इस कदर छाया हुआ है कि उन्हें शिक्षा से जुड़े परिणामों के अलावा कुछ भी दिखाई नहीं देता है। इस तरह के अक्खड़ विचार हमारे छात्रों को बर्बाद कर देते हैं और उनकी रचनात्मकता व प्रतिभा का गला घोंट देते हैं। हम सभी अच्छी तरह से जानते हैं कि प्रत्येक बच्चा विशिष्ट रूप से संपन्न है और सभी शैक्षणिक दृष्टि से उत्कृष्ट नहीं हो सकते। परीक्षा परिणाम के आधार पर हम किसी बच्चे की प्रतिभा का अनुमान नहीं लगा सकते। परीक्षा परिणाम किसी छात्र के जीवन में सफलता का एकमात्र पैमाना नहीं होना चाहिए। हम सभी- माता-पिता, शिक्षक, मित्र और परिवार- को मिलकर और एकजुटता से काम करना चाहिए ताकि बच्चे को उसकी पूरी क्षमता का एहसास कराने के लिए सौहार्दपूर्ण वातावरण प्रदान किया जा सके। परीक्षा में प्रदर्शन न केवल स्वाभाविक प्रतिभा पर निर्भर करता है, बल्कि स्वस्थ शरीर और तेज दिमाग जैसी कई चीजों पर भी निर्भर करता है, जो शारीरिक मजबूती को बढ़ाता है और मस्तिष्क तेजी से ध्यान केन्द्रित करता है। छात्र शैक्षणिक उत्कृष्टता हासिल करने के लिए परिवार, शिक्षकों और समाज की अपेक्षाओं का बोझ उठाते हैं। इससे एक अप्रिय स्थिति उत्पन्न हो जाती है जो उन्हें मानसिक रूप से कमजोर और शारीरिक रूप से थका देती है। कभी-कभी, थकान के कारण उनकी ऊर्जा खत्म हो जाती है और इसका असर उनके स्वास्थ्य और खुशहाली पर पड़ता है। अत्यधिक तनाव मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं जैसे चिंता, डिप्रेशन और नींद संबंधी विकारों का जोखिम बढ़ाने वाला कारक माना गया है। इसलिए, मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना अत्यावश्यक है। इन चुनौतियों पर काबू पाने के लिए, छात्र हमेशा सकारात्मक सोच रखें, एकाग्रता का स्तर बढ़ाएं और अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने के लिए व्यायाम, ध्यान और गहरी सांस लेने की आदत बनाएं, एक सुव्यवस्थित अध्ययन दिनचर्या स्थापित करें, कार्यों को प्रबंधनीय भागों में विभाजित करें और हासिल करने के यथार्थवादी शैक्षणिक लक्ष्य बनायें। परामर्श सेवाओं तक पहुंच और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में खुली जानकारी प्रदान करने से फिक्र या अन्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं से जूझ रहे लोगों के लिए एक सहायक वातावरण भी बनता है। परीक्षा के दौरान छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को कैसे बनाये रखा जा सकता है, इसके लिए निम्नलिखित व्यापक तरीकों पर ध्यान देना शिक्षाप्रद होगाः छोटे ब्रेक और शारीरिक कार्यः शारीरिक स्वास्थ्य हमारी समग्र फिटनेस और स्फूर्ति को बनाये रखने के मूलभूत तत्वों में से एक है। नियमित व्यायाम न केवल हृदय स्वास्थ्य में सुधार करता है बल्कि तनाव को दूर करने के रूप में भी काम करता है। यह ज्ञान संबंधी कार्यों और जानकारी को याद रखने की क्षमता को बढ़ाता है, दोनों ही परीक्षा में प्रदर्शन में सुधार के लिए महत्वपूर्ण हैं। परीक्षा की तैयारी करते समय, छात्र हमेशा अपने स्वास्थ्य से अधिक प्राथमिकता अपनी पढ़ाई को देते हैं। हमें उन्हें स्ट्रेचिंग, वॉकिंग, जॉगिंग या योग जैसे कुछ शारीरिक कार्यों को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए जो तनाव को काफी हद तक कम कर सकते हैं, जिससे छात्रों को अपने दिमाग को रिचार्ज करने में मदद मिलेगी। संतुलित आहार और पोषणः कठिन अध्ययन की मांग से निपटने और स्वस्थ रहने में पोषण महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भोजन ईंधन का काम करता है जो हमारे शरीर और दिमाग दोनों को पोषण देता है। हम जो भोजन खाते हैं उसकी गुणवत्ता हमारे सम्पूर्ण व मानसिक स्वास्थ्य का सार्थकता से निर्धारण करती है। एक सामान्य गलती जो छात्र इस महत्वपूर्ण अवधि के दौरान अक्सर करते हैं, वह है खराब खाना या घर पर बने पौष्टिक भोजन के स्थान पर जंक फास्ट फूड, चॉकलेट, एनर्जी ड्रिंक और चिप्स जैसे अस्वास्थ्य कर भोजन लेना। कभी-कभी वे चिंता और तनाव के कारण या परीक्षा की तैयारी के लिए अपना समय बचाने के लिए परीक्षा के दौरान भोजन भी छोड़ देते हैं। विटामिन, खनिज और फाइबर से भरपूर संतुलित आहार खाने से मस्तिष्क के अधिकतम कामकाज के लिए आवश्यक ऊर्जा मिलता है। पर्याप्त पानी की मात्रा को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है, लेकिन यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसकी कमी ज्ञान संबंधी क्षमताओं और एकाग्रता को काफी हद तक खराब कर सकती है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त नींदः परीक्षा के समय गुणवत्तापूर्ण नींद भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। नींद और जानकारी संबंधी कार्य, स्मरण शक्ति और भावनात्मक लचीलेपन के बीच सीधा संबंध है। छात्रों को रोजाना एक ही समय पर बिस्तर पर जाकर और जागकर नींद का लगातार एक ही पैटर्न बनाकर रखना चाहिए। जो छात्र रात में उचित मात्रा में नींद लेते हैं वे हमेशा बेहतर याद रखने और बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम होते हैं। अच्छी नींद भी अच्छे स्वास्थ्य के लिए एक न्यूनतम शर्त है। सहायक और उत्साहवर्धक वातावरणः हमें एक अनुकूल वातावरण बनाना चाहिए जहां छात्र अपनी चिंताओं पर चर्चा कर सकें और अपने माता-पिता और शिक्षकों से सहयोग ले सकें। तनाव, चिंता या अन्य मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए परामर्श सेवाओं तक पहुंच प्रदान करना सर्वोच्च संस्थागत प्राथमिकता बनी रहनी चाहिए। हमें परीक्षा के दबाव के बारे में खुले संवाद को प्रोत्साहित करना चाहिए और मनोवैज्ञानिक रूप से उलझे बिना इससे प्रभावी ढंग से निपटना चाहिए। व्यायाम और ध्यान (मेडिटेशन) का अभ्यासः परीक्षा के तनाव को प्रभावी ढंग से संभालने के लिए ध्यान एक महत्वपूर्ण दिनचर्या हो सकती है। छात्रों को ध्यान, गहरी सांस लेना या योग जैसी तकनीकों का अभ्यास करना चाहिए जो मन को शांत करने, एकाग्रता में सुधार लाने और चिंता को कम करने में मदद कर सकते हैं। ये अभ्यास तनाव को कम करने व मानसिक कल्याण को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। समय प्रबंधनः छात्रों को अंतिम समय सीमा के दौरान पढ़ाई का समय प्रबंधित करने की रणनीति अपनानी चाहिए। हम सभी जानते हैं कि इलेक्ट्रॉनिक माध्यम पर अत्यधिक निर्भरता के कारण छात्रों का स्क्रीन टाइम कैसे बढ़ गया है। हम समझते हैं कि वर्तमान समय में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम एक आवश्यकता बन गया है। लेकिन, हमारे छात्रों को संतुलन बनाने की जरूरत है। शायद परीक्षा की तैयारी के लिए कुछ गुणवत्तापूर्ण समय खाली रखने के लिए डिजिटल डिटॉक्स आवश्यक होगा। निष्कर्षतः, परीक्षा के दौरान छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना उनकी सम्पूर्ण सफलता का अभिन्न अंग है। छात्रों के स्वास्थ्य का ध्यान रखने से उनके शिक्षा संबंधी प्रदर्शन में सुधार आता है। यह उन्हें परीक्षा हॉल के बाहर आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार करता है। हम छात्रों से स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और प्रभावी समय प्रबंधन रणनीति के अलावा शारीरिक व्यायाम और ध्यान, डिजिटल डिटॉक्स, मानसिक कल्याण, गुणवत्तापूर्ण नींद और स्वस्थ आहार का पालन करने का आह्वान करते हैं। (**लेखक, भारत सरकार में शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री हैं**)

> **परीक्षा के दौरान छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को कैसे बनाये रखा जा सकता है, इसके लिए निम्नलिखित व्यापक तरीकों पर ध्यान देना शिक्षाप्रद होगाः छोटे ब्रेक और शारीरिक कार्यः शारीरिक स्वास्थ्य हमारी समग्र फिटनेस और स्फूर्ति को बनाये रखने के मूलभूत तत्वों में से एक है। नियमित व्यायाम न केवल हृदय स्वास्थ्य में सुधार करता है बल्कि तनाव को दूर करने के रूप में भी काम करता है। यह ज्ञान संबंधी कार्यों और जानकारी को याद रखने की क्षमता को बढ़ाता है, दोनों ही परीक्षा में प्रदर्शन में सुधार के लिए महत्वपूर्ण हैं।**

## आपकी बात

### एन.सी.सी अधिकारी के कंधे पर चमकेंगे दो सितारे



शा. बालक उ.मा. विद्यालय, नागदा की एन.सी.सी अधिकारी को 24 जनवरी को एन.सी.सी ग्रुप कमांडर, इंदौर ब्रिगेडियर सौरभ जैन एवं यूनिट कमांडर 21 म. प्र. बी. एन. एन. सी. सी., रतलाम के कर्नल हर्ष सेठी द्वारा दो सितारे रैंक लगाकर पदोन्नत किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर माता-पिता दिनेश मालू, शकुंतला मालू, बहन डॉ. रीना मालपानी, रक्षा मंत्रालय में लेखा अधिकारी रवि मालपानी, विधायक डॉक्टर तेज बहादुर सिंह जी चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष संतोष ओपी गेहलोत, सी.एम अतुल, सांसद जी प्रतिनिधि प्रकाश जैन, जिला शिक्षा अधिकारी आनंद शर्मा, एस.डी.एम एस.एन.सोनी, सी.एम.ओ. जाट, डॉ. एस. जोशी, डॉ. अरुण सिंह, डॉ शैलेंद्र शर्मा, डॉ. हिमांशु पांडे, माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ गोविंद जी मोहता, अध्यक्ष महेन्द्रजी बिसानी, सतिशजी बजाज, रमेशजी मोहता, कर्नल सौरभ मिश्रा, एन.सी.सी. अधिकारी सुरेंद्र सिंह चौहान, एन.सी.सी. अधिकारी के. सी. मिश्रा, प्राचार्य प्रतिभा बोराल समस्त शाला परिवार, नागदा शहर के समस्त गणमान्य नागरिकों एवं ईस्ट मित्रों द्वारा हर्ष जताते हुए बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी गई।

### क्षतिग्रस्त नालियों से परेशानी

पलामू प्रमंडल के एकमात्र नगर निगम मेदिनीनगर में चारो तरफ क्षतिग्रस्त नालियों से नागरिकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। नालियों के क्षतिग्रस्त हो जाने से जहां गंदगी मिश्रित पानी सड़क पर बह रहा है। वहीं उसकी सडांध से लोगों का सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है। इसके साथ ही मच्छरों की तादात बढ़ जाने से क्षेत्र में संक्रामक बीमारियों का प्रसार भी बढ़ गया है। दूसरी तरफ नालियों के मलबे के कारण आये दिन लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। बार-बार ध्यान आकृष्ट कराने के बाद भी नगर निगम द्वारा नालियों का मरम्मत नहीं कराये जाने से समस्या बढ़ती जा रही है। स्थिति यह हो गयी है कि अब क्षतिग्रस्त नालियों मेदिनीनगर की पहचान बनती जा रही हैं। कई बार जानवर भी नालियों में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। कई स्थानों पर तो नालियों का पानी आवासों में प्रवेश कर रहा है। नगर निकाय चुनाव नहीं होने से जन प्रतिनिधि भी नहीं है।

**- राजेश चौबे, जनकपुरी डालटनगंज**

गांधी जी की 76वीं पुण्यतिथि पर विशेष

# गांधी के विचार सदा विश्व में मानव का मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे



**विजय केसरी**

***आज*** के ही दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की निर्मम हत्या कर दी गई थी। उनकी हत्या के पीछे सोच यह थी कि हाड़ - मांस से निर्मित गांधी के असमय दुनिया से विदा हो जाने के बाद गांधी युग का अंत हो जायेगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। गांधी जीवित रहकर जितना अपने विचारों को फैला सकते थे, मरणोपरांत भी उनके विचार लोगों तक पहुंचते रहे। गांधी मर कर भी अपने विचारों के बल पर आज भी लोगों से संवाद करते दिख रहे हैं। गांधी के विचार सदा विश्व मानव के मार्ग प्रशस्त करतें रहेंगे। गांधीजी की राजनीति सत्य और अहिंसा पर आधारित है। उनका शरीर पंचतत्व में विलीन जरूर हो गया था, किंतु उनके विचार आज भी हमारे बीच मौजूद है। यह गांधी के जीवन की उत्कृष्टता है। उनके विचार कालजयी बन गये । गांधी के विचार सदियों तक आने वाली पीढ़ियों के मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे। गांधी का जीवन कथनी का नहीं बल्कि करनी का था। आज की बदली परिस्थिति में महात्मा गांधी के जीवन को समग्रता में देखने और उनके विचारों पर चलने की जरूरत है। महात्मा गांधी हम लोगों की तरह ही एक साधारण व्यक्ति थे। लेकिन उन्होंने अपने कृतित्व के माध्यम से साधारण जीवन को एक असाधारण में बदल कर रख दिया था। उन्होंने ऐसा कुछ भी नहीं किया था,जो हम सब नहीं कर सकते थे। उन्होंने वही किया, जो हमारे धर्म ग्रंथों में वर्णित है । धर्म - ग्रंथ हम सब जरूर पढ़ते हैं। विचार करते हैं। लेकिन उन विचारों पर पूरे मन से चल नहीं पाते हैं। महात्मा गांधी ने उन विचारों पर चलकर अपने जीवन को सफल बना दिया। गांधी के विचार कोई नूतन विचार नहीं है, बल्कि हमारे महापुरुषों ने जो कहा,अपने जीवन में अनुभव किया, सिखाया, उन्ही विचारों को महात्मा गांधी ने आत्मसात किया। महात्मा गांधी का जीवन हम सबों को सतत संघर्ष करना और जूझना सिखाता है। उनके जीवन में हर नाम की कोई चीज दिखती नहीं है। सतत संघर्ष का तात्पर्य यह है कि जीवन परेशानियों और कई जटिलताओं से परिपूर्ण होता है। अर्थात इन परेशानियों को पराजीत कर ही हम सब कुछ हासिल कर पाते हैं। हमारा सतत संघर्ष ही जीत दिलाती है।

> **गांधी जीवित रहकर जितना अपने विचारों को फैला सकते थे, मरणोपरांत भी उनके विचार लोगों तक पहुंचते रहे। गांधी मर कर भी अपने विचारों के बल पर आज भी लोगों से संवाद करते दिख रहे हैं।**



**बोधि वृक्ष**

## किन्नर कैलाश का धार्मिक महत्व

यह मूल रूप से एक चट्टान स्तंभ है जो चट्टान के स्लैब पर बड़े करीने से संतुलित है और एक त्रिशूल जैसा भी दिखता है। पास में ही पार्वती कुंड है, जो समुद्र तल से 14900 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। प्रचलित मान्यता के अनुसार, इस कुंड का निर्माण स्वयं देवी पार्वती ने किया था। साथ ही, यह भगवान शिव और देवी का मिलन स्थल था, इसलिए इसे 'आशिकी पार्क' भी कहा जाता था। एक अन्य पौराणिक मान्यता के अनुसार, भगवान शिव हर शीतकाल में किन्नर कैलाश में देवी-देवताओं की बैठक आयोजित करते थे।


**किन्नर कैलाश तक ट्रैकिंग मार्ग**

14 किमी लंबा यह ट्रेक निस्संदेह कठिन है, लेकिन जादुई रूप से फायदेमंद भी है। यदि आप कभी भी इस चुनौती को स्वीकार करते हैं, तो सुनिश्चित करें कि आपको आस-पास और प्रकृति के सुंदर परी दृश्यों से पुरस्कृत किया जाये। बर्फ से ढके ठंडे पहाड़ों, हरे-भरे सेब के बागानों और शानदार परिदृश्य के मनमोहक दृश्य, यह सब कुछ है कल्पना कर सकते हैं। यह ट्रेक आपको भव्य सांगला घाटी और हंगरंग घाटी के माध्यम से ले जायेगा, जहां प्रकृति को उसके शुद्धतम रूप में अनुभव किया जा सकता है।

इस पथ का प्रारंभिक बिंदु हिमाचल प्रदेश में तांगलिंग गांव (बेस कैंप) है। यह खूबसूरत गांव सतलुज नदी के तट पर 7050 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। वहां से, आप या तो रोमांचक लेकिन खतरनाक झूला पुल (लटकता हुआ पुल) या शोंगटोंग ब्रिज ले सकते हैं। तांगलिंग से, आप मलिंग खाता (8 किमी) तक ट्रेक करें, फिर पार्वती कुंड (5 किमी) तक आगे बढ़ें, और वहां से, एक किलोमीटर का ट्रेक आपको आपके गंतव्य, किन्नर शिवलिंग तक ले जायेगा।

**(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# हिन्दु समाज का धैर्य ज्ञानवापी और ओवैसी



**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

***भारतीय*** पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की रिपोर्ट ज्ञानवापी पर अब बहुत कुछ साफ बता रही है कि कैसे हिन्दू सनातन प्राचीन संस्कृति और सभ्यता को वाराणसी से नष्ट किया गया और सत्ता के वर्चस्व में भय के वातावरण से बहुसंख्यक हिन्दुओं को इतना भयभीत कर दिया कि वह अपने ऊपर जबरन लादे गये इस कलंक को समय के कालखण्ड में मिटा नहीं सके। अब जब भारतीय संविधान के प्रकाश में इस देश का हिन्दू समाज अपने हक की लड़ाई लड़ रहा है तो कई लोग इस बात को हजम नहीं कर पा रहे हैं। आज उन्हीं में से एक हैं ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी, जिनकी खुलकर हिन्दू विरोधी भड़ास एक बार फिर बाहर आई है। वे कई अवसरों पर ये बता भी चुके हैं कि उन्हें संवैधानिक व्यवस्थाओं पर भरोसा नहीं है। राममंदिर का निर्णय उच्चतम न्यायालय से आया, किंतु आज भी वे बार-बार मुसलमानों के साथ अन्याय होने का जिक्र कर रहे हैं और उन्हें भड़काने में सबसे आगे रहते हैं। अब एएसआई की रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद से कह रहे हैं कि हिन्दुत्व की गुलाम है भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण। ओवैसी का कहना है कि ज्ञानवापी पर आई एएसआई की रिपोर्ट किसी भी पेशेवर पुरातत्ववेत्ता और इतिहासकार के सामने टिकेगी नहीं। यह रिपोर्ट अनुमानों पर आधारित है और विज्ञान सम्मत शोध का मजाक है। वस्तुतः ओवैसी ने यह कहकर बता दिया है कि वे किसी भी हाल में हिन्दू सनातन धर्म के पक्ष में सामने आये सच को स्वीकार्य करनेवाले नहीं हैं। हिन्दुत्व और हिन्दुओं से उन्हें इतनी अधिक नफरत है कि हिन्दुस्तान में रहते हुए वे उसी बहुसंख्यक हिन्दू समाज के मान बिन्दुओं का अपमान करते हैं, जिसके कारण से भारत वर्ष पूरे विश्व में जाना जाता है। वस्तुतः ज्ञानवापी मस्जिद पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण आज अनेक साक्ष्यों के साथ बता रहा है कि कैसे एक प्राचीन वैभवशाली ज्ञान परंपरा और संस्कृति को इस्लामिक आक्रान्ताओं ने नष्ट कर दिया था और एक जागृत मंदिर को मस्जिद में बदल दिया गया।

> **ओवैसी का कहना है कि ज्ञानवापी पर आई एएसआई की रिपोर्ट किसी भी पेशेवर पुरातत्ववेत्ता और इतिहासकार के सामने टिकेगी नहीं। रिपोर्ट अनुमानों पर आधारित है व विज्ञान सम्मत शोध का मजाक है।**

## टेक वर्ल्ड

### व्हाट्स स्टेटस को इंस्टाग्राम पर शेयर करने का आसान तरीका


***दुनिया*** भर में लोग व्हाट्सएप को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बना चुके हैं। इस मैसेजिंग ऐप ने उन्हें अपने विचारों, तस्वीरों और वीडियो स्टेटस के माध्यम से अपने दोस्तों और परिवार से जुड़े रहने का मौका दिया है। हाल ही में आई एक नई अपडेट ने इस सोशल मीडिया के सीमाओं को और भी बढ़ा दिया है। अब व्हाट्सएप स्टेटस को इंस्टाग्राम पर भी साझा किया जा सकता है। यह नई सुविधा व्हाट्सएप यूजर्स को अपने स्टेटस को इंस्टाग्राम स्टोरीज में सीधे शेयर करने की अनुमति देती है। यह एक सरल प्रक्रिया है जो उपयोगकर्ताओं को इंस्टाग्राम पर भी व्हाट्सएप की व्यापकता का लाभ उठाने का अवसर देती है। इस नई फीचर का उपयोग करने के लिए, व्हाट्सएप स्टेटस सेक्शन में जाएं और वहां 'शेयर टू इंस्टाग्राम स्टोरीज' विकल्प को चुनें। इसके बाद, आपको इंस्टाग्राम ऐप में नेविगेट करके अपनी स्टोरीज में स्टेटस को पोस्ट करने की अनुमति मिलेगी।




यह सीधा प्रक्रिया व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम के इस्तेमाल को एक साथ जोड़कर, सोशल मीडिया अनुभव को और भी सुगम बनाती है। यह सुविधा व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम के इस्तेमाल को बेहतर तरीके से एक साथ जोड़कर, सोशल मीडिया अनुभव को और भी सुगम बनाती है। यह भी विदेशी ऐप्स की बढ़ती प्रतिस्पर्धा का हिस्सा है, जो अपने उपयोगकर्ताओं को नई और अनूठी सुविधाओं से लाभान्वित करने के लिए प्रतिस्पर्धा में बने रहने की कोशिश कर रहे हैं। **(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# राजद से अब भी 14 दिनों तक नहीं छूटेगा नीतीश सरकार का पिंड




**एजेंसी। पटना**

बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार सुबह तक महागठबंधन सरकार के मुख्यमंत्री थे और इस समय राजग सरकार के सीएम हैं। लेकिन, राजद से अभी सरकार का पिंड नहीं छूटा है क्योंकि विधानसभा के अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी राजद से हैं। उनके अध्यक्ष पद पर रहते सरकार सहज नहीं हो सकती। खासकर के सरकार के विश्वास मत प्राप्त करने तक। मौजूदा विपक्ष के 114 के मुकाबले सत्ता पक्ष के पास 128 विधायक हैं, इसलिए बहुमत साबित करने की चुनौती नहीं मिली वरना यह 14 दिन और ज्यादा परेशानी भरे होते। इसी तकनीकी परेशानी को देखते हुए रविवार को नई सरकार गठन के तत्काल बाद कैबिनेट की बैठक नहीं कर सोमवार को इत्मीनान से इसकी तैयारी की गई है।

**सारी कवायद अवध बिहारी चौधरी के नाम :** राजद की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव या पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव परेशानी का सबब नहीं हैं। संकट विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी हैं। वह राजद से हैं और महागठबंधन सरकार में विधानसभा अध्यक्ष की कुर्सी संभालते ही उन्होंने दूसरे तरह से सदन चलाने की परंपरा स्थापित की। देखा गया कि वह तत्कालीन सरकार के हिसाब से प्रस्तावों को झटके से निकाल देते थे। सरकार बदल गई, लेकिन मुखिया नीतीश कुमार ही हैं। सीएम और जनता दल यूनाईटेड के मंत्रियों से ज्यादा भारतीय जनता पार्टी को इसका अनुमान है कि चौधरी के विधानसभा अध्यक्ष रहते क्या परेशानी होगी, इसलिए रविवार को सरकार गठन के कुछ ही देर बाद भाजपा के नंद किशोर यादव की ओर से अवध बिहारी चौधरी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस विधानसभा सचिव को भेज दिया गया।

## नीतीश बनाएं पलटू राम सर्कस : संजय राउत

### नीतीश कुमार का जाना दुर्भाग्यपूर्ण : संजय राउत



**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने सोमवार को कहा कि नीतीश ने जिस तरह से विपक्षी गठबंधन छोड़ा है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। नीतीश को सर्कस में जाना चाहिए। उन्हें पलटू राम सर्कस बनाना चाहिए और भाजपा को उसका रिंगमास्टर बनना चाहिए।' वह भाजपा को नहीं जानते, भाजपा उन्हें खत्म कर देगी।

### नीतीश लोस चुनाव तक राजग में रहेंगे



**चेन्नई।** डीएमके सांसद टीआर बालू ने कहा 'नीतीश कुमार ने कहा कि विपक्षी गठबंधन में कोई काम नहीं हुआ तो उन्होंने कौन सा प्लान दिया था? उन्होंने खुद कोई योजना नहीं दी। डीएमके नेता आरएस भारती ने कहा कि 'इस बात की क्या गारंटी है कि नीतीश कुमार लोकसभा चुनाव तक एनडीए गठबंधन का हिस्सा बने ही रहेंगे? अभी इंतजार करिए।

### कांग्रेस नेता प्रमोद कृष्णम ने जताई निराशा



कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने नीतीश कुमार के एनडीए के साथ जाने पर निराशा जाहिर की। उन्होंने कहा कि 'नीतीश कुमार का इंडिया गठबंधन छोड़ना हम सभी के लिए निराशाजनक है। वह इस गठबंधन के कप्तान थे। हमें इस पर सोचने की जरूरत है कि ऐसे हालात क्यों बने। जो नेता गठबंधन को लेकर समन्वय कर रहे थे, उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

### जयराम रमेश ने भी नीतीश को घेरा



कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोमवार को नीतीश कुमार पर निशाना साधा। जयराम रमेश ने कहा कि नीतीश के जाने से विपक्षी गठबंधन पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। किशनगंज में उन्होंने कहा कि 'आया राम, गया राम' की जगह अब 'आया कुमार, गया कुमार' होना चाहिए। जयराम रमेश ने दावा किया कि नीतीश कुमार का विश्वासघात, प्रधानमंत्री की योजना का हिस्सा है।

## कर्नाटक में स्कूल बस-ट्रैक्टर की टक्कर में 4 बच्चों की मौत

**बागलकोट (कर्नाटक)।** कर्नाटक के बागलकोट जिले में सोमवार को एक स्कूल बस और ट्रैक्टर के बीच टक्कर में एक लड़की सहित चार बच्चों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। यह घटना जिले के जामखंडी शहर के करीब स्थित अलागुर गांव के पास तड़के हुई। स्कूल की वार्षिक सभा के बाद बच्चे गांव अपने घर लौट रहे थे। मृतकों की पहचान 17 वर्षीय सागर कडकोल और बसवराज, 13 वर्षीय श्वेता और गोविंद के रूप में हुई है, जो सभी कवातागी गांव के रहने वाले थे। बच्चे अलागुर में वर्धमान शिक्षा संस्थान में पढ़ रहे थे। सागर और बसवराज पीयूसी के छात्र थे, जबकि श्वेता और गोविंद कक्षा 9 में पढ़ रहे थे। उत्पाद शुल्क मंत्री आर.बी. थिम्मापुर, जो बागलकोट के जिला प्रभारी मंत्री भी हैं, शोक संतप्त परिवारों को सांत्वना देने के लिए गांव का दौरा करेंगे और अस्पताल में घायल बच्चों से भी मिलेंगे।

## एक नजर

### सरकार ने बजट सत्र से पूर्व मंगलवार को बुलाई सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने बजट सत्र से पूर्व मंगलवार को संसद में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं की बैठक बुलाई है। संसद को सुचारू रूप से चलाने और सरकारी एजेंडे से विपक्ष के नेताओं को अवगत कराने के लिए हर सत्र से पूर्व सरकार इस तरह की बैठक बुलाती है। वर्तमान सत्र 17वीं लोकसभा का अंतिम और बेहद छोटा सत्र है। इसमें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 2024 के आम चुनावों से पूर्व अंतरिम बजट रखेंगी।

### बसपा से नाराज नेता आएं हमारे साथ : रामदास आठवले

**लखनऊ।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआई) और केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के नाराज नेताओं को आरपीआई से जुड़ने की अपील की है। रामदास आठवले ने कहा कि बसपा के नाराज नेता अपनी पार्टी छोड़कर हमारे साथ आ सकते हैं। अगर बसपा अध्यक्ष मायावती हमारे साथ आएं तो उनका भी स्वागत है। मायावती को आरपीआई का राष्ट्रीय अध्यक्ष बना देंगे।

### ठाकरे समूह के नेता रवींद्र वायकर से ईडी की पूछताछ शुरू

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के नेता और विधायक रवींद्र वायकर से सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम जोगेश्वरी भूमि घोटाले में पूछताछ कर रही है। उन पर जोगेश्वरी में सरकारी भूखंड पर पांच सितारा होटल बना कर तकरीबन 500 करोड़ रुपये का घोटाला करने का आरोप है। इस मामले की जांच मनी लॉड्रिंग ऐंगल से की जा रही है।

### ईडी का कन्नूर अर्बन निधि लिमिटेड से जुड़े मामले में छापेमारी

**नई दिल्ली।** ईडी ने कन्नूर अर्बन निधि लिमिटेड के करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में छापेमारी की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने यह कार्रवाई केरल स्थित त्रिशूर और मलप्पुरम में करीब चार-पांच ठिकानों पर की है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी कन्नूर अर्बन निधि लिमिटेड के त्रिशूर और मलप्पुरम में करीब चार-पांच परिसरों की तलाशी ले रही है।

## अयोध्या पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ

# दर्शन व्यवस्था का लिया जायजा



**एजेंसी। अयोध्या**

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दर्शन के लिए हर रोज भक्तों का तांता लगा हुआ है। एक बार फिर मंदिर में दर्शन के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद अयोध्या पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। यहां से सड़क मार्ग से हनुमानगढ़ी के लिए रवाना हुए और हनुमंतलला के दर्शन करने के बाद राम जन्मभूमि पहुंचकर रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। इसके बाद बड़ी संख्या में आ रहे श्रद्धालुओं की सुगम दर्शन व्यवस्था का जायजा लिया। जनवरी माह में सीएम का रामनगरी का यह छठा दौरा है। इससे पहले मुख्यमंत्री 9 जनवरी, 14 जनवरी, 19 जनवरी, 21-22 जनवरी और 23 जनवरी को अयोध्या पहुंचे थे। सोमवार को मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों से मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं के संदर्भ में ना केवल जानकारी ली, बल्कि, खुद जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं को परखा और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। सीएम ने दर्शनार्थियों से भी बातचीत करके फीडबैक लिया।

## एक सप्ताह में पूरे देश में लागू होगा यूसीसी : शांतनु ठाकुर



**मंत्री ने सोमवार को दक्षिण 24 परगना जिले में भाजपा के कार्यकताओं के एक बूथ-सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा**

**एजेंसी। कोलकाता**

भाजपा के लोकसभा सदस्य और केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर के इस दावे के बाद कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) राष्ट्रीय स्तर पर एक हफ्ते के अन्दर लागू होगा, पश्चिम बंगाल में राजनीतिक घमासान छिड़ गया है। मंत्री ने सोमवार को दक्षिण 24 परगना जिले में भाजपा के कार्यकताओं के एक बूथ-सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, कि मैं सीएए को राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने की गारंटी दे सकता हूं। इसे एक सप्ताह के भीतर पश्चिम बंगाल समेत भारत के सभी राज्यों में लागू कर दिया जाएगा। वो तो आप सब खुद ही देख लेंगे। मैं इस मंच से यह गारंटी दे रहा हूं। टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा हमेशा चुनाव से पहले ही सीएए का मुद्दा उठाती है। मुख्यमंत्री ने कहा यह चुनाव से पहले धार्मिक भावनाओं को भड़काने का जानबूझकर किया गया एक राजनीतिक प्रयास है। जब हर कोई नागरिक है तो सीएए मुद्दे को इतना तूल देने का क्या मतलब है? राज्य की महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग की मंत्री डॉ. शशि पांजा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में सीएए की कोई आवश्यकता नहीं है, यहां हर कोई शांति से रह रहा है। पांजा ने कहा, बंगाल के वे निवासी जिन्हें सीएए के दायरे में लाने का प्रस्ताव है, उन्हें पहले से ही राशन मिल रहा है। वे बहुत शांति में हैं। मुख्यमंत्री ने भी उन्हें आश्वासन दिया है कि पश्चिम बंगाल में कोई सीएए लागू नहीं होगा।

### विधानसभा सत्र में विधेयक लाकर प्रदेश में यूसीसी लागू करेंगे : धामी



**देहरादून।** उतराखंड में समान नागरिक संहिता के लिए गठित विशेषज्ञ समिति दो फरवरी को अपना ड्राफ्ट प्रदेश सरकार को सौंपेगी। सीएम धामी ने कहा कि हम आगामी विधानसभा सत्र में विधेयक लाकर समान नागरिक संहिता को प्रदेश में लागू करेंगे। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि एक भारत,श्रेष्ठ भारत' के विजन और चुनाव से पूर्व प्रदेश की जनता के समक्ष संकल्प रखे गए थे। संकल्प एवं उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप हमारी सरकार प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है।सीएम धामी ने कहा कि यूनिफॉर्म सिविल कोड का मसौदा तैयार करने के लिए बनी कमेटी दो फरवरी को अपना ड्राफ्ट प्रदेश सरकार को सौंपेगी और हम आगामी विधानसभा सत्र में विधेयक लाकर समान नागरिक संहिता को प्रदेश में लागू करेंगे। समान नागरिक संहिता के लिए गठित विशेषज्ञ समिति का चौथी बार कार्यकाल बढ़ा है। 27 मई 2022 ने समान नगारिक संहिता के परीक्षण एवं क्रियान्वयन को रिटायर्ड जज रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में समिति का गठन किया था।

### भाजपा नेताओं को संविधान में विश्वास नहीं तो पाकिस्तान चले जाएं : प्रियांक खरगे



**बेंगलुरु ।** कर्नाटक के आरडीपीआर, आईटी और बीटी मंत्री प्रियांक खरगे ने सोमवार को भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि अगर उन्हें राष्ट्रीय ध्वज, भारतीय संविधान और देश की अखंडता पसंद नहीं है, तो उनके नेता 'अपनी पसंद के गंतव्य पाकिस्तान जा सकते हैं।' उन्होंने रेखांकित किया कि हम भाजपा की साजिशों और रणनीतियों के आगे नहीं झुकेंगे। हम इससे प्रभावी ढंग से निपटेंगे। मंत्री कर्नाटक के मांड्या जिले के केरागोडु गांव में सरकारी जमीन पर 108 फीट ऊंचे ध्वजस्तंभ पर भगवान हनुमान की तस्वीर वाला भगवा झंडा फहराने और उतारने के मुद्दे पर बोल रहे थे। यह मुद्दा कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी भाजपा के बीच नवीनतम विवाद बन गया है। प्रियांक ने कहा कि भाजपा और संघ परिवार, जिसने तटीय क्षेत्र को अपनी हिंदुत्व प्रयोगशाला बनाया था, अब मांड्या जिले में सक्रिय हो गए हैं और यहां अपना हिंदुत्व प्रयोग शुरू कर दिया है।

### राहुल की यात्रा के दूसरे चरण में बड़ी भागीदारी निभाएगी सीपीआई (एम)



**कोलकाता।** चूंकि अब यह लगभग तय हो गया है कि 31 जनवरी से मालदा जिले से शुरू होने वाली पश्चिम बंगाल के क्षेत्र में कांग्रेस की न्याय यात्रा के दूसरे चरण में तृणमूल कांग्रेस भाग नहीं लेगी, सीपीआई (एम) नेतृत्व ने कहा है वह देश की सबसे पुरानी राष्ट्रीय पार्टी के उस कार्यक्रम में बड़ी और भारी भागीदारी करेगी। न्याय यात्रा सोमवार को बिहार में प्रवेश कर गई और बुधवार से यह पश्चिम बंगाल में अपने दूसरे चरण की शुरूआत मालदा जिले से करेगी। सीपीआई (एम) के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि रविवार को राहुल गांधी के नेतृत्व में जलपाईगुड़ी और सिलीगुड़ी कस्बों में रैली में पार्टी के जिला-स्तरीय नेतृत्व की भागीदारी थी, दूसरे चरण में पार्टी के केंद्रीय-स्तरीय नेतृत्व की भागीदारी होगी, इसमें शामिल हैं पोलित ब्यूरो और केंद्रीय समिति। अब तक, न्याय यात्रा के दूसरे चरण में सीपीआई (एम) पोलित ब्यूरो सदस्य और पश्चिम बंगाल में पार्टी के राज्य सचिव एमडी सलीम और सीपीआई (एम) केंद्रीय समिति के सदस्य डॉ सुजन चक्रवर्ती की भागीदारी की भी पुष्टि हो गई है।

### कांग्रेस ने रेवंत रेड्डी के खिलाफ केटीआर के आरोपों को बताया निराधार



**हैदराबाद।** कांग्रेस पार्टी ने सोमवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता केटी रामाराव के उस आरोप को निराधार बताकर खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि रेवंत रेड्डी दिल्ली प्रबंधन कोटा के तहत तेलंगाना के मुख्यमंत्री बने हैं। एआईसीसी संचार समन्वयक प्रभारी सुजाता पॉल ने सोमवार को कहा कि हम राजनीतिक पदों को सुरक्षित करने के लिए रिश्वतखोरी में रेवंत रेड्डी की कथित संलिप्तता के संबंध में केटीआर द्वारा लगाए गए निराधार आरोपों को खारिज करते हैं। उन्होंने कहा, "दिल्ली प्रबंधन कोटा" शब्द भ्रामक है और इसमें कोई सार नहीं है। रेवंत रेड्डी के कद और चरित्र पर व्यक्तिगत हमले अरुचिकर हैं। सुजाता पॉल ने कहा, तेलंगाना के लोग ऐसे राजनीतिक माहौल के हकदार हैं, जो कीचड़ उछालने के बजाय नीतियों और विकास पर ध्यान केंद्रित करे।

### समय सीमा खत्म, शेख शाहजहां ने ईडी के समक्ष नहीं किया आत्मसमर्पण



**कोलकाता।** फरार तृणमूल कांग्रेस नेता और 5 जनवरी के संदेशखली हमले के मास्टरमाइंड शेख शाहजहां के लिए प्रवर्तन निदेशालय द्वारा निर्धारित सोमवार सुबह 11 बजे की समय सीमा समाप्त हो गई। बावजूद इसके वह अभी तक केंद्रीय एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए। 24 जनवरी को, जब ईडी के अधिकारियों ने शाहजहां के आवास पर दूसरी छापेमारी की, तो अधिकारियों ने खाली आवास की दीवार पर एक समय सीमा निर्धारित करते हुए एक नोटिस चिपका दिया और शाहजहां को 29 जनवरी को सुबह 11 बजे तक उपस्थित होने के लिए कहा। ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर हमले को 24 दिन हो गए हैं और शाहजहां लगातार फरार है। ईडी ने उसके बांग्लादेश भागने की आशंका में पहले ही उसके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी कर दिया है, क्योंकि उसका निवास अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब है।

## 'फर्जी जाति प्रमाणपत्र जारी करने को बनाया उद्योग'

**ममता पर अमित का हमला**



**एजेंसी। कोलकाता**

सुप्रीम कोर्ट द्वारा कलकत्ता हाई कोर्ट में न्यायाधीश बनाम न्यायाधीश मामले में पश्चिम बंगाल में फर्जी प्रमाणपत्र से संबंधित केस को देशभर में सुर्खियों में ला दिया है। सुप्रीम कोर्ट की ओर से इससे संबंधित सभी मामले हाई कोर्ट से अपने पास स्थानांतरित करने और सभी संबंधित पक्षों को अपनी दलीलें पूरी करने का निर्देश देने के बाद भाजपा ने राज्य की ममता बनर्जी सरकार पर बड़ा हमला बोला है। पश्चिम बंगाल भाजपा के सह प्रभारी एवं भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने ममता बनर्जी सरकार पर फर्जी जाति प्रमाणपत्र जारी करने को उद्योग बनाकर राज्य के सामाजिक ताने-बाने को तार-तार करने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही उन्होंने ओबीसी जातियों की सूची में मुसलमानों की लगभग सभी "जातियों" को शामिल कर व्यवस्थित रूप से ओबीसी हिंदू समुदाय को आरक्षण के लाभ से वंचित करने का आरोप लगाया है। मालवीय ने ममता सरकार पर निशाना साधते हुए सोमवार को एक्स पर पोस्ट कर कहा, ममता बनर्जी सरकार ने पश्चिम बंगाल में फर्जी जाति प्रमाण पत्र जारी करने को एक उद्योग बना दिया है, जिसके कारण हाशिए पर रहने वाले एससी और एसटी समुदायों के लाखों युवा- पुरुष और महिलाएं उन अवसरों से वंचित हो गए हैं, जो उनका अधिकार था। मालवीय ने ममता सरकार पर अपने सांप्रदायिक कामों द्वारा राज्य के सामाजिक ताने-बाने को तार-तार करने का बड़ा आरोप लगाते हुए आगे कहा, उन्होंने सूची में मुसलमानों की लगभग सभी "जातियों" को शामिल कर व्यवस्थित रूप से हिंदू ओबीसी समुदाय को आरक्षण के लाभ से वंचित कर दिया है। ममता बनर्जी के इन सांप्रदायिक कदमों ने राज्य के सामाजिक ताने-बाने को तार-तार कर दिया है। भाजपा नेता ने सेव बंगाल हैशटैग के साथ ममता बनर्जी सरकार से बंगाल को बचाने का आह्वान किया।

## भारत में पहली बार प्रयोगशाला में विकसित होगा मछली का मांस




**एजेंसी। कोच्चि**

एक ऐतिहासिक कदम में आईसीएआर-सेंट्रल मरीन फिशरीज रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीएमएफआरआई) ने भारत में पहली बार प्रयोगशाला में विकसित मछली के मांस को विकसित करने की अग्रणी पहल की है। परियोजना का उद्देश्य भारत को समुद्री मछली के मांस के क्षेत्र में प्रगति करने के लिए स्थापित करना है, जिससे समुद्री भोजन की बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके और जंगली संसाधनों पर अत्यधिक दबाव कम किया जा सके। संवर्धित मछली का मांस या प्रयोगशाला में विकसित मछली का मांस मछली से विशिष्ट कोशिकाओं को अलग करके और उन्हें पशु मुक्त मीडिया घटक का उपयोग करके प्रयोगशाला सेटिंग में विकसित करके उत्पादित किया जाता है। अंतिम उत्पाद मछली के मूल स्वाद बनावट और पोषण गुणों को दोहराएगा। प्रारंभिक चरण में संस्थान किंग फिश पोम्फ्रेट और सीयर मछली जैसी उच्च मूल्य वाली समुद्री मछलियों के सेल आधारित मांस को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करता है। इसके अनुरूप सीएमएफआरआई ने इस पहल को सार्वजनिक निजी भागीदारी मोड में शुरू करने के लिए 'नीट मीट बायोटेक' के साथ एक सहयोगात्मक अनुसंधान समझौता किया है, जो संवर्धित मांस विकसित करने की दिशा में काम कर रहा है। सीएमएफआरआई के निदेशक डॉ. ए. गोपालकृष्णन और नीट मीट बायोटेक के सह-संस्थापक और सीईओ डॉ. संदीप शर्मा ने इस संबंध में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। एमओयू के अनुसार सीएमएफआरआई उच्च मूल्य वाली समुद्री मछली प्रजातियों के प्रारंभिक सेल लाइन विकास पर अनुसंधान करेगा। इसमें आगे के अनुसंधान और विकास के लिए मछली कोशिकाओं को अलग करना और विकसित करना शामिल है। इसके अतिरिक्त सीएमएफआरआई परियोजना से संबंधित आनुवंशिक, जैव रासायनिक और विश्लेषणात्मक कार्य संभालेगा। संस्थान बुनियादी सुविधाओं के साथ एक सेल कल्चर प्रयोगशाला से सुसज्जित है, जो सेलुलर जीव विज्ञान में अनुसंधान के लिए ठोस आधार प्रदान करता है। सेल कल्चर तकनीक में अपनी विशेषज्ञता के साथ नीट मीट सेल अटैचमेंट के लिए मचान या माइक्रो कैरियर के सेल ग्रोथ मीडिया विकास के अनुकूलन और बायो-रिएक्टर के माध्यम से उत्पादन को बढ़ाने का नेतृत्व करेगा।

**पहल** | समाज में रामराज्य लाना हम सभी का कर्तव्य

# 'राम' ने घोली कड़वाहट भरे रिश्तों में मिठास



जय श्री राम

**एजेंसी। भोपाल**

अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद समाज में रिश्तों को मजबूत करने की दिशा में अभिनव पहल हो रही है। एक पहल हुई है मध्य प्रदेश के सतना जिले मे, जहां पारिवारिक रिश्तों में आई कड़वाहट को खत्म करने 'राम' और 'रामायण' का सहारा लिया जा रहा है। समाज और परिवारों की शांति के साथ प्रगति में सबसे बड़ी बाधा रिश्तो में आई खटास और वैमनस्यता होती है। कई मामले पुलिस थानों से लेकर न्यायालय की दहलीज तक पहुंच जाते हैं, मगर सतना जिले में इस कड़वाहट को दूर करने का अभिनव प्रयोग शुरू हुआ है।यहां की एक संस्था मधुरिमा सेवा संस्कार फाउंडेशन ने पारिवारिक विवाद को निपटाने के लिए संवाद का सहारा लिया। इस संस्था के लोग उन परिवारों से संपर्क करते हैं जिनके बीच किसी वजह से दूरियां बढ़ गई हैं, कड़वाहट आ गई है। दोनों ही पक्षों को राम का उदाहरण देते हुए हिदायत दी जाती है और मिलजुल कर रहने का संदेश दिया जाता है और कहा जाता है कि अब तो 500 साल के संघर्ष के बाद रामलला आ गए हैं तो हम क्यों आपस में दूर रहें। एक मामला है कोठी नगर परिषद के शिव वीर सिंह का। वे अपने माता-पिता की बात नहीं सुनते थे और अपनी मस्ती में मस्त रहते थे, मगर अब उन्होंने राम जी के चरित्र के पालन का फैसला लिया है और तय किया है कि अब अपने माता-पिता की हर बात मानेंगे और प्रभु श्री राम जी के आदर्श पर चलेंगे। इसी तरह गौरैया की रेखा सिंह के अपनी सास से बेहतर रिश्ते नहीं चल रहे थे। संस्था के सदस्यों ने इन दोनों महिलाओं से संपर्क किया। उसका परिणाम यह हुआ कि बहू ने अपनी सास से न केवल माफी मांगी, बल्कि संकल्प लिया कि वह दोनों मिलकर राम राज्य की स्थापना के लिए अन्य लोगों के रिश्तों में आई कड़वाहट को खत्म करने में मदद करेंगी। मधुरिमा सेवा संस्कार फाउंडेशन की संस्थापक डॉ स्वप्ना वर्मा का कहना है कि भगवान राम 500 साल के संघर्ष के बाद अयोध्या आए हैं। ऐसे में हम सब का कर्तव्य है कि समाज में भी राम राज्य आए। यह तभी संभव है जब लोगों के बीच कड़वाहट न हो और वैमनस्यता खत्म हो।

## भाजपा कर रही आरक्षण खत्म करने की साजिश : कमलनाथ



**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भाजपा सरकार पर आरक्षण खत्म करने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। कमलनाथ ने एक्स पर लिखा कि भारतीय जनता पार्टी का आरक्षण विरोधी चेहरा अब खुलकर सामने आता जा रहा है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने जिस तरह से विश्वविद्यालय में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को समाप्त करने के लिए ड्राफ्ट तैयार किया है, वह अत्यंत खतरनाक प्रवृत्ति है। कमलनाथ ने ड्राफ्ट का जिक्र करते हुए कहा कि इस ड्राफ्ट में कहा गया है कि अगर उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग से योग्य उम्मीदवार नहीं मिलते तो आरक्षित सीटों को अनारक्षित कर दिया जाए। यह आरक्षण समाप्त करने की स्पष्ट साजिश है। कमलनाथ का आरोप है कि यह पहली बार नहीं हो रहा, जब भारतीय जनता पार्टी समाज के कमजोर तबके से आरक्षण छीनना चाहती है। इससे पहले मध्य प्रदेश में मेरी सरकार ने अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया था, जिसे भाजपा की सरकार ने षड्यंत्रपूर्वक समाप्त हो जाने दिया। मोदी सरकार इसीलिए जातिगत जनगणना के आंकड़े सार्वजनिक नहीं कर रही है कि समाज के वंचित वर्ग को उसका अधिकार न देना पड़े।

# आज न्यूजीलैंड से होगा भारतीय टीम का मुकाबला

**एजेंसी। ब्लोमफोंटेन**

भारतीय अंडर टीम मंगलवार को यहां अंडर 19 विश्व कप में सुपर सिक्स चरण के मुकाबले में न्यूजीलैंड से खेलेगी। भारतीय टीम ने अब तक अपने तीनो ही मैच जीते हैं जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं और वह इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार रहेगी। भारतीय टीम बांग्लादेश, आयरलैंड और अमेरिका को हराकर ग्रुप ए में शीर्ष पर रहने के साथ ही सुपर सिक्स में पहुंची है। भारतीय टीम ने इसी मैदान पर अपने तीनों मैच जीते हैं जिसके कारण भी भारतीय टीम यहां के हालातों को जानती है जिसका लाभ उसे कीवी टीम के खिलाफ मुकाबले में मिलेगा। दूसरी ओर न्यूजीलैंड टीम ईस्ट लंदन से आई है और उसके लिए एकदम से हालात के अनुरूप ढलना आसान नहीं होगा। की टीम ग्रुप डी में तीन मैचों में दो जीत के बाद दूसरे स्थान पर रही है पर उसके बल्लेबाज अब तक इस टूनार्मेंट में सहज नहीं दिखे और संघर्ष करते रहे हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ 91 रन के लक्ष्य का पीछा करने में भी उसे आसानी से जीत नहीं मिली। इसके अलावा पाकिस्तान के खिलाफ उसे 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। उसे अगर जीत दर्ज करनी है तो बड़ा लक्ष्य भारतीय टीम को देना होगा।

पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ हालांकि भारतीय टीम को कुछ संघर्ष करना पड़ा पर बचे हुए दोनों मैचों में भारत ने अच्छी जीत हासिल की। भारत के लिए सकारात्मक बात ये रही है कि एक या दो बल्लेबाजों ने जिम्मेदारी लेकर रन बनाए हैं। वहीं तीसरे नंबर के बल्लेबाज मुशीर खान ने भी लगातार अच्छी पारियां खेली हैं। सरफराज खान के छोटे भाई मुशीर एक शतक और एक अर्धशतक लगाकर सबसे अधिक रन बनाने वालों में तीसरे नंबर पर हैं।

वहीं बल्लेबाज आदर्श सिंह अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल पाए और ऐसे में अब उनका इरादा बड़ा स्कोर बनाने का होगा। इसके अलावा सलामी बल्लेबाज अर्शिन कुलकर्णी का आत्मविश्वास भी शतक के बाद बढ़ा है। भारतीय टीम के कप्तान उदय सहारन ने भी अब अच्छी बल्लेबाज की है और वह इस सिलसिले को बरकरार रखना चाहेंगे। वहीं गेंदबाजी में बायें हाथ के तेज गेंदबाज नमन तिवारी और स्पिनर सौम्य पांडे ने भी अब प्रभावी भूमिका निभाई है। पिछले दो मैचों में नमन ने चार जबकि सौम्य ने आठ विकेट लिए हैं।

### अंडर 19 विश्वकप सुपर सिक्स




**दोपहर 1.30 से होगा मैच**

### दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**भारत :** उदय सहारन (कप्तान), अर्शिन कुलकर्णी, आदर्श सिंह, रुद्र मयूर पटेल, सचिन धस, प्रियांशु मोलिया, मुशीर खान, अरवेल्ली अवनीश राव, सौम्य कुमार पांडे, मुरुगन अभिषेक, इनेश महाजन, धनुष गौड़ा, आराध्या शुक्ला, राज लिम्बानी और नमन तिवारी

**न्यूजीलैंड :** आस्कर जैकसन (कप्तान), मेसन क्लार्क, सैम क्लोड, जैक कमिंग, रहमान हिकमत, टॉम जोंस, जेम्स नेलसन, स्नेहित रेड्डी, मैट रोव, एवाल्ड श्रूडर, लाचलान स्टैकपोल, ओलिवर तेवतिया, एलेक्स थॉम्पसन, रियान सोरगास, ल्यूक वाटसन।

# इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले भारत को झटका, राहुल-जडेजा बाहर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और मध्यक्रम के बल्लेबाज केएल राहुल 2 फरवरी से विशाखापत्तनम में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले भारत के दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक बयान में कहा कि हैदराबाद में पहले टेस्ट के चौथे दिन भारत के 231 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बल्लेबाजी के दौरान जडेजा को हैमस्ट्रिंग चोट लगी। वहीं, केएल राहुल को भी इस मैच के दौरान ही चोट लगी और अब यह दोनों खिलाड़ी अगला मैच नहीं खेल पाएंगे। पुरुष चयन समिति ने विशाखापत्तनम टेस्ट के लिए दाएं हाथ के बल्लेबाज सरफराज खान, बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार और ऑफ स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को भारत की टेस्ट टीम में शामिल किया है।

जडेजा और राहुल की चोटें भारतीय टीम के लिए एक बड़ा झटका है। मेजबान टीम को पहले से ही विराट कोहली की कमी खल रही है, जो व्यक्तिगत कारणों से पहले दो टेस्ट से बाहर हैं। साथ ही वरिष्ठ तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी टखने की चोट से जूझ रहे हैं। वाशिंगटन ने भारत के लिए चार टेस्ट खेले हैं, जिसमें उनके नाम छह विकेट हैं। साथ ही उन्होंने तीन अर्द्धशतक लगाए हैं। मार्च 2021 में अहमदाबाद में इंग्लैंड के खिलाफ प्रारूप में अपनी आखिरी उपस्थिति के बाद उन्हें टेस्ट सेट-अप में वापस बुला लिया गया है। सौरभ मार्च 2022 में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए भारत की टेस्ट टीम के सदस्य थे और उन्हें साल के अंत में बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए जडेजा के प्रतिस्थापन के रूप में बुलाया गया था। इस बीच सरफराज को भारतीय टेस्ट टीम में अपना पहला, लेकिन लंबे समय से प्रतीक्षित बुलावा मिल गया है। मुंबई के लिए घरेलू क्रिकेट के पिछले तीन सीजन में शानदार रन बनाने वाले सरफराज ने हाल ही में शानदार 161 रन बनाए, जिससे भारत ए ने अहमदाबाद में दूसरे चार दिवसीय मैच में इंग्लैंड लायंस को एक पारी और 16 रन से हरा दिया। इंग्लैंड के खिलाफ भारत का अगला टेस्ट मैच 2 फरवरी को विशाखापत्तनम में खेला जाएगा।

### इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए भारत की टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर, केएस भरत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह (उप-कप्तान), आवेश खान, रजत पाटीदार, सरफराज खान, वाशिंगटन सुंदर, सौरभ कुमार।



# इंग्लैंड ने भारत की टेंशन बढ़ा दी : मार्क वुड

**एजेंसी। हैदराबाद**

इंग्लैंड के तूफानी तेज गेंदबाज मार्क वुड का कहना है कि राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में पहले टेस्ट में टीम की 28 रनों की जीत ने भारत को श्रृंखला के दूसरे मैच से पहले सोचने के लिए बहुत कुछ दिया है। सीरीज के पहले टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ रोहित शर्मा की अगुवाई में भारत ने शुरूआती दिनों में दबदबा बनाए रखा। ओली पोप की 196 रनों की शानदार पारी ने मैच की गति बदल दी, जिससे भारत को 231 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य मिला।

भारतीय बल्लेबाजी लाइनअप को टॉम हार्टले ने तहस-नहस कर दिया। युवा स्पिनर ने अंतिम पारी में 7 महत्वपूर्ण विकेट लिए और भारत को हार की तरफ धकेल दिया। जिससे उन्हें पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त मिली।

वुड ने बीबीसी स्पोर्ट से कहा, उन्हें अब एक अलग योजना के साथ आना होगा। हमने केवल एक मैच जीता है और श्रृंखला में पांच हैं। हमने भारत को साबित कर दिया है कि यह एक लड़ाई होगी और हम हार नहीं मानने वाले हैं। कई लोग हमें लेकर कई तरह के सवाल उठा रहे थे, लेकिन, टीम को हमेशा खुद पर विश्वास था। हम जानते थे कि यह एक बहुत बड़ा काम होने वाला था, लेकिन यह एक बड़ी उपलब्धि है। अब हम जानते हैं कि हम यह कर सकते हैं और हमने भारत की टेंशन बढ़ा दी है। जब इंग्लैंड ने आखिरी बार 2021 में भारत का दौरा किया था, तो मेजबान टीम ने चेन्नई में श्रृंखला का पहला मैच हारने के बाद अत्यधिक स्पिन-अनुकूल पिचों पर 3-1 से श्रृंखला जीतकर वापसी की थी। इंग्लैंड के खिलाफ भारत का अगला टेस्ट मैच 2 फरवरी को विशाखापत्तनम में खेला जाएगा।




# भारत ने अपने अंतिम पूल बी मैच में जमैका को 13-0 से हराया

**एफआईएच हॉकी5एस पुरुष विश्वकप**




**एजेंसी। मस्कट**

एफआईएच हॉकी5एस पुरुष विश्व कप ओमान 2024 के अपने तीसरे और अंतिम पूल बी मैच में, भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने असाधारण प्रदर्शन करते हुए सोमवार को ओमान के मस्कट में जमैका पर 13-0 से शानदार जीत हासिल की। भारत ने शुरू से ही आक्रमण शुरू कर दिया, मनिंदर सिंह (2', 2') ने सटीक शॉट्स के माध्यम से दो त्वरित गोल किए। इसके बाद उत्तम सिंह (5') और मंजीत (5) ने भी एक-एक गोल किया और भारत ने मैच के पहले छह मिनट के भीतर ही 4-0 की मजबूत बढ़त बना ली।

पर्याप्त बढ़त स्थापित करने के बावजूद, भारत ने लगातार हमलां करना जारी रखा और जमैका की रक्षापंक्ति पर लगातार दबाव बनाए रखा। पवन राजभर (9') और गुरजोत सिंह (14') ने इन अवसरों का फायदा उठाया और छ मिनट के अंतराल पर दो गोल कर हाफटाइम तक भारत को 6-0 से आगे कर दिया।

दूसरे हाफ में भी भारत ने आक्रामक आक्रामक रणनीति बनाए रखी। यह दृष्टिकोण प्रभावी साबित हुआ और मोहम्मद राहील (16', 27'), मनदीप मोर (23', 27'), मंजीत (24'), और मनिंदर सिंह (28', 29') ने एक के बाद एक गोल कर भारत को 13-0 से जीत दिला दी।

गौरतलब है कि भारतीय टीम रविवार को अपने शुरूआती दो पूल बी मैचों में मिस्र से हारी थी और स्विट्जरलैंड को हराया था। हालांकि जमैका के खिलाफ जीत ने भारत को एफआईएच हॉकी5२ विश्व कप ओमान 2024 के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश दिला दिया है, जो 30 जनवरी को खेला जाना है।

# आईसीसी आचार संहिता का उल्लंघन करने पर बुमराह को फटकार




**एजेंसी। नई दिल्ली**

रविवार को हैदराबाद में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के पहले मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आधिकारिक फटकार लगाई गई है।

बुमराह को खिलाड़ियों और खिलाड़ी समर्थन कार्मिक के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.12 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो किसी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, खिलाड़ी समर्थन कार्मिक, अंपायर, मैच रेफरी या किसी अन्य व्यक्ति (जिसमें एक दर्शक भी शामिल है) के साथ अनुचित शारीरिक संपर्क से संबंधित है।


इसके अलावा बुमराह के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जिनके लिए यह 24 महीने की अवधि में पहला अपराध था।

यह घटना इंग्लैंड की दूसरी पारी के 81वें ओवर में हुई, जब फॉलो थ्रू पूरा करने के बाद, बुमराह ने जानबूझकर ओली पोप के रास्ते में कदम रखा। जिससे अनुचित शारीरिक संपर्क हुआ।

बुमराह ने अपराध मान लिया और एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के रिची रिचर्डसन द्वारा प्रस्तावित सजा को स्वीकार कर लिया इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं पड़ी।

मैदानी अंपायर पॉल रिफेल और क्रिस गैफनी, तीसरे अंपायर माराइस इरास्मस और चौथे अंपायर रोहन पंडित ने आरोप लगाया था। लेवल 1 के उल्लंघनों में न्यूनतम जुमार्ना आधिकारिक फटकार, अधिकतम जुर्माना खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत और एक या दो डिमेरिट अंक होते हैं।

# शुभमन की जगह खतरे में पड़ी, सरफराज और रजत दे रहे टक्कर




**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल का प्रदर्शन पिछले कुछ समय से अच्छा नहीं रहा है और ऐसे में टीम में उनकी जगह खतरे में नजर आ रही है। पिछले कुछ समय में उनका औसत गिरकर औसत 13.20 पर पहुंच गया है। शुभमन के इस प्रदर्शन के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के लिए उन्हें टीम में बनाये रखना बेहद कठिन हो गया है। हैदराबाद टेस्ट में इंग्लैंड ने जिस प्रकार वापसी करते हुए जीत दर्ज की है। उसके बाद भारतीय टीम मैनेजमेंट को बड़ा फैसला लेना ही होगा। वहीं इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने साफ कहा कि शुभमन गिल को कोच राहुल द्रविड़ के साथ नेट्स पर समय बिताना चाहिए। भारत को इंग्लैंड के खिलाफ अगला टेस्ट मैच 2 फरवरी से विशाखापत्तनम में खेलना है।

# रुपे प्राइम वॉलीबॉल लीग 3 का आयोजन 15 फरवरी से



**चेन्नई करेगा मेजबानी**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ए23 द्वारा संचालित रूपे प्राइम वॉलीबॉल लीग के बहुप्रतीक्षित तीसरा संस्करण 15 फरवरी, 2024 से शुरू होगा और इसकी मेजबानी खूबसूरत शहर चेन्नई करेगा।

नौ फ्रेंचाइजी - अहमदाबाद डिफेंडर्स, बेंगलुरु टॉरपीडो, कालीकट हीरोज, चेन्नई ब्लिट्ज, दिल्ली तूफान्स, हैदराबाद ब्लैक हॉक्स, कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स, कोलकाता थंडरबोल्ट्स और मुंबई मेटियर्स इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा करते हुए दिखेंगे। फाइनल मुकाबला एसडीएटी मल्टी-पर्पज इंडोर स्टेडियम में 21 मार्च को खेला जाएगा। मौजूदा चैंपियन अहमदाबाद डिफेंडर्स 15 फरवरी को टूर्नामेंट के शुरूआती मैच में मेजबान चेन्नई ब्लिट्ज से भिड़ेंगे, जबकि पिछले साल की उपविजेता बेंगलुरु टॉरपीडोज उसी दिन सीजन 1 के विजेता कोलकाता थंडरबोल्ट्स से भिड़ेंगी। ए23 द्वारा संचालित भारत की एकमात्र वॉलीबॉल लीग की मार्केटिंग अग्रणी स्पोर्ट्स मार्केटिंग फर्म-बेसलाइन वेंचर्स द्वारा किया जाता है। यह इस लीग में सह-स्वामित्व भी रखते हैं।

# एशियाई खेलों के पदक विजेता अविनाश पारुल प्रशिक्षण के लिए जाएंगे विदेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इस साल के अंत में होने वाले पेरिस ओलंपिक खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने पर अपनी नजरें टिकाए हुए धावक अविनाश साबले, पारुल चौधरी और पिछले साल के एशियाई खेलों के पदक विजेता पहलवान अंशू मलिक और सरिता मोर प्रशिक्षण के लिए विदेश जाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल हैं। युवा मामले और खेल मंत्रालय ने अपनी नई बैठक में कई एथलीटों के विदेश में प्रशिक्षण लेने के अनुरोध को मंजूरी दे दी, जिसमें एशियाई खेलों के पदक विजेता अविनाश साबले और पारुल चौधरी अमेरिका जा रहे हैं।

पहलवान अंशू मलिक और सरिता मोर जापान और अमेरिका में प्रशिक्षण ले रहे हैं। जबकि टेबल टेनिस खिलाड़ी पायस जैन ओसाका, जापान जा रहे हैं।




राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक सेबल और चौधरी कोलोराडो स्प्रिंग्स के उच्च-ऊंचाई वाले केंद्र में कोच स्कॉट सिमंस के तहत प्रशिक्षण लेंगे। पहलवान सरिता मोर ओलंपिक/ पैरालंपिक प्रशिक्षण केंद्र (यूएसओपीटीसी) का नेतृत्व करेंगी, जो कई स्टार खिलाड़ियों का प्रशिक्षण आधार है। इस बीच, पहलवान अंशू मलिक योकोहामा के निप्पॉन स्पोर्ट्स साइंस यूनिवर्सिटी (एनएसएसयू) में प्रशिक्षण लेने के लिए जापान के कानागावा जाएंगे।

## खबरें व्यापार जगत की

# बजट का बाजार पर बड़े पैमाने पर असर पड़ने की संभावना नहीं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इस सप्ताह दो महत्वपूर्ण घटनाएं होने वाली हैं: अंतरिम बजट और दर निर्णय पर फेड की बैठक। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार कहते हैं लेकिन इन घटनाओं का बाजार पर बड़े पैमाने पर असर पड़ने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा, बजट बाजार को प्रभावित करने में सक्षम बड़ी घोषणाओं के बिना लेखानुदान होगा। फेड के फैसले के संबंध में, दर में कटौती की उम्मीद नहीं है, लेकिन टिप्पणी पर उत्सुकता से नजर रखी जाएगी। लाल सागर में अशांति एक गंभीर मुद्दा बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि ब्रेंट क्रूड 83 डॉलर तक पहुंच गया है। तीसरी तिमाही के नतीजों और समाचारों के जवाब में स्टॉक विशिष्ट कार्रवाई की संभावना है। एलआईसी को



एचडीएफसी बैंक में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए आरबीआई की मंजूरी मिलना बाद के लिए सकारात्मक है।

उन्होंने कहा चूंकि एफआईआई की बिकवाली कायम है और ऊंची है इसलिए मंदड़िये बिकवाली के लिए रैलियों का सहारा लेंगे। बीएसई सेंसेक्स 1.24 फीसदी की भारी बढ़त के साथ 876 अंक ऊपर 71,577.23 अंक पर है। पावरग्रिड 3 फीसदी ऊपर है, कोटक महिंद्रा बैंक 2 फीसदी ऊपर है, रिलायंस इंडस्ट्रीज 2 फीसदी ऊपर है, एलएंडटी, अल्ट्राटेक सीमेंट, एक्सिस बैंक, सन फार्मा 2 फीसदी ऊपर हैं।

# किसान हित में है कृषि वानिकी को बढ़ाना : मुंडा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि कृषि वानिकी को बढ़ाकर किसानों की आय बढ़ाई जा सकती है। इस दिशा में तेजी से काम किया जाना चाहिए।मुंडा ने सोमवार को कृषि भवन में कृषि क्षेत्र में स्वैच्छिक कार्बन बाजार के लिए फ्रेमवर्क एवं कृषि वानिकी नर्सरी के एक्रीडिएशन प्रोटोकॉल का विमोचन करते हुए कहा कि कृषि वानिकी नर्सरी के एक्रीडिएशन प्रोटोकॉल, देश में कृषि वानिकी को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर रोपण सामग्री के उत्पादन और प्रमाणीकरण के लिए संस्थागत व्यवस्था को मजबूत करेंगे। मुंडा ने कहा कि देश में कृषि क्षेत्र, अर्थव्यवस्था व करोड़ों लोगों की आजीविका में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। देश के कार्यबल का 54.6 फीसदी कृषि व संबंध क्षेत्रों की गतिविधियों में लगा हुआ है। जीडीपी में जहां कृषि क्षेत्र की हिस्सेदारी 18.6 फीसदी है, वहीं 139.3 मिलियन हेक्टेयर, देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र में से बोया गया क्षेत्र है।मुंडा ने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने छोटे-मझौले किसानों को कार्बन क्रेडिट का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करने की दृष्टि से देश के कृषि क्षेत्र में स्वैच्छिक कार्बन बाजार (वीसीएम) को बढ़ावा देने का फ्रेमवर्क तैयार किया है। किसानों को कार्बन बाजार से परिचित कराने से उन्हें फायदा होने के साथ ही पर्यावरण-अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाने में भी तेजी आएगी। उन्होंने किसानों के हित में कार्बन बाजार को बढ़ावा देने के लिए केंद्र व राज्यों के संबंधित मंत्रालयों सहित अन्य संबद्ध संगठनों से पूर्ण सहयोग का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्रों के किसानों के साथ मिलकर उनके लिए सुविधाजनक ढंग से इस दिशा में कार्य किया जाना चाहिए व समाधान के साथ ही हमारे किसानों पर इसका लाभ केंद्रित करने की जरूरत है।

# शेयर बाजार में जोरदार तेजी, निवेशकों को 6.06 लाख करोड़ का मुनाफा



**नई दिल्ली।** हेवीवेट स्टॉक्स और बैंकिंग शेयरों में आई तेजी के कारण घरेलू शेयर बाजार सोमवार को शानदार मजबूती के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरूआत भी बढ़त के साथ हुई थी। हालांकि बीच-बीच में मुनाफावसूली के चक्कर में हुई बिकवाली के कारण शेयर बाजार के दोनों सूचकांकों को मामूली झटका भी लगता रहा। इसके बावजूद लगातार हो रही चौतरफा खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार लगातार ऊपर चढ़ता गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.76 प्रतिशत और निफ्टी 1.80 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1,240.90 अंक की मजबूती के साथ 71,941.57 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 80.50 अंक की छलांग लगा कर 21,433.10 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही खरीदार पूरी तरह से हावी हो गए, जिसके कारण इस सूचकांक ने रफ्तार पकड़ ली। हालांकि बीच-बीच में बिकवाली का भी मामूली झटका लगता रहा। इसके बावजूद खरीदारी का जोर लगातार बना रहा, जिसकी वजह से ये सूचकांक 410.65 अंक की मजबूती के साथ 21,763.25 अंक तक पहुंच गया। पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के बाद निफ्टी 385 अंक की बढ़त के साथ 21,737.60 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

# भारत अगले तीन साल में बन सकता है दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था




**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2024-25 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 7 फीसदी के करीब रहने की संभावना जताई है। इसके साथ ही मंत्रालय ने कहा कि अगले तीन साल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। वित्त मंत्रालय ने द इंडियन इकोनॉमी: ए रिव्यू 2024 रिपोर्ट में कहा है कि घरेलू मांग की ताकत ने पिछले तीन वर्षों में अर्थव्यवस्था को सात फीसदी से अधिक की वृद्धि दर दी है। वित्त वर्ष 2024-25 में वास्तविक जीडीपी वृद्धि ग्रोथ 7 फीसदी के करीब रहने की संभावना है, जिसकी वित्त वर्ष 2030 तक सात फीसदी से अधिक वृद्धि रहने की बहुत गुंजाइश है। देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन कार्यालय की ओर से तैयार की गई इस समीक्षा रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले तीन साल में पांच लाख करोड़ डॉलर के जीडीपी के साथ भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक सतत सुधारों से भारत का जीडीपी वर्ष 2030 तक सात लाख करोड़ डॉलर का आंकड़ा भी लेगा। वित्त मंत्रालय ने अंतरिम बजट पेश होने से दो दिन पूर्व अर्थव्यवस्था की जनवरी महीने की जारी समीक्षा रिपोर्ट में कहा कि कोरोना महामारी के असर और वृहद-आर्थिक असंतुलन एवं खंडित वित्तीय क्षेत्र वाली विरासत के बावजूद वित्त वर्ष 2023-24 में 3.7 लाख करोड़ डॉलर की अनुमानित जीडीपी के साथ भारत पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है।

## एक नजर

### हरिहरगंज थाना प्रभारी को मिला पुरस्कार

**हरिहरगंज।** बेहतर कार्य करने के लिए पुलिस निरीक्षक सह हरिहरगंज के थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास को गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में डीसी शशि रंजन एवं एसपी रिष्मा रमेशन ने प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया है। विदित हो कि थाना प्रभारी के पद पर हरिहरगंज थाना में श्री दास तीन वर्षों से अधिक समय से कार्यरत हैं। थाना में बेहतर काम करने, मामले का निष्पादन तेजी से करने, विधि व्यवस्था का सफतापूर्वक संचालन करने को लेकर उन्हें सम्मानित किया गया है। थाना प्रभारी के सम्मानित होने पर विभाग के अधिकारियों ने भी उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

### झारखंड में सब कुछ बेचने पर आतुर है सरकार : आप्सू

**मेदिनीनगर।** छात्र संगठन आप्सू के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा सीजीएल की एग्जाम लेने से पहले ही प्रश्न पत्र को मोटी रकम लेकर के बेचने का प्रमाण छात्रों के हाथ लगा है। उन्होंने कहा कि बहुत ही मुश्किल से एक परीक्षा सरकार द्वारा आयोजित की गई। तो सरकार प्रश्न पत्र को बेच रही हैं। छात्रों की झारखंडी होने की पहचान बेच दी गई। छात्रों के लिए किसी भी प्रकार की कोई ठोस नियोजन नीति नहीं बनाई गई और उसके बाद भी यदि छात्रों ने कठिन परिश्रम करके पढ़ाई की तो सरकार प्रश्न पत्र बेचने पर आतुर है। युवाओं के हक अधिकार को मारने वाली सरकार सीजीएल की 28 फरवरी को होने वाली परीक्षा की तीनो पत्र को रद्द नहीं करती है तो आप्सू सड़क से लेकर न्यायलय तक आवाज बुलंद करेगी।

### पेपर लीक पर एबीवीपी ने जताया रोष

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा नगर मंत्री रमाशंकर पासवान की अध्यक्षता में पेपर लीक के विरोध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि इतनी महत्वपूर्ण परीक्षा में पेपर का लीक होना सरकार की विफलता का प्रतीक है। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाली ऐसी सरकार को तत्काल सत्ता छोड़ देनी चाहिए। जनता शिवरात्रि महाविद्यालय कॉलेज अध्यक्ष आकाश वर्मा ने कहा कि हम सभी युवा मिलकर वर्तमान राज्य सरकार को उखाड़ फेंकने का कार्य करें। मौके पर राष्ट्रीय प्रादेशिक विश्वविद्यालय सह संयोजन विनीत पांडे, जिला संयोजक सुमित पाठक, उज्जवल सिंह, बिट्टू सिंह, हेमंत मिश्रा उपस्थित थे।

### आजसू नेता को दी गयी श्रद्धांजलि

**मेदिनीनगर।** आजसू पार्टी बुद्धिजीवी मंच के वरिष्ठ नेता मुकेश चन्द्र वर्मा (मिन्टु वर्मा) के आकस्मिक निधन पर शान्तिपुरी सुदना में कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता आजसू पार्टी बुद्धिजीवी मंच के जिलाध्यक्ष डा. श्यामदेव मेहता ने की। उन्होंने स्व. वर्मा के निधन को अपूर्णनीय क्षति करार दिया।

---

क्षेत्र के चार विद्यालयों को उच्च विद्यालय में किया गया उत्क्रमित

# अब सुदूरवर्ती इलाकों के बच्चे भी पा सकेंगे माध्यमिक शिक्षा

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** प्रखंड के चार विद्यालयों के उच्च विद्यालय में उत्क्रमित होने से अब सुदूरवर्ती क्षेत्र के गरीब विद्यार्थियों को माध्यमिक शिक्षा घर के आसपास ही मिल जाएगी। यह बातें हुसैनाबाद के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश में 140 मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमण करने के प्रस्ताव को स्वीकृति झारखंड कैबिनेट से मिली है। पलामू जिले के नौ मध्य विद्यालयों का उत्क्रमण किया गया है। जिसमे चार विद्यालय हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के शामिल है। जिन विद्यालयों को उत्क्रमित किया गया है। उनमे मध्य विद्यालय डेहरी, मध्य विद्यालय पथरा, मध्य विद्यालय दंगवार व मध्य विद्यालय बिहरा शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी क्षेत्र के विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित कराया जा चुका है। इस माह चार और विद्यालयों के उत्क्रमित होने से संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र को लाभ मिल सकेगा। श्री सिंह ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य सड़क के मामले में हुसैनाबाद-हरिहरगंज क्षेत्र राज्य के अन्य विधानसभा क्षेत्रों से काफी बेहतर है। इस दिशा में लगातार कार्य कराया जा रहा है। सभी प्रखंडों में बालिका आवासीय विद्यालय व जपला के झरहा में कालेज के निर्मित भवन में पठन-पाठन शुरू कराने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही सकारात्मक परिणाम आने की उम्मीद है।

---

तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव अनुष्ठान का समापन, श्रद्धालुओं ने लगाये जयकारे

# सिद्धपीठ देवी मंदिर में माता रानी की भव्य प्राण-प्रतिष्ठा

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** सिद्धपीठ देवी मंदिर में माता प्राण- प्रतिष्ठा के वार्षिकोत्सव को लेकर तीन दिवसीय अनुष्ठान का रविवार को हवन, पूजन व भंडारे के साथ समापन हुआ। वाराणसी से आये विद्वान आचार्य पं.विवेकानंद शुक्ला, भारतेन्दु द्विवेदी व कन्हैया मिश्र ने मंदिर में श्रृंगार के साथ पूजा-आरती की। मंदिर प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष विवेकानंद सिंह, सचिव रामाश्रय सिंह, कोषाध्यक्ष रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि इस मंदिर में गत वर्ष ही गर्भगृह में माता का स्थान ऊंचा करने सहित कई विकास कार्य कराये गये हैं। मुखिया संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में भंडारा प्रसाद का वितरण देर शाम तक कराया गया। रविवार की शाम तीन बजे से श्रीत्रिदंडी स्वामी जी महाराज के शिष्य हेकड़िवा स्वामी जी महाराज ने कथा श्रवण कराते हुए कहा कि श्रीराम कथा जीवन जीने की कला सिखाती है। इसे सुनने मात्र से ही प्रभु की कृपा मिलती है। जहां भगवान श्रीराम की कृपा होती हैं, वहीं रामकथा संभव है। कार्यक्रम के समापन में जिला पार्षद संगीता देवी, पंसस शैलू जायसवाल, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ. अजय जयसवाल, उप-मुखिया पवन कुमार आदि सक्रिय रहे।



अनुष्ठान में शामिल श्रद्धालु।

---

नोनियाडीह में देवी प्राण-प्रतिष्ठा व नवचंडी महायज्ञ का भव्य आगाज

# गाजे-बाजे के साथ निकली जलयात्रा, वातावरण भक्तिमय

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के पथरा पंचायत के चनकार कस्तूरी टोला के नोनियाडीह गांव में देवी प्राण-प्रतिष्ठा व श्रीमाँ दुर्गा नवचंडी यज्ञ को लेकर सोमवार को भव्य जलयात्रा निकाली गई। जलयात्रा की शुरूआत गांव स्थित देवी मंदिर परिसर से की गयी। गाजे-बाजे के साथ निकली जलयात्रा में शामिल श्रद्धालु नोनियाडीह, चनकार कस्तूरी, पोलडीह जगदीशपुर, पोलडीह आदि गांवों का भ्रमण करते हुए गजनधाम स्थित कररबार नदी पहुंचे। जहां आचार्य कृपानाथ पाठक, रजनीश पाठक, रामेश्वर पाठक आदि ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जलभरी की प्रक्रिया पूरी की। इस मौके पर मुखिया नरेश पासवान, कथा वाचक कृष्ण शास्त्री महाराज,लवकुश पासवान, शशिकांत कुमार, गोलू कुमार,अंगद पासवान, धीरज पासवान,मनीज पासवान, अनिल पासवान, विकड कुमार,रविकांत पासवान, जापान कुमार,गया पासवान समेत काफी संख्या में लोग शामिल हुए। वैदिक मंत्रोच्चार की अनुगूंज से पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया है। महायज्ञ के दौरान भक्तों को श्रीराम कथा श्रवण का भी सौभाग्य हासिल होगा।



---

### सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में 250 परीक्षार्थी शामिल

**मेदिनीनगर।** एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल में सैनिक स्कूल में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। इसमें 250 परीक्षार्थी शामिल हुए। कक्षा छह व नौ में प्रवेश परीक्षा के लिए 257 विद्यार्थी पंजीयकृत थे। जिसमें कक्षा छह में 194 परीक्षार्थी शामिल हुए। वर्ग नौ में 56 परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित हुए। जबकि एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। सीटी को-ऑडिनेटर प्राचार्य सह झारखंड जोन के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ जीएन खान व केंद्राधीक्षक आलोक कुमार की देखरेख में परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। प्राचार्य ने कहा कि एनटीए ने अखिल भारतीय स्तर पर प्रवेश परीक्षा का इस स्कूल को केंद्र बनाना पूरे पलामू के गौरव की बात है। इस केंद्र पर पलामू, लातेहार, गढ़वा के परीक्षार्थी शामिल हुए।

---

# बसपा का कार्यकर्ता प्रशिक्षण सह सेक्टर समीक्षा चार फरवरी को



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** प्रखंड के कौवाखोह स्थित बसपा प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र कुमार रवि के आवास पर सोमवार को हरिहरगंज व पिपरा प्रखंड के बसपा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता हरिहरगंज प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र कुमार रवि तथा संचालन पिपरा प्रखंड अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने किया। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी चार फरवरी पूर्वाह्न 11 बजे से गौतम बुद्धा पब्लिक स्कूल में कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर सह सेक्टर समीक्षा बैठक का आयोजन किया जाएगा। बसपा प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र कुमार रवि ने बसपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों से अपील की है कि उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनायें। इस मौके पर बसपा जिला अध्यक्ष अजय कुमार भारती, पूर्व प्रदेश सचिव राजकुमार गौतम, विधानसभा प्रभारी रामनारायण राम, विधानसभा अध्यक्ष प्रमोद राम, बसपा के वरिष्ठ नेता प्रणव कुमार सुमन, जिला बीवीएफ रविशंकर राम, बसपा वरिष्ठ नेता पंसस प्रतिनिधि रवि रौशन कुमार, बसपा नेता कृष्णा राम उपस्थित थे।

---

उपायुक्त ने की स्पर्श कार्यक्रम टास्क फोर्स की बैठक , दी जानकारी

# सबके सहयोग से कुष्ठ रोग मुक्त होगा पलामू



बैठक करते डीसी

### 13 फरवरी तक चलेगा स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त-सह -जिला दंडाधिकारी शशि रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को स्पर्श कार्यक्रम के टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने कुष्ठ रोग से संबंधित मरीजों की जानकारी ली और कुष्ठ पीड़ित मरीजों के बेहतर इलाज के लिये संबंधित को आवश्यक निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होंने जिले में चिन्हित कुष्ठ रोग पीड़ितों को संबंधित सहिया से मिलकर दवा सेवन का परामर्श दिया। इसके लिये उन्होंने कुष्ठ निवारण पदाधिकारी को निर्देशित भी किया। उन्होंने जिले को कुष्ठ रोग मुक्त बनाने के लिए 30 जनवरी से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान व्यापक रूप से चलाने का निर्देश दिया। कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए संबंधित विभागों के पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ काम करें। बैठक में उप विकास आयुक्त रवि आनंद, नगर आयुक्त जावेद अख्तर, समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, कुष्ठ रोग निवारण पदाधिकारी, डिस्ट्रिक्ट लेप्रोसी कंसलटेंट डॉ मृत्युंजय मेहता,डॉ अनूप सहित अन्य उपस्थित थे।

**जिले में 30 जनवरी का दिन स्पर्श डे के रूप में मनाया जायेगा**

#### सभी स्कूलों में चलेगा जागरूकता अभियान

स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के दौरान ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के सभी सरकारी स्कूलों में प्राचार्य द्वारा कुष्ठ रोग से संबंधित आम सवाल-जवाब व भ्रांतियों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में कुष्ठ निवारण पदाधिकारी श्री सिंह ने बताया कि जिले में वर्तमान में कुल 512 कुष्ठ के मरीज हैं।

#### शरीर पर सुन्न दाग कुष्ठ रोग की पहचान



जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. विजय सिंह ने बताया कि सुन्न दाग व धब्बों का ज्ञान ही कुष्ठ रोग की पहचान है। इस अभियान में कुष्ठ रोग के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए दीवाल लेखन,नुक्कड़ नाटक, क्विज प्रतियोगिता,जनसंदेश,पम्पलेट्स इत्यादि के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 30 जनवरी का दिन स्पर्श डे के रूप में मनाया जाएगा। उस दिन जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में कुष्ठ जागरूकता के लिए जिला दण्डाधिकारी का संदेश पढ़ा जाएगा और सभी ग्राम सभाओं में ग्राम प्रधानों का संदेश उनके द्वारा पढ़ कर लोगों को सुनाया जाएगा।

---

सिलेबस से बाहर के प्रश्न आने पर हंगामा

# भौतिकी परीक्षा का बहिष्कार

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय की सोमवार को होने वाली भौतिक शास्त्र की परीक्षा का परीक्षार्थियों ने बॉयकॉट किया। करीब 600 परीक्षार्थियों ने भौतिक शास्त्र की परीक्षा देने से मना कर दिया। उनकी शिकायत थी कि प्रश्न पत्र सिलेबस से बाहर के थे। सोमवार को सत्र 2020-23 छठे सेमेस्टर भौतिक शास्त्र के कोर पेपर चतुर्थ की परीक्षा थी। परीक्षार्थी अपने-अपने निर्धारित स्थानों पर बैठ भी चुके थे। प्रश्न पत्र बांटने के बाद विरोध और हंगामा शुरू हो गया। छात्रों का कहना था कि सारे प्रश्न सिलेबस से बाहर के हैं। दूसरी तरफ जीएलए कॉलेज में भी 60 भौतिक शास्त्र की विद्यार्थियों ने परीक्षा का बॉयकॉट किया। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक एनके दीपक ने बताया कि भौतिक शास्त्र की परीक्षा को रद्द कर दिया गया है।

---

## पेज एक के शेष

### सीएम प्रोटोकॉल तोड़कर ...

दिल्ली पुलिस ढूंढ़ रही है। मुख्यमंत्री की सुरक्षा के साथ इतनी बड़ी लापरवाही का कोई दूसरा उदाहरण नहीं हो सकता। कहा कि इससे चिंताजनक और लज्जाजनक क्या हो सकता है कि संवैधानिक पद पर बैठा एक राज्य का मुख्यमंत्री प्रोटोकॉल तोड़कर चोर-डकैत की तरह फरार हो जाय राज्य को भगवान भरोसे छोड़ दे। कहा कि मुख्यमंत्री की फरारी में राज्य का नेतृत्वकर्ता कौन? यह संवैधानिक सवाल अहम है।

### बच्चे के रिपोर्ट कार्ड को...

उपयोग करना चाहिए, इसका विवेक होना बहुत जरूरी है। टेक्नोलॉजी से हमें दूर नहीं भागना चाहिए, बल्कि उसका सकारात्मक उपयोग करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने मां के खाने का उदाहरण देते हुए कहा कि मां ने बहुत बढ़िया खाना बनाया है। वह पोषक तत्वों से भरपूर है, उसके कई लाभ हैं, आपको वह डिश पसंद भी है, वह खाने का सही वक्त भी है, मगर एक सीमा के बाद आपको अपना प्रिय भोजन भी खाना बंद करना पड़ेगा। क्योंकि अगर ऐसा नहीं किया तो उससे पेट दर्द, उल्टी जैसी समस्या हो जायेगी।

**घर में एक कमरे को 'नो गैजेट जोन' बनाएं :** प्रधानमंत्री ने कहा कि एक ही घर में चार लोग बैठे हैं, मगर वो एक-दूसरे से बात करने के बजाय उन्हें मोबाइल पर मैसेज भेजते हैं। इसके पीछे सीक्रेसी भी बड़ा कारण है। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि खाना खाते समय डाइनिंग टेबल पर कोई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट नहीं होगा। सब लोग खाना खाते समय गप मारेंगे, बातें करेंगे। घर में एक कमरे को 'नो गैजेट जोन' होना चाहिए, ताकि उस कमरे में आकर घर के सभी सदस्य एक समय पर बिना मोबाइल के बातचीत करें। तकनीक को बोझ मानकर उससे दूर भागना नहीं चाहिए। तकनीक का सही उपयोग सीखना जरूरी है। प्रधानमंत्री ने स्कूली बच्चों को सलाह देते हुए कहा कि अपने माता-पिता को भी बढ़ते तकनीक से अवगत कराये, उन्हें जागरूक करें। अगर आप माता-पिता को समझाने का प्रयास करेंगे कि आप मोबाइल पर सिर्फ दोस्तों से बात नहीं कर रहे हैं, तकनीक का उचित इस्तेमाल भी कर रहे हैं। तभी वे आपके ऊपर भरोसा कर पाएंगे। मोबाइल का लॉक पासवर्ड घर के हर सदस्य को मालूम होना चाहिए।

### कल से 9 फरवरी तक के ...

निकालकर आवेदक को बताए गये समय पर, आधार कार्ड के साथ संसद भवन के उस गेट पर जहां पास बनता है, पहुंचना होगा। जहां एंट्री प्वाइंट पर क्यू आर कोड को दिखाकर अंदर जाने की अनुमति लेना होगा। अन्दर रिसेप्शन पर आवेदक का बायोमेट्रिक किया जाएगा तथा फोटो भी लिया जाएगा। यह करने के बाद उसको एक स्मार्ट कार्ड दिया जाएगा। स्मार्ट कार्ड लेकर दर्शक दीर्घा के एंट्री प्वाइंट पर जाना व वहां लगे मशीन पर कार्ड को टैप करना होगा। इसके बाद जब गेट खुलेगा तब वह अंदर जा सकेगा। उसे वापसी में उस स्मार्ट कार्ड वापस जमा करना होगा। यदि वह कार्ड कहीं खो गया , या वापस नहीं किया तो उसको हमेशा के लिए ब्लैक लिस्टेड कर दिया जाएगा। वह फिर कभी संसद भवन में प्रवेश नहीं कर सकेगा। इस नई व्यवस्था में सांसदों को भी अपने किसी के लिए विजिटर पास बनवाने के लिए तीन दिन पहले आवेदन करना होगा ताकि पुलिस वेरिफिकेशन हो सके। जिस दिन संसद में बजट पेश किया जाएगा, उस दिन के लिए सांसद मात्र एक पास जारी कर सकते हैं। इसमें भी सांसद की पत्नी या पति को प्राथमिकता दी जाएगी। सांसद अपने किसी के लिए, गैलरी पास के लिए केवल ऑनलाइन ही आवेदन कर सकते हैं।

---

**चिंताजनक** | जिले में दिन-प्रतिदिन घटते भूजल स्तर की गंभीर चिंताओं के बीच

# चैनपुर में आहर का अतिक्रमण कर बनाया जा रहा मकान

### सीओ ने रोकवाया काम, कर रहे कागजातों की जांच

### आहर का अस्तित्व मिटा तो होगी जल त्रासदी की स्थिति : ग्रामीण

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** घटता भूजल स्तर आज हर किसी के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गया है। रेन शेडो एरिया होने के कारण पलामू पहले से ही जल संकट का दंश झेलता रहा है। अनावृष्टि के कारण अकाल व सुखाड़ की विभीषिका पलामू की पहचान बन चुकी है। खेती के अलावे पीने के पानी की भी समस्या दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। इससे बचने के लिए पानी को बचाने पर जोर दिया जा रहा है। भू-जल स्तर को बनाये रखने के लिए जलस्रोतों के संरक्षण व संवर्धन पर जोर दिया जा रहा है। लेकिन जल संरक्षण की सारी कवायदें कागजों व भाषणों तक ही सिमट कर रह गई है। जल व जलश्रोतों के संरक्षण के प्रति जन जागरूकता के लिए शासन-प्रशासन द्वारा हर वर्ष पानी की तरह बहाया जा रहा पैसा पानी में ही जा रहा है। क्योंकि पलामू में धरातल की कहानी अलग सच्चाई बयां कर रही है। यहां भू-जल का दोहन दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है, लेकिन जल या जलश्रोतों के संरक्षण की अनदेखी की जा रही है। भूमि माफिया नदी,तालाब व अन्य जलाशयों की भूमि का अतिक्रमण कर उसे बेचने में लगे हैं और शासन प्रशासन के लोग आँख मूंदे हैं। वैसे तो यह स्थिति पूरे जिले में है, किन्तु ताजा मामला प्रमण्डलीय मुख्यालय से सटे नगर निगम के चैनपुर क्षेत्र का है। यहां कपूरी ठाकुर चौक से सटे मुख्य सड़क के किनारे स्थित वर्षों पुराने आहर का अतिक्रमण कर उसमें लगातार मकान बनाये जा रहे हैं। अतिक्रमण से इस आहर का रकबा लगातार घट रहा है। वर्तमान में भी आहर में निर्माण का कार्य धड़ल्ले से चल रहा है। कहा जा रहा है कि निर्माण स्थल की भूमि रैयती है। जबकि देखकर ही स्पष्ट है कि आहर की भूमि में निर्माण कराया जा रहा है। हैरत तो यह है कि यह आहर अंचल कार्यालय से महज ही कुछ दूरी पर स्थित है। इससे स्थानीय लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ रही है। लोग बताते हैं कि यही हाल रहा तो इस आहर का अस्तित्व मिट जायेगा। जिसके बाद आसपास के जलस्तर के घटने से लोगों को जल त्रासदी जैसी स्थिति झेलनी पड़ेगी।



आहर में हो रहा निर्माण कार्य

**बोले सीओ :** इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर चैनपुर के अंचल अधिकारी संजय कुमार बाखला ने कहा कि जानकारी मिलने पर आहर में कराये जा रहे निर्माण कार्य को फिलहाल रोक दिया गया है। सम्बंधितों से भूमि के कागजातों की मांग की गई है। जिसकी जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि खतियान में दर्ज भूमि की किस्म के आधार पर कार्रवाई होगी।

#### जलस्रोत का अतिक्रमण गलत : कमरुद्दीन

झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष कमरुद्दीन अंसारी ने कहा कि किसी भी जलश्रोत का अतिक्रमण बिल्कुल गलत है। जिला प्रशासन को इसके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जल संकट बढ़ रहा है। ऐसी स्थिति में जलाशयों का संरक्षण जरूरी है।

#### हाई कोर्ट से जारी हो चुका है निर्देश

विदित हो कि तीन वर्ष पूर्व झारखंड हाईकोर्ट ने किसी भी स्थिति में नदी, डैम, तालाब और अन्य जलाशयों पर अतिक्रमण नहीं होने देने का निर्देश सरकार को दिया है। चीफ जस्टिस डॉ. रवि रंजन और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने पिछले वर्षों में कई जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह बात कही थी। अदालत ने कहा था कि जल स्रोतों को संरक्षित किया जाना चाहिए और इसे बर्बाद करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दांतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### प्रधानमंत्री मोदी 11 फरवरी को यवतमाल का करेंगे दौरा

**मुंबई।** प्रधानमंत्री 11 फरवरी को महाराष्ट्र के यवतमाल का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री के इस संभावित दौरे को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने एक आपातकालीन बैठक बुलाकर तैयारी की समीक्षा की। प्रधानमंत्री मोदी के यवतमाल दौरे के मद्देनजर पुलिस, राजस्व समेत 25 विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री की सभा यवतमाल में अब तक तय नहीं की गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 फरवरी को यवतमाल में महिला स्वयं सहायता समूह के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### कर्नाटक में एलपीजी सिलेंडर फटने से दो की मौत

**बेलगावी (कर्नाटक)।** कर्नाटक के बेलगावी शहर में सोमवार को एलपीजी गैस सिलेंडर विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना शहर के बसवनगल्ली इलाके के एक अपार्टमेंट में हुई। मृतकों की पहचान 80 वर्षीय कामाक्षी भट्ट और 27 वर्षीय हेमंत भट्ट के रूप में की गई है। मृतक राज्य के उडुपी जिले के रहने वाले थे। फ्लैट में मौजूद अन्य तीन लोगों को भी चोटें आई हैं। इनमें से दो की हालत गंभीर है, उनका इलाज निजी अस्पताल में किया जा रहा है।

### विदेश सचिव 3 दिवसीय यात्रा पर भूटान जायेंगे

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा सोमवार से पड़ोसी देश भूटान की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। मंत्रालय का कहना है कि यात्रा दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय आदान-प्रदान के क्रम का हिस्सा है। विदेश सचिव अपनी यात्रा के दौरान भूंग के किंग और प्रधानमंत्री से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा भूटान के विदेश सचिव एवं अन्य अधिकारियों से वार्ता करेंगे।

### दिल्ली में अंगीठी के धुएं से दम घुटने से मां-बेटे की मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली में अपने घर में अंगीठी के कारण दम घुटने से 23 वर्षीय एक महिला और उसके दो वर्षीय बेटे की मौत हो गई, जबकि परिवार के तीन अन्य सदस्यों की तबीयत खराब हो गई। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान असोला निवासी अंजलि और उसके बेटे शंभू के रूप में हुई।

### बांग्लादेश में अस्पताल से दुष्कर्म पीड़ित युवती का अपहरण

**ढाका।** बांग्लादेश के खुलना मेडिकल कॉलेज अस्पताल के वन-स्टॉप क्राइसिस सेंटर (ओसीसी) से दुष्कर्म पीड़ित युवती का अपहरण कर लिया गया। अपहर्ता उसे और उसकी मां को जबरदस्ती छोटी कार में ठूंस कर ले गए। यह वारदात रविवार दोपहर की बताई गई है।

### जॉर्डन ने की सीरिया की सीमा पर 'आतंकवादी' हमले की निंदा

**अम्मान।** जॉर्डन ने सीरिया के साथ अपनी सीमा पर 'आतंकवादी' हमले की निंदा की है, जिसके परिणामस्वरूप तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत हो गई। राज्य के प्रधान मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में कहा कि हमले में अमेरिकी बलों के दर्जनों लोग भी घायल हुए हैं, जो जॉर्डन की सीमाओं पर आतंकवाद के खतरे का मुकाबला करने में जॉर्डन के साथ सहयोग कर रहे हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को नई दिल्ली के विजय चौक पर बीटिंग रिट्रीट समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने मनमोहक नजारों, पाइप्स और ड्रम बैंड के प्रदर्शन का लुत्फ उठाया। मालूम हो कि गणतंत्र दिवस समारोह के औपचारिक समापन के रूप में बीटिंग रिट्रिट का आयोजन होता है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने 'देश रंगीला' गाने पर मिस्र की लड़की करीमन की 'सुमधुर' प्रस्तुति को सराहा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में संपन्न 75वें गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान मिस्र की एक लड़की करीमन द्वारा गाए गए मधुर गीत 'देश रंगीला' की सोमवार को सराहना की। उन्होंने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। करीमन ने मिस्र में भारतीय दूतावास में शानदार भारतीय पोशाक पहनकर देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया था। भारतीय दूतावास ने रविवार को उसके प्रदर्शन की एक क्लिप को कैप्शन के साथ ट्वीट किया, मिस्र की एक युवा लड़की करीमन ने 'इंडिया हाउस' में 75वें गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान देशभक्ति गीत 'देश रंगीला' प्रस्तुत किया। उनके मधुर गायन और सही स्वर-शैली ने भारतीयों और मिस्रवासियों की बड़ी सभा को प्रभावित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने करीमन का वीडियो शेयर करते हुए लिखा, मिस्र से करीमन की यह प्रस्तुति मधुर है! मैं उन्हें इस प्रयास के लिए बधाई देता हूं और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

# सामाजिक-आर्थिक न्याय के बिना देश का विकास नहीं हो सकता: राहुल गांधी

**एजेंसी। पटना**

बिहार में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पहले दिन राहुल गांधी ने कहा कि देश तभी विकसित होगा, जब लोगों को सामाजिक और वित्तीय न्याय मिलेगा। बिहार के किशनगंज जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए, कांग्रेस नेता ने कहा, मैं भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए यहां बिहार आया हूं।

जब मैंने कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा शुरू की और 4000 किमी की यात्रा की, तो कई लोगों ने कहा कि हमारी यात्रा उस भूमि पर नहीं गई, जो सामाजिक न्याय के लिए जानी जाती है। उन्होंने मुझसे पूर्वोत्तर क्षेत्र से महाराष्ट्र तक एक और यात्रा करने के लिए कहा और मैंने स्वीकार कर लिया और भारत जोड़ो यात्रा में न्याय जोड़कर मणिपुर से महाराष्ट्र तक यात्रा शुरू करने का फैसला किया।

मैं मणिपुर से आया हूं और बीजेपी की विचारधारा को करीब से देखा हूं। मैं मणिपुर के लोगों से बातचीत करता हूं। वह राज्य सात महीने से बीजेपी और आरएसएस की विभाजनकारी विचारधारा के कारण जल रहा है। उन्होंने मणिपुर में लोगों को दो समुदायों में बांट दिया है। हालात ऐसे हैं कि दोनों पक्ष एक-दूसरे के दुश्मन बने हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि देश के प्रधानमंत्री पिछले सात महीनों से वहां नहीं गए हैं। दो भाइयों के बीच झगड़ा कराना बीजेपी और आरएसएस की विचारधारा है.' वे नफरत की राजनीति में विश्वास करते हैं और इसलिए हमने 'मोहब्बत की दुकान' के बारे में बात की है। गांधी ने कहा, नफरत को नफरत से खत्म नहीं किया जा सकता यह केवल प्यार से ही खत्म होता है और मैंने मोहब्बत की दुकान के बारे में बात की है।"

गांधी ने कहा, अब हम बिहार आए हैं जो सामाजिक न्याय की भूमि है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि देश तभी विकसित होगा, जब प्रत्येक देशवासी को सामाजिक और वित्तीय न्याय मिलेगा। इसलिए, मैं देश में लोगों के सामाजिक और वित्तीय न्याय की बात कर रहा हूं। जब भी सामाजिक न्याय की चर्चा शुरू होती है, तो लोग बिहार की ओर देखते हैं, इसलिए यह बिहार के लोगों की जिम्मेदारी है कि वे सामाजिक न्याय के बारे में जागरूकता पैदा करें और इसके लिए लड़ें। गांधी ने कहा, वर्तमान में, नरेंद्र मोदी ने देश के दो-तीन उद्योगपतियों को सारा पैसा दे दिया है। उन्होंने सभी हवाई अड्डों, बंदरगाहों, रेलवे, औद्योगिक इकाइयों और अन्य का अधिग्रहण कर लिया है। इनके लिए सभी बैंक, पीएमओ और अन्य सरकारी कार्यालय खुले हैं, लेकिन आम लोगों के लिए ये संस्थान बंद हैं। आम लोगों के लिए उनके पास नोटबंदी, जीएसटी, बैंक बंदी है। यह नरेंद्र मोदी सरकार की वास्तविकता है। गांधी ने कहा,मैं आपको यह भी बताना चाहता हूं कि देश में ओबीसी समुदाय 50 प्रतिशत है, लेकिन जब भागीदारी की बात आती है, तो उनके हाथ में कुछ भी नहीं है।



### बंगाल से बिहार पहुंची न्याय यात्रा, 31 को होगी वापसी

कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा सोमवार को बिहार में प्रवेश कर गई। उत्तर बंगाल के दार्जिलिंग में सोमवार को यात्रा शुरू हुई और यहीं से बिहार पश्चिम बंगाल की सीमा से किशनगंज में यात्रा का प्रवेश हुआ है। राहुल गांधी की यह यात्रा 31 जनवरी को किशनगंज के रास्ते होते हुए एक बार फिर पश्चिम बंगाल के मालदा में प्रवेश करेगी और मुर्शिदाबाद से होकर गुजरेगी।

### बंगाल में प्रशासनिक बाधाओं का सामना कर रहा है 'भारत जोड़ो यात्रा' का दूसरा चरण

**कोलकाता।** कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा प्रशासनिक बाधाओं का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह 31 जनवरी से मालदा से अपने दूसरे चरण में प्रवेश करेगी। पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता के अनुसार, 31 जनवरी को मालदा जिले के भालुका में राज्य सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में राहुल गांधी के लिए दोपहर के भोजन की मेजबानी करने के कांग्रेस राज्य नेतृत्व के प्रस्ताव को राज्य प्रशासन ने खारिज कर दिया है। राज्य कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राज्य प्रशासन ने कहा है कि चूंकि सीएम ममता उस दिन एक प्रशासनिक समीक्षा कार्यक्रम के लिए मालदा में होंगी, इसलिए सभी राज्य संचालित गेस्ट हाउस उस दिन किसी भी तीसरे पक्ष के लिए प्रतिबंधित रहेंगे। इसी तरह कांग्रेस को मुर्शिदाबाद जिले के बहरामपुर शहर के बहरामपुर स्टेडियम में एक फरवरी को एक बैठक आयोजित करने की अनुमति अभी तक नहीं मिली है। इस मामले में भी मुर्शिदाबाद जिला प्रशासन ने उस दिन जिले में ममता की मौजूदगी बताई है।

#### डार्क वेब ड्रग मामला : भारतीय नागरिक ने कबूला अपराध

## क्रिप्टो में 150 मिलियन डॉलर जब्त



**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

भारतीय नागरिक ने डार्क वेब मार्केटप्लेस पर नियंत्रित पदार्थ बेचने और 150 मिलियन डॉलर प्राप्त करने की बात स्वीकारी है। इसे अमेरिकी ड्रग एन्फोर्समेंट एडमिनिस्ट्रेशन के इतिहास में क्रिप्टोकरेंसी की सबसे बड़ी जब्ती माना जा रहा है। उत्तराखंड के हल्द्वानी के रहने वाले 40 वर्षीय बनमीत सिंह को पिछले सप्ताह कोलंबस अदालत के समक्ष नियंत्रित पदार्थों को वितरित करने और मनी लॉन्ड्रिंग की साजिश रचने का दोषी ठहराया गया। न्याय विभाग की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि साजिश के दौरान, सिंह ड्रग संगठन ने पूरे अमेरिकी राज्यों में सैकड़ों किलोग्राम नियंत्रित पदार्थ स्थानांतरित किए। ऐसा करते हुए, उसने एक मल्टीमिलियन-डॉलर ड्रग उद्यम की स्थापना की, जिसने क्रिप्टोकरेंसी अकाउंट में लाखों डॉलर की ड्रग आय को वैध बनाया, जिसकी कीमत लगभग 150 मिलियन डॉलर हो गई। अदालती दस्तावेजों के अनुसार, उसने फेंटेनाइल, एलएसडी, एक्स्टसी, जैनैक्स, केटामाइन और ट्रामाडोल सहित नियंत्रित पदार्थ बेचने के लिए सिल्क रोड, अल्फा बे, हंसा और जैसे अन्य डार्क वेब मार्केटप्लेस पर विक्रेता विपणन साइटें बनाईं।


न्यूयॉर्क में 2022 की बर्बर घटनाओं के बाद मेयर ने हिंदू मंदिर के बाहर गांधी प्रतिमा का किया अनावरण

#### आईएनडीआई गठबंधन पर भाजपा का हमला, कहा

## गठबंधन में विश्वास की भारी कमी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के वापस राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल होने का कारण बताते हुए भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने आईएनडीआई गठबंधन पर तीखा हमला बोला है। सोमवार को मीडिया से बातचीत में रविशंकर प्रसाद ने कहा कि आईएनडीआई गठबंधन में विश्वास की कमी थी। जब गठबंधन पार्टी को एक-दूसरे से बात करनी चाहिए थी, तब कांग्रेस अपनी यात्रा में व्यस्त थी। कांग्रेस ने अपना पुराना आकर्षण खो दिया है लेकिन उसका अहंकार अभी भी चरम पर है। उन्होंने कहा कि बिहार में जिस तरह से कानून-व्यवस्था चरमरा गई थी, उससे नीतीश कुमार नाखुश थे। जिस तरह से बिहार में 'जंगलराज' की वापसी हो रही थी। लूटपाट, हत्या, बलात्कार, अपहरण और अन्य घटनाएं बढ़ रही थीं, इन चीजों को होने देने की उनकी भी एक सीमा है।


### न्यूजक्लिक के संपादक, एचआर प्रमुख की न्यायिक हिरासत 17 फरवरी तक बढ़ी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को मीडिया आउटलेट न्यूजक्लिक पर लगे आरोपों पर यूएपीए के प्रावधानों के तहत दर्ज मामले में इसके संस्थापक-संपादक प्रबीर पुरकायस्थ और एचआर प्रमुख अमित चक्रवर्ती की न्यायिक हिरासत 17 फरवरी तक बढ़ा दी। इन पर चीन के समर्थन में प्रचार प्रसार के लिए पैसे लेने का आरोप है।

# कृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह विवाद पर सुनवाई स्थगित

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद से संबंधित कई याचिकाओं पर सुनवाई स्थगित कर दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, ₹सभी पक्षों के अनुरोध पर इसे अप्रैल 2024 में फिर से सूचीबद्ध करें। इस बीच, पार्टियां दलीलें पूरी कर लेंगी। पीठ ने पक्षों से प्रत्येक मामले में तीन पेज की लिखित दलीलें दाखिल करने को कहा। पक्ष सुप्रीम कोर्ट के दूसरे केसों का हवाला दे सकते हैं। इसके अलावा, इसने आदेश दिया: अंतरिम आदेश, जहां भी दिए गए हों, लिस्टिंग की अगली तारीख तक जारी रह सकते हैं। 16 जनवरी को पारित एक अंतरिम आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा विवादित स्थल के निरीक्षण के लिए आयुक्त की नियुक्ति के लिए हिंदू भक्तों के आवेदन को अनुमति देने के खिलाफ शाही ईदगाह मस्जिद प्रबंधन समिति द्वारा दायर याचिका पर आयोग के कार्यान्वयन को रोक दिया था। हालांकि, इसने स्पष्ट किया था कि उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित मुकदमे की कार्यवाही जारी रह सकती है।

### ज्ञानवापी : हिंदू पक्ष ने एससी में दाखिल की याचिका

ज्ञानवापी मामले पर हिंदू पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। याचिका में एएसआई को निर्देश देने की मांग की गई है कि बिना शिवलिंग को नुकसान पहुंचाए वजूखाने का सर्वे करने का निर्देश दिया जाए। हिंदू पक्ष का कहना है कि कोर्ट एएसआई के डीजी को निर्देश दे कि शिवलिंग के आसपास की दीवार को हटाया जाए और शिवलिंग को नुकसान पहुंचाये बिना वैज्ञानिक सर्वे को अंजाम दिया जाए। हिंदू पक्ष ने 19 मई, 2023 को दिए उस आदेश को वापस लेने की मांग की है, जिसके तहत सुप्रीम कोर्ट ने शिवलिंग वाली जगह के वैज्ञानिक सर्वे के इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी।

#### चेतावनी — अरब सागर में ईरानी जहाज का अपहरण

# भारत ने समुद्री डाकुओं को खदेड़ा

**समुद्री लुटेरों को निहत्था करके सोमालिया की ओर जाने के लिए कहा गया**

**एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टरों ने अपहृत जहाज को चारों ओर से घेरकर दी चेतावनी**

**एजेंसी। नई दिल्ली**



अरब सागर में कोच्चि से 700 समुद्री मील दूर पश्चिम में सोमालियाई समुद्री डाकुओं ने मछली पकड़ने वाले ईरानी जहाज एमवी इमान का अपहरण कर लिया। जहाज पर सवार 17 क्रू सदस्यों और अपहृत मछुआरों को बचाने के लिए भेजे गए भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने सोमालिया के समुद्री डाकुओं को खदेड़ दिया है।

अरब सागर में कोच्चि से 700 समुद्री मील पश्चिम में सोमालियाई समुद्री डाकुओं ने लगभग 17 क्रू सदस्यों वाले ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज एमवी इमान को अपहृत कर लिया था। भारतीय रक्षा अधिकारियों ने सोमवार को दोपहर में बताया कि अपहृत मछुआरों को बचाने के लिए भारतीय युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा को भेजा गया। युद्धपोत ने अपहृत इस जहाज को बचाने के लिए तत्काल ऑपरेशन शुरू किया।

रक्षा अधिकारियों ने बताया कि भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने मछली पकड़ने वाले जहाज इमान को सोमालियाई समुद्री लुटेरों से सुरक्षित बचा लिया है। समुद्री लुटेरों को निहत्था कर दिया गया है और सोमालिया की ओर बढ़ने को कहा गया है। युद्धपोत पर मौजूद एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टरों ने अपहृत जहाज को चारों ओर से घेर लिया था, ताकि उस पर मौजूद समुद्री डाकुओं को चेतावनी दी जा सके। ईरानी जहाज को बचाने के बाद भारतीय युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा अब इलाके से बाहर निकल गया है।

### पाक के 90,675 मतदान केंद्रों में आधे से ज्यादा संवेदनशील

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव के मद्देनजर स्थापित किए जा रहे अधिकांश मतदान केंद्रों को संवेदनशील या अत्यधिक संवेदनशील घोषित किया गया है। देश के कुल 90,675 मतदान केंद्रों में से 46,065 को संवेदनशील के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इनमें से 18,437 अत्यधिक संवेदनशील हैं। डॉन अखबार की रिपोर्ट में इस पर विस्तृत चर्चा की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, पंजाब में 'संवेदनशील' और 'सबसे संवेदनशील' मतदान केंद्रों की कुल संख्या 18,620 है। इनमें से 6,040 को सर्वाधिक संवेदनशील के रूप में वर्गीकृत किया गया है। पंजाब के कुल 50,944 मतदान केंद्रों में से 32,000 से अधिक को 'सामान्य' घोषित किया गया है। सिंध में 6,545 'संवेदनशील' और 6,524 'सबसे संवेदनशील' मतदान केंद्र हैं। प्रांत के कुल 19,006 मतदान केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं।

#### फिल्म जगत

## लाइव सिंगिंग परफॉर्मेंस को लेकर इमोशनल हुईं परिणीति चोपड़ा, कहा- 'वैसा ही हुआ, जैसी उम्मीद थी'



**मुंबई।** एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा ने लाइव सिंगिंग की शुरूआत की और कहा कि इस परफॉर्मेंस में वह सब कुछ था जो वह चाहती थीं। परिणीति ने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें साझा कीं, जिसमें उनके कॉन्सर्ट की झलक है। उन्होंने एक वीडियो भी शेयर कर बताया कि ये परफॉर्मेंस इसलिए खास है क्योंकि उन्होंने अपने शहर मुंबई में परफॉर्म किया है। तस्वीरों को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, "और यह हो गया। जब मैं इसे लिख रही हूं तो मेरी आंखों में आंसू आ गए। मेरा अब तक का पहला लाइव सिंगिंग परफॉर्मेंस कल रात थी। ये वो सब कुछ था, जिसकी मैं उम्मीद कर रही थी। आप सभी ने जो प्यार दिखाया, उसके लिए आपका धन्यवाद। ये मेरे लिए बहुत मायने रखता है।" इस महीने की शुरूआत में, परिणीति ने साझा किया था कि अब उनके दो करियर हैं - एक्टिंग और उनकी म्यूजिकल जर्नी। वर्कफ्रंट की बात करें तो परिणीति की अगली फिल्म 'चमकीला' है, जिसमें उनके साथ दिलजीत दोसांझ दिखाई देंगे।